kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-161 ❑ रविवार, 13 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



जब सपा सरकार थी, तब इसका उदाहरण देखा जा चुका है। उस समय न तो पिछड़ों की चिंता थी, न दलितों की, न ही अति पिछड़ों की, केवल तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। वे एसी कमरों में बैठकर केवल सोशल मीडिया की राजनीति कर रहे हैं। उन्हें धरातल की कोई जानकारी नहीं है।

**केशव प्रसाद मौर्य**

बिहार में 80 प्रतिशत मतदाताओं के गणना-फार्म प्राप्त हो चुके हैं: आयोग 11

मुख्यमंत्री ने सीलमपुर हादसे में दो लोगों की मौत पर दुख जताया 12

## संक्षेप

### 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल है। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर.1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा भी है जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपती भी हैं जो हिंसा का रास्ता छोड़कर, मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे। दरअसल, बस्तर में पहली बार एक साथ 1.18 करोड़ के इनामी नक्सलियों का सरेंडर हुआ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक डीवीसीएम, छह पीपीसीएम, चार एसीएम और 12 पार्टी सदस्य हैं।

### एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में संशोधन की जरूरत नहीं : नचियप्पन

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ई एम एस नचियप्पन ने संसद की एक समिति को बताया है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता नहीं है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में बदलाव कानूनी रूप से इसके कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त हो सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### नासा का एक्सिओम मिशन 4 दल अगले सप्ताह लौटेगा धरती पर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बताया है कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए चौथी निजी अंतरिक्ष यात्री उड़ान 14 जुलाई को परिक्रमा प्रयोगशाला से रवाना होकर पृथ्वी पर वापस लौटेगी। नासा की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के मुताबिक चार सदस्यीय दल स्थानीय समय के अनुसार लगभग 7:05 बजे (जीएमटी समय 11:05) पर आईएसएस से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से रवाना होगा और कैलिफोर्निया के तट के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा। एक्सिओम मिशन 4 नामक इस मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया गया था। इस दल में नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री और एक्सिओम स्पेस में मानव अंतरिक्ष उड़ान निदेशक पैगी व्हिटसन, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोजेक्ट अंतरिक्ष यात्री पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के ऑर्बिट अंतरिक्ष यात्री टिबोर कापू शामिल हैं।

# दोनों इंजन बंद हुए, एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है। पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया।

दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएसआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था- 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे। एएसबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुनः आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊँचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुनः आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुनः चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊँचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के इंजन दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकेंड भर ● शेष पेज 11 पर



### 625 फीट की उंचाई से गिरा था विमान

रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान ने 12 जून की दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी थी। विमान का आखिरी सिग्नल 190 मीटर (625 फीट) की ऊंचाई पर मिला, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद आया था। ईएएफआर रिकॉर्डिंग 08:09:11 बजे रुकी। इससे पहले लगभग 08:09:05 बजे एक पायलट ने 'मेडे-मेडे' की कॉल भेजी। इस पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने प्रतिक्रिया दी लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद आपात प्रतिक्रिया दल को सक्रिय कर दिया गया। 08:14:44 बजे एयरपोर्ट से फायर टेंडर रवाना हुआ।

### अहमदाबाद विमान हादसे की जांच में सहयोग जारी रहेगा : बोइंग

नयी दिल्ली। अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है। बोइंग ने 12 जून को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 में मारे गए यात्रियों और चालक दल के सदस्यों तथा जमीन पर हताहत लोगों और उनके परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा है,ल्लहम जांच में और अपने ग्राहक (एयर इंडिया) की मदद करते ● शेष पेज 11 पर

# देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा : मोदी



- ❑ रोजगार मेले में पीएम ने 51 हजार जॉब लेटर बांटे
- ❑ कहा- युवाओं का कौशल, भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी
- ❑ निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सरकार का जोर

एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेला में 51 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा कि युवाओं का सामर्थ्य हमारे भारत के भविष्य के लिए सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी है। हमारी सरकार इस पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में जुटी है।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही 5 देशों की यात्रा से लौटा हूं। हर देश में भारत की युवा शक्ति की गूंज सुनाई दी। इस दौरान जो भी समझौते हुए हैं,उनसे युवाओं को फायदा होना ही है। आपके विभाग अलग हैं लेकिन ध्येय एक है। कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो इलाका कोई भी है, एक ही ध्येय राष्ट्र सेवा। एक ही सूत्र नागरिक सेवा। आपकी इस नई यात्रा के लिए बहुत शुभकामनाएं। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया। पिछला रोजगार मेला 26 अप्रैल को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फ़ेज शुरू किया था। अब तक 9.73 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। आज हमारा देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ये हमारे देश के नौजवानों का कमाल है। मुझे खुशी होती है कि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए मिशन मेन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गई है। सिर्फ घ्ख्रक्र से 11 लाख रोजगार बने हैं। इलेक्ट्रानिक सेक्टर का विस्तार हुआ है। 11 लाख करोड़ रुपए की इलेक्ट्रानिक मेन्युफैक्चरिंग हो रही है। पहले मोबाइल फोन मेन्युफैक्चरिंग की दो या चार यूनिट थीं। इस समय 300 यूनिट हैं इसमें लाखों युवा काम कर रहे हैं। डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। डिफेंस प्रोडक्शन सवा लाख करोड़ से ऊपर पहुंच चुका है। भारत सबसे ज्यादा लोकोमोटिव बनाने वाला देश बन गया है। कई देश में एक्सपोर्ट हो रहा है। ऐसी अनेक योजनाओं की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। अब आप कल्पना कीजिए इनका आत्मविश्वास कितना होगा। वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाएं भारत को मॉडल की तरह ● शेष पेज 11 पर

# ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें जिससे भावनाएं आहत हो: डीजीपी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबा संचालकों से अपील की है कि वह खान पान में अशुद्धि अथवा मिलावट जैसा ऐसा कोई काम न करें जिससे धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती हो।

श्री कृष्ण ने शनिवार को यहां एक प्रेस कंफ्रेंस में कहा कि आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज जोन में कावड़ यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किये गये हैं। पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रियों के जल अर्पण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। इस संबंध में सीमावर्ती दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाये रखने पर जोर दिया गया।

उन्होने कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिये ढाबों में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने की अपील की गयी है और इसकी निगरानी के लिये फूड सेफ्टी की अधिकृत एजेंसी के अफसर तैनात किये हैं जबकि पुलिस समन्वय और सहयोग के लिए तैनात है। उन्होने कहा कि खाने पीने की चीजों में किसी भी प्रकार की मिलावट की कोई जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जा सकती है। उन्होने ढाबा संचालकों से अपील की कि ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें जिससे भावनाएं आहत हो। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिये मेरठ जोन में ट्रैफिक स्कीम लागू है वहीं विभिन्न घाटों पर पुलिस के गोताखोर लगाए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिये की जा रही है। इसमें ● शेष पेज 11 पर



# कांवड़ यात्रा मार्ग पर 'क्यूआर कोड' दिखाने के कथित निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की ● शेष पेज 11 पर

# मां काली के आशीर्वाद से लखनऊ में सेवा कार्य कर रहा हूं: राजनाथ सिंह

- ❑ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया श्री आदिगुरु शंकराचार्य भवन का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। चौक के मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बड़ी काली माता की कृपा से केवल लखनऊ ही नहीं, पूरे भारत का विकास हो रहा है। यह प्राचीन मंदिर 2000 साल से अधिक समय से है। जुलाई महीना भारतीय सेना के लिए भी अहम है। 26 साल पहले इन्हीं दिनों पाकिस्तान ने भारत की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की थी। तब इसी लखनऊ के जनप्रतिनिधि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रण लिया कि एक-एक इंच जमीन खाली कराएंगे। उस समय लड़ाई लड़ने वाले गोरखा रायफल्स के मनोज पांडेय ने शहादत दी थी।

इस रेजिमेंट के मूल में मां काली हैं। मुझे भी काली मां ने अपनाया और मैं उन्हीं के आशीर्वाद से लखनऊ में सेवा कार्य कर रहा हूं।

काली जी मंदिर परिसर में उप्र पर्यटन विभाग की ओर से 186.72 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन आदिगुरु शंकराचार्य भवन का लोकार्पण रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह एवं विवेकानंद गिरि ने किया। रक्षामंत्री ने सभी अतिथियों के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और समृद्धि और शांति की कामना की। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का संचालन बिहार बोधगया मठ की ओर से किया जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने इसकी स्थापना की थी। ऐसे मंदिरों में अलग-अलग व्यवस्था और विकास के लिए समाज के साथ सरकार की ओर से भी विशेष प्रयास हो रहे हैं। यह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आस्था का केंद्र है। ● शेष पेज 11 पर



# जस्टिस वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी घ्ढ्रक्र के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं।

इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है। कैश केस की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को ● शेष पेज 11 पर



- ❑ लोकसभा में प्रस्ताव आएगा, सांसदों के साइन कराए जा रहे, 21 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र

## श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत और सम्मान

# अवैध धर्मांतरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है।



- ❑ कुछ ताकतें अवैध धर्मांतरण के जरिये योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रहीं ❑ प्रदेश सरकार ने बलरामपुर में हो रहे अवैध धर्मांतरण के नेटवर्क का पर्दाफाश किया ❑ 100 करोड़ के संदिग्ध लेने-देन की हो रही जांच

योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, ● शेष पेज 11 पर

### किसानों की समृद्धि के बिना नहीं आ सकती खुशहाली : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। पीएम मोदी की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्ज़ा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया। अतिथियों ने पुस्तिका का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री योगी ने एफएमडी बीमारी (खुरपका-मुंहपका) की चुनौतियों का जिक्र किया। बोले कि एफएमडी के वैक्सीनेशन कार्यक्रम प्रारंभ हुए, फिर बीच में उसे रोका गया, लेकिन केंद्रीय मंत्री ने सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आज आश्वासन दिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पशुधन को एफएमडी मुक्त बनाकर पशुपालकों के जीवन में खुशहाली लाने में योगदान देंगे। योगी ने कहा कि पशुधन का असर वहां के क्लाइमेटिक जोन, उसके पालन, रखरखाव, नस्ल पर भी प्रभाव पड़ता है। यूपी के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग गोवंश दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर देसी पद्धतियों से जिन्होंने नस्ल को सुधारने के लिए प्रयास किए, उन्होंने अच्छी नस्ल को बढ़ाने में सफलता प्राप्त कर ली। भारत सरकार का धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने यूपी में मिल्क प्रोड्यूसर को प्रोत्साहित किया है। झांसी के बलिनी, गोरखपुर, आगरा, काशी समेत यूपी में पांच मिल्क प्रोड्यूसर ● शेष पेज 11 पर

# विश्व जनसंख्या दिवस- 2025 के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। विश्व जनसंख्या दिवस 2025 के अवसर पर डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व जनसंख्या दिवस 2025, के अवसर पर स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु स्टेट रेफरल हॉस्पिटल तथा लखनऊ ऑब्सटेटिक्स एंड गायनी सोसाइटी द्वारा परिवार नियोजन पर एक जन जागरूकता कार्यक्रम थीम 'युवाओं को स्वस्थ परिवार के लिए सशक्त बनाना' के अन्तर्गत डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि और संस्थान के निदेशक प्रो. सी. एम. सिंह ने जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों और परिवार नियोजन की आवश्यकताओं, मातृत्व देखभाल जैसे मुद्दों के बारे में जागरूकता व जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे ही अन्य जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित करने की प्रेरणा दी। डॉ. सीमा महरोत्रा, लाग्स सेक्रेटरी ने परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जानकारी दी एवं उसके महत्व व परिवार नियोजन के साधनों पर प्रकाश डाला। प्रो. नीतू सिंह, विभागाध्यक्ष द्वारा परिवार नियोजन में महिला एवं पुरूषों की भागीदारी व इसके महत्व के बारे में बताया गया और उनके नेतृत्व में विभाग के संकाय सदस्यों एवं रेजीडेन्ट व स्टॉफ ने परिवार नियोजन के उपायों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में परिवार नियोजन जागरूकता हेतु प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजन किए गये तथा इसके विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में 500 महिलाओं व उनके परिवारजनों ने भाग लिया। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. श्रीकेष सिंह- एम.एस.,आर.पी.जी. ,डॉ. देवयानी, डॉ. नीति सिंह, डॉ. नमिता दोहरे,डा. दीपमाला मोदी, डॉ. विशि रावत, डॉ. शालिनी वी. सिंह, रेजीडेन्ट डॉक्टर्स सहित अन्य कई नर्सिंग स्टॉफ, व कर्मचारी उपस्थित थे।

# करछना बवाल मामले में बंद भीम आर्मी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को जेल प्रशासन ने रोका

## वार्ता के बाद दो सांसदों को ही मिली अनुमति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। करछना इलाके में हुए बवाल के मामले में जेल में बंद भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को जेल प्रशासन ने मुलाकात की अनुमति नहीं दी।बताया जा रहा है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पहले से अनुमति लेने की कोशिश भी की थी, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया।वहीं, प्रयागराज के सांसद रेवती रमन सिंह और बाराबंकी से सांसद तनु पुनिया को प्रशासन ने विशेष अनुमति प्रदान की। दोनों सांसदों ने जेल पहुंचकर बंद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मुलाकात के बाद दोनों सांसदों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और बंद युवाओं के साथ न्याय की मांग की।इस पूरे घटनाक्रम के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है।जेल प्रशासन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुलाकात के लिए सीमित लोगों को ही सुरक्षा व्यवस्था और जेल नियमों के तहत अनुमति दी जाती है।फिलहाल इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। विपक्ष ने सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन और जातीय पक्षपात का आरोप लगाया है।

## मांडा के प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**प्रयागराज ।** जनपद के मांडा थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक प्रेमी युगल ने कथित रूप से अपने प्रेम संबंधों में पारिवारिक विरोध के चलते शुक्रवार देर रात मिर्ज़ापुर जनपद के जिगना रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली।मृतकों की पहचान मांडा के महेवा कला गांव निवासी शुभम सोनकर (पुत्र नंदलाल) और चकडीहा गांव निवासी अंजली देवी (पुत्री राजेश वर्मा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों एक–दूसरे से प्रेम करते थे लेकिन उनके रिश्ते का परिवारजन विरोध कर रहे थे।शुक्रवार रात करीब 12 बजे जिगना के पास रेलवे डाउन लाइन पर दोनों प्रेमी–प्रेमिका ने ट्रेन के सामने खुद को लेटा दिया, जिससे ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले दोनों एक साथ दिल्ली में भी रह चुके थे। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।यह घटना स्थानीय लोगों में शोक और स्तब्धता का कारण बनी हुई है। पुलिस प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद की दिशा में जांच कर रही है।

## कौंधियारा में स्कूल बस पलटने से मचा हड़कंप, कई बच्चे घायल

**प्रयागराज।** यमुनानगर स्थित कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मैदा गांव के पास शुक्रवार दोपहर एक स्कूल बस के पलट जाने से कई मासूम बच्चे घायल हो गए। हादसे की वजह ड्राइवर की लापरवाही बताई जा रही है, जो घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस में स्थानीय निजी स्कूल के बच्चे सवार थे। हादसे के बाद बच्चों में चीख–पुकार मच गई।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कुछ बच्चों को हल्की चोटें आई हैं, जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी कौंधियारा विवेक यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। स्कूल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है कि बस चालक के पास वैध लाइसेंस और पर्याप्त अनुभव था या नहीं।फिलहाल इस लापरवाही भरे हादसे ने क्षेत्र में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन और परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

## महिला ग्राम प्रधान को परेशान कर रहे अधिकारी, विकास कार्यों पर लगा ब्रेक

**प्रयागराज।** बारा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा पहाड़ी कला की महिला ग्राम प्रधान को अफसरशाही की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। आरोप है कि ग्राम सभा के विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा है और संबंधित अधिकारी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, पिछले छह महीने से ग्राम सभा का खाता बंद है, जिससे कोई भी विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। यह खाता जिलाधिकारी के आदेश पर बंद किया गया था। हालाँकि संबंधित जांच पूरा हो चुका है, इसके बावजूद अब तक खाता नहीं खोला गया है।महिला ग्राम प्रधान का कहना है कि वह पिछले एक महीने से लगातार संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर रही हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन देकर गुमराह किया जा रहा है। ग्राम प्रधान इस मुद्दे को लेकर कई बार जिला मुख्यालय भी जा चुकी हैं, मगर कोई समाधान नहीं निकला।स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर नाराज़गी है कि ग्राम सभा की मूलभूत ज़रूरतों ऽ जैसे सड़क, नाली, जलनिकासी, राशन वितरण आदि ऽ सभी विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।अब सवाल यह उठता है कि जब जांच पूरी हो चुकी है, तो खाता खोलने में देरी क्यों की जा रही है? क्या यह महिला ग्राम प्रधान के साथ पक्षपात नहीं है?फिलहाल महिला ग्राम प्रधान ने शासन–प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे धरना–प्रदर्शन करने को मजबूर होंगी।

## प्रयागराज में धूमनगंज पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज ।** जिले के थाना धूमनगंज पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त देवेन्द्र सिंह यादव को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त एलआईजी–05, प्रीतमनगर, थाना धूमनगंज का निवासी है और उसका मूल पता ग्राम मुहिउद्दीनपुर, थाना चरवा, जनपद कौशाम्बी है। उसकी उम्र लगभग 34 वर्ष है।देवेन्द्र सिंह यादव थाना धूमनगंज में दर्ज मु0अ0सं0–216/25, धारा 85/80(2) बीएनएस और 3/4 डीपी एक्ट के तहत वांछित था। पुलिस ने उसे शिव मंदिर, धूमनगंज मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक मनीष कुमार राय और उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में सफलता मानी जा रही है।

## सर्वे भवन्तु सुखिनः हिन्दू का मूल आदर्श : डॉ. कृष्ण गोपाल

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः हिन्दू का मूल आदर्श है। सभी का कल्याण हो सभी का शुभ हो। यह हिन्दू समाज की मान्यता है, जबकि अन्य मत पंथ मजहब केवल अपने सुख की कामना करते हैं। डॉ. कृष्ण गोपाल शनिवार को माधव सभागार निरालानगर में आयोजित समर्पण उत्सव को संबोधित कर रहे थे।डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि हर भाषा के लोग हमारे अपने हैं। सारा भारत तीर्थ है। देश के सभी भागों में मंदिर एवं तीर्थ हैं। उत्तर के लोग दक्षिण, दक्षिण के लोग उत्तर, पूर्व के पश्चिम और पश्चिम के पूर्व भागों में स्थित मंदिरों का दर्शन करने जाते हैं। इन्हीं मंदिरों के कारण हमारे देश में एकत्व की भावना है।सह सरकार्यवाह ने कहा कि हिन्दू समाज से छुआछूत अभी खत्म नहीं हुआ है। अनेक संत महात्माओं एवं संघ कार्यकर्ताओं ने इसे दूर करने का काम किया किन्तु अभी भी समाज में छुआछूत की समस्या विद्यमान है। शताब्दी वर्ष के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सामाजिक समरसता का आह्वान किया है। मंदिर, शमसान एवं जल के स्रोत सबके लिए खुले होने चाहिए। शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता प्रत्येक हिन्दू परिवारों में जाएंगे।डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि समस्त समस्याओं की कुंजी अध्यात्म है। हिन्दू समाज का संगठन समस्त समस्याओं का समाधान है। हिन्दू समाज की सामाथ्र्य एवं शक्ति के बल पर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। संगठन शक्ति के कारण ही आज कोई हिन्दुत्व के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं करता।इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सह प्रान्त संघचालक सुनीत खरे, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रान्त प्रचारक कौशल, संघ के वरिष्ठ प्रचारक वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख ओमपाल सिंह, संघ के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर, क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख जय प्रकाश व राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा के अलावा विविध संगठनों के प्रान्तीय व क्षेत्र स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सावन के पवित्र महीने में मंदिरों का इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव, प्रयागराज। सावन के पवित्र महीने में, प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश कुमार वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कोरांव के विभिन्न स्थलों पर स्थित मंदिरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने अन्य सहयोगी पुलिस बल के साथ मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और वहां के पुजारियों से वार्ता की।सावन के महीने में मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था का महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करके सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए प्रभारी निरीक्षक ने मंदिरों के पुजारियों से वार्ता करके उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पुजारियों और श्रद्धालुओं में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और वे सावन के पवित्र महीने में अपने धार्मिक अनुष्ठानों को शांतिपूर्वक संपन्न कर सकेंगे।

# खुले नाले में गिरा युवक, तेज बहाव में बहा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। शनिवार सुबह लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित राधाग्राम इलाके में बरसात के बाद हुए जलभराव के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। नगर निगम जोन-6 के अंतर्गत आने वाले इस इलाके में खुले नाले में एक युवक गिर गया और तेज बहाव में बह गया। युवक की पहचान 44 वर्षीय सुरेश लोधी के रूप में हुई है, जो राधाग्राम का निवासी था और पेशे से पेंटर था। सुरेश तीन बच्चों का पिता बताया जा रहा है। घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब सुरेश ओवरफ्लो हो रहे नाले के पास से गुजर रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज बहाव और खुले ढक्कन के कारण वह सीधे नाले में गिर गया और बह गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके साथ ही एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने युवक की खोजबीन शुरू की। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सुरेश के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं स्थानीय लोगों का गुस्सा नगर निगम पर फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि करीब एक महीने पहले इलाके में नाले की सफाई हुई थी, लेकिन सफाई के बाद कई जगहों पर नाले के ढक्कन खुले ही छोड़ दिए गए थे। सुरेश लापरवाही का शिकार बन गया। वहीं नगर निगम के कुछ लोगों का कहना था की नाले का ढक्कन टूटा हुआ था जिसकी जगह पर दूसरा ढक्कन लगाने के लिए ढक्कन की ढलाई भी करके रख दी गई थी जिसको सूख जाने पर नाले पर ढाका जाने वाला था। देर शाम तक एसडीआरएफ, पुलिस और नगर निगम के अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और युवक की तलाश में जुटे रहे। खबर लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था। वहीं, मौके पर कुछ लोगों ने यह भी बताया कि सुरेश नशे का आदी था, हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। नगर निगम की लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# दुबग्गा में चोरों को खुली छूट , जनता लुटी और थानेदार खामोश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ, दुबग्गा। कोतवाली क्षेत्र में बीती रात दो दुकानों में हुई लाखों की चोरी ने न केवल व्यापारियों को दहशत में डाल दिया, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों की बेखौफ हरकतें और पुलिस की सुस्त कार्रवाई अब जनता के सब्र को चुराने लगी है।पहली चोरी इसैली रोड स्थित राहुल जनरल स्टोर में हुई, जहां तड़के करीब 3:30 बजे तीन अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर दुकान में रखे ?15,000 नकद और एक अहम रजिस्टर पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, दूसरी घटना सुबह 5 बजे बरावन कला में गौरव तिवारी की दुकान पर हुई, जहां से चोर ?80,000 और एक खद्द्रद्ध कंपनी का लैपटॉप ले उड़े। दोनों ही घटनाएं दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। जिनमें चोर हेलमेट और मास्क लगाए हुए, बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक पर सवार दिखाई दे रहे हैं।इन दो बड़ी घटनाओं के बावजूद, स्थानीय लोगों को पुलिस की संवेदनशीलता कम और औपचारिकता ज़्यादा नजर आई। पुलिस की ओर से क्क्रन्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात जरूर कही गई, लेकिन लोगों का मानना है कि थाना प्रभारी अभिनव कुमार वर्मा इन घटनाओं को ''रूटीन की बात'' मानकर टालने में ज्यादा माहिर हैं। इलाके में लंबे समय से तैनात वर्मा पर पहले भी आरोप लगते रहे हैं कि छोटी-मोटी चोरी की घटनाएं वे नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आम जनता के लिए वही घटनाएं जीवन की पूंजी छीनने जैसी होती हैं।सोशल मीडिया पर लोगों ने चोरी की इन वारदातों को लगातार साझा किया और पुलिस प्रशासन को बार-बार टैग कर अवगत कराया। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस तब तक ही हरकत में आती है जब तक मामला मीडिया की सुर्खियों में न आ जाए? व्यापारी समुदाय का कहना है कि अगर गश्त और निगरानी समय पर होती, तो इतनी बड़ी चोरी नहीं होती। जनता अब यह जानना चाहती है कि क्या चोरों को 'अघोषित छूट' मिली हुई है या पुलिस सिर्फ घटनाओं के बाद बयान देने की मशीन बन चुकी है।जनता के बीच अब यह चर्चा भी है कि थाना प्रभारी महोदय को या तो कार्य में सुधार करना होगा या फिर स्थानांतरण का टिकट थमा देना चाहिए। क्योंकि क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी की घटनाएं सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हर घटना किसी न किसी के सपनों की बर्बादी है।पुलिस प्रशासन ने दावा किया है कि जांच जारी है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। मगर इलाके की जनता अब इन बयानों से ऊब चुकी है। उसे नतीजों का इंतजार है–ऐसे नतीजे जो दिखें, महसूस हों और सुरक्षा का भरोसा लौटाएं।अब देखना यह है कि क्या थाना दुबग्गा की पुलिस इस बार अपने दायित्व को निभाएगी या फिर जनता को अगली चोरी की खबर का इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि फिलहाल, चोर बेखौफ हैं, और पुलिस... वही पुराना आश्वासन दे रही है–''हम जाँच कर रहे हैं।

# 'बदलाव' ने जारी की लखनऊ में भिक्षावृत्ति में लगे लोगों की स्थिति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। 'बदलाव' द्वारा शनिवार को लखनऊ के सहकारिता भवन के चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों की स्थिति पर आधारित सर्वेक्षण के बाद तैयार की गई महत्वपूर्ण रिपोर्ट ''उपेक्षा और समावेश 2024ऽ25'' जारी की गयी। इस कार्यक्रम का विमोचन मुख्य अतिथि असीम अरूण (मंत्री समाज कल्याण विभाग) उत्तर प्रदेश सरकार, जे.राम (उपनिदेशक समाज कल्याण), के.एल. गुप्ता (उपनिदेशक समाज कल्याण), अंजनी सिंह (जिला समाज कल्याण अधिकारी-लखनऊ), प्रो. मो0 तारिक(संस्थापक, द कोशिश ट्रस्ट), प्रोफ़ेसर विवेक कुमार सिंह (डीन-सोशल साइंस स्टडीज- राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर उन लाभार्थियों की कहानियों से हुई जिन्होंने बदलाव संस्था के सहयोग से भिक्षावृत्ति से निकलकर आत्मनिर्भर जीवन की ओर कदम बढ़ाया। इस दौरान कुछ लाभार्थियों ने बदलाव के पहल के तहत अपनी-अपनी कहानियां भी सुनाई। वहीं संस्था से जुड़े संजय वर्मा (प्रोग्राम मैनेजर- बदलाव) ने रिपोर्ट के चार मुख्य उद्देश्यों के साथ साथ सर्वे के आंकड़ों पर बात करते निम्न कारकों पर बल देते हुए कहा,'' रिपोर्ट के अनुसार कुछ लोगों के पास पहचान पत्र का अभाव, झुग्गियों में निवास, नशे की लत से जूझना, अशिक्षा और आर्थिक संकट के कारण ये लोग भिक्षावृत्ति में आए।'' उन्होंने कहा कि अधिकतर लोग भिक्षावृत्ति छोड़ना चाहते हैं और बच्चे पढ़ाई करना चाहते हैं।बदलाव के संस्थापक/कार्यकारी निदेशक शरद पटेल ने 'बदलाव' के द्वारा भिक्षावृत्ति में संलिप्त लोगों के पुनर्वास के लिए संस्था द्वारा विकसित मॉडल ऑफ चेंज एवं अभी तक बदलाव के द्वारा पुनर्वासित किये गये लोगों के प्रभाव को विस्तृत रूप से साझा किया और बताया कि यह रिपोर्ट नीति निर्माण और सामाजिक समावेशन का एक मजबूत आधार बनेगी।प्रो. तारिक मोहम्मद ने कहा कि स्वीकार्यता और संवेदनशीलता सबसे बड़ी चुनौती है, जो इस रिपोर्ट से संभव हो सकती है।

# आरटीआई लखनऊ की एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। शनिवार को प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कंग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग (आरटीआई) जनपद लखनऊ के पदाधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में लखनऊ जिला/शहर पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रदेश के लगभग सभी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला का संचालन सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश महासचिव कीर्ति प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यशाला की शुरुआत राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के साथ हुई। कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि कंग्रेस सरकार के द्वारा दिया गया यह कानून सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का एक बहुत ही सशक्त हथियार है। मैंने स्वयं भी कई आरटीआई दाखिल कर सरकार से कई प्रश्नों के जवाब मांगे और भ्रष्टाचार की पोल खोलने का कार्य किया है। मेरा आप के लिए यह सुझाव है कि आप सभी आरटीआई के महत्व को समझें और कम से कम 10-10 आरटीआई दाखिल कर सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने का कार्य करें। कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने कहा कि आरटीआई कानून सरकार को आईना दिखाने का काम करता है और उसकी जवाबदेही तय करता है। वर्तमान भाजपा सरकार आरटीआई कानून को कमजोर करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। हमें इसके लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। उन्होंने पदाधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के बारे में विस्तृत जानकारियां उपलब्ध कराई साथ ही आरटीआई के उपयोग के तरीके और उसके लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए आरटीआई एक्टिविस्ट देवेशमणि त्रिपाठी ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों आरटीआई से जुड़ी सभी जानकारियों को विस्तारपूर्व साझा किया, साथ ही आरटीआई से जुड़े प्रश्नों के जवाब देकर पदाधिकारियों का मागदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह बात का समर्थन करते हुए सूचना का अधिकार विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी अपने-अपने जनपदों में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए आरटीआई के माध्यम से सरकार से सूचनाएं मांगे तथा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करें। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अमित उठवाल ने कहा कि इस विभाग के माध्यम से मैंने स्वयं अपने जनपद में विभिन्न सरकारी भ्रष्टाचारों को उजागर किया है और यह सिर्फ कंग्रेस सरकार द्वारा दिए गए सूचना का अधिकार कानून के द्वारा ही संभव हो पाया है। कार्यशाला को पूर्व मंत्री राज बहादुर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, चिकित्सा विभाग के चेयरमैन डॉ जियाराम वर्मा, सोशल मीडिया की कोऑर्डिनेटर नीलम सिंह वैश्य आदि ने भी सम्बोधित किया। आयोजित कार्यशाला में सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अमित उठवाल, सीमा देवनाथ, महेन्द्र श्रीवास्तव, अनुज पटेल, प्रदेश महासचिव किशन कुमार गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-ABP-MX-159-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.07.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.07.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MLPR-MX-162-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.07.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.07.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.07.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.07.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2114/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शारदा नदी के नाले में नहाते समय युवक गहरे पानी में डूबा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर धौरहरा खीरीः थाना खमरिया क्षेत्र के चिकना जती गांव के पास स्थित शारदा नदी के नाले में नहाते समय 20 वर्षीय युवक श्यामू पुत्र विकास गहरे पानी में डूब गया। घटना से इलाके में तनाव व्याप्त है और स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए प्रयासरत हैं। स्थानीय गोताखोरों और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर युवक की तलाश में जुटी है।



**घटना का पूरा घटनाक्रम**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बसंता पुर निवासी श्यामू अपने कुछ दोस्तों के साथ शनिवार दोपहर चिकना जती गांव के निकट शारदा नदी के नाले में नहाने गया था। नदी के किनारे खेलते-खुदते वह पानी में उतर गया। लेकिन नदी के गहरे हिस्से में अचानक उसकी स्थिति खराब हो गई और वह डूबने लगा।

श्यामू के दोस्तों ने तुरंत ही मदद के लिए आवाज लगाई और आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इस बीच स्थानीय गोताखोर घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को खोजने का प्रयास शुरू किया। नदी के पानी का बहाव तेज होने के कारण खोज कार्य में कठिनाई आ रही है।

**स्थानीय प्रशासन और पुलिस की पहल**

थाना खमरिया प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और खोज एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि नदी का यह हिस्सा खतरनाक माना जाता है और पानी का बहाव काफी तेज है।

**परिजनों से मिले विधायक विनोद शंकर अवस्थी**

### स्थानीय गोताखोरों ने शुरू की तलाश

परिजनों से मिलकर विधायक धौरहरा ने ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का वादा के इंस्पेक्टर ओपी राय को जल्द ही लाश बरामद करने के दिए निर्देश प्रभारी ने कहा, ''हम हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि जल्द से जल्द युवक को सुरक्षित निकाला जाए। परिवार वालों को भी लगातार सूचना दी जा रही है।

गांव में फैली चिंता और सुरक्षा पर सवाल- श्यामू के डूबने की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी का यह हिस्सा नहाने के लिए सुरक्षित नहीं है, लेकिन युवा यहां अक्सर नहाने आते रहते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा उपाय करने और जागरूकता फैलाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

# पौधे बांटकर मनाया गया वन महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा, सीतापुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे एक जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए वन विभाग द्वारा जागरूक किया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सिकंदर सिंह के नेतृत्व में मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव उपरांत पांच महिलाओं को एक एक पेड़ देकर व ग्रीन गोल्ड प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया इसके अलावा वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत 45 महिलाओं को ग्रीन गोल्ड प्रशस्ति दिया जाएगा श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए इसके



अलावा कम से कम 5 साल तक पेड़ों की देखरेख भी करनी चाहिए । वन महोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय में आंवला, नीम, अमरूद आदि के लगभग पन्द्रह पेड़ लगाए गए कार्यक्रम सीएचसी अधीक्षक डॉ कमलेश कुमार के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया स्टाप नर्स नीलम देवी भी उपस्थित रहकर महिलाओ को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। वन दरोगा अक्षत पांडेय व वन गार्ड नीरज कुमार के द्वारा लोगों को पौधरोपण के प्रति जागरूक किया जा रहा।

### गैंगेस्टर एक्ट में चार अपराधियों की 3.97 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

हमीरपुर । अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए हमीरपुर जिले में चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंगेस्टर एक्ट में चार अपराधियों की 3.97 करोड़ से अधिक रुपये की चल और अचल सम्पत्ति कुर्क किए जाने से अपराधियों में हड़कम्प मचा हुआ है। सुमेरपुर थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट की धारा 3 (1) के तहत यह कार्रवाई की गई। जिन अभियुक्तों की सम्पत्ति कुर्क की गई है, उनमें सोनू गुप्ता उर्फ शिवकुमार उर्फ शिवप्रकाश पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ साधू की पत्नी गीता गुप्ता भी इस मामले से जुड़ी है।

# 32 लाख रुपए की लागत से मुक्तिधाम का निर्माण कार्य प्रगति पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिंगाही खीरी। कस्बे में सरकार की अंत्येष्टि स्थल निर्माण योजना के अंतर्गत नगर पंचायत की ओर से भेड़ौरा में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बन जाने से बारिश के सीजन में चार वार्ड के लिए अंत्येष्टि के लिए सुविधा रहेगी। नगर पंचायत के हिंदुओं की अंत्येष्टि लेकर दो स्थल है। बाजार सहित करीब आठ वार्डो का अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत सिंगाही देहात स्थित निघासन रोड के मुक्तिधाम पर होता है। इस मुक्तिधाम पर दो टीन शेड और बैठने की व्यवस्था है। इसके अलावा मोहल्ला भेड़ौरा और छावनी के अंतिम संस्कार ग्राम भेड़ौरा में जौराहा नदी के किनारे होते हैं। यहां पर किसी अंत्येष्टि के लिए टीन शेड और बैठने की व्यवस्था नहीं है। ग्राम पंचायत भेड़ौरा में इसको लेकर काफी समय से



मांग की जा रही थी। इस पर नगर पंचायत चेयरमैन ने पैरवी करते हुए सरकार की ओर अंत्येष्टि स्थल निर्माण योजना के अंतर्गत सरकार की ओर 28 लाख की धनराशि स्वीकृत कराई। ग्राम पंचायत की एनओसी के बाद नगर पंचायत का फंड मिलाकर करीब 32 लाख की लागत से भेड़ौरा के मोहल्ले से लगी मुक्तिधाम की आवंटित जमीन पर निर्माण कार्य शुरू दिया है। नगर पंचायत चेयरमैन ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल में अंत्येष्टि के लिए एक छायादार चबूतरा, परिजनों के लिए एक बरामदा, नहाने के लिए एक बोरिंग और सड़क का निर्माण होना है। इसके बाद बारिश के समय अंतिम संस्कार और उसमें शामिल होने वालों लोगों को काफी सहूलियत रहेगी।

# रामाधीन इंटर कॉलेज में बनाई गईं बाढ़ चौकी पीड़ितों क़ो मिलेगी सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निघासन खीरी। तहसील निघासन क्षेत्र के बम्हनपुर स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में बाढ़ चौकी स्थापित की गई है। यह चौकी बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के लिए बनाई गई है। निघासन के नायब तहसीलदार दिव्यांशू शाही ने आज चौकी का निरीक्षण किया और बाढ़ क्षेत्र में तैनात लेखपालों को सतर्क रहने का निर्देश दिया । तहसीलदार ने आपदा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा और लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना होगा बाढ़ शिविर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने देखा कि शिविर में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो



रही है। शिविर में साफ-सफाई और स्वास्थ्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। आपदा के समय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। तहसीलदार ने कहा कि हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहना होगा और लोगों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना होगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ के समय लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान राजस्व निरीक्षक चेतराम राणा, लेखपाल अवधेश कुमार, अभिषेक राठौर, शौरभ कुमार, विद्योतमा, शैलेन्द्र कुमार, श्वेता आपदा मित्र निर्वेन्द्र कुमार मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने तहसीलदार के साथ बाढ़ चौकी और शिविर का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्राप्त किए।

**बाढ़ चौकी की विशेषताएं**

बाढ़ चौकी बम्हनपुर पुर स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में स्थापित की गई है। चौकी बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करने के लिए बनाई गई है। चौकी में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। तहसीलदार ने बाढ़ क्षेत्र में तैनात लेखपालों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने आपदा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। तहसीलदार ने बाढ़ शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। तहसील निघासन क्षेत्र में बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। तहसीलदार ने बाढ़ क्षेत्र में तैनात लेखपालों को सतर्क रहने का निर्देश दिया और आपदा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बाढ़ शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक निर्देश दिए गए। यह सुनिश्चित किया गया कि बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## लोजपा ने चिराग पासवान को धमकी देने वाले की गिरफ्तारी की उठाई आवाज

बिजनौर । लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इसमें उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ने की धमकी देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान को दी गई धमकी भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों तथा दलितों की आवाज पर सीधा प्रहार है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## थाना समाधान दिवस : कोतवाली सदर में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना कोतवाली सदर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें।

डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान नायब तहसीलदार अश्वनी कुमार, प्रभारी निरीक्षक सदर हेमंत राय सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री व्यापारी नेता नन्द गोपाल नन्दी के पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया




सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व्यापारी नेता नन्द गोपाल नन्दी के पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव को आज वैश्य समाज उत्तर प्रदेश सीतापुर की कार्यकारिणी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी धूमधाम से मनाया शनिवार सुबह 10:00 बजे पन्चानन शिव मन्दिर केशव ग्रीन सिटी में नन्द गोपाल गुप्त की दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य के लिए हवन पूजन का आयोजन किया गया तदोपरान्त दोपहर 01:00 से सायं देर शाम तक अग्रसेन पार्क के निकट भण्डारे का आयोजन कर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ व बरेली मण्डल अध्यक्ष सन्दीप गुप्ता, संरक्षक मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल 'मिन्टू'', आकाश बजरंगी, संतोष गुप्ता, महेश गुप्ता, महेन्द्र अग्रवाल, आनन्द सिंह, सत्यप्रकाश गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, नीरज गुप्ता, हिमांशू अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, महेश जायसवाल, आदि ने अपने नेता के दीर्घायु होने की कामना की।

### राष्ट्रीय संगठन प्रभारी बनाए गए सौरभ दीक्षित



सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंस्था ने मछरेहटा निवाशी सौरभ दीक्षित पुत्र अनिल दीक्षित को राष्ट्रीय संगठन प्रभारी नियुक्त किया है यह निर्णय अनुशंसा व अनुशासन केंद्रीय प्रतिनिधि मंडल ने लिया है उनके संगठन प्रभारी बनाए जाने पे राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राह्मण महासंस्था के आदित्य मिश्रा ने उन्हें बधाई दी और आशा की है कि समाज हित में कम करते हुए ब्राह्मण एकता को ऊंचे शिखर तक ले जायेंगे इस अवसार पर संगठन के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी ।

### पंच कैलाशी साधना दीदी के नेतृत्व में बैजनाथ बाबाधाम काँवर यात्रा के लिए यात्री दल हुए रवाना

बिसवा (सीतापुर) । बैजनाथ धाम '' बाबाधाम '' काँवर यात्रा के लिए पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी के कुशल नेतृत्व,दिशा निर्देशन एवम मार्ग दर्शन में 31 सदस्यीय यात्री दल बिसवा सीतापुर से बैजनाथ धाम के लिए हुए रवानाद्य पंच कैलाशी शिव साधिका साधना बाजपेयी ने बैजनाथ धाम काँवर यात्रा के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह पैदल काँवर यात्रा गंगा धाम असर गंज ( सुल्तान ) से काँवर भरकर क्रमश तारापुर, जलेबिया,सुइयां पर्वत, काँवड़िया से गुड़ियारी, कलकटिया,भूत बंगला होते हुए बैजनाथ बाबा धाम पहुँच कर भोले नाथ शिव जी को भक्त गन काँवर समर्पित करेंगेद्य इसके पश्चात वासुकी नाथ में भी भक्त काँवर समर्पित करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि यह पैदल काँवर यात्रा लगभग 120 किमी. पैदल चलकर संपन्न होती है । उन्होंने बताया कि तत्पश्चात यात्री चित्रकूट, प्रयाग राज के दर्शन करके सीतापुर पहुंचकर बैजनाथ बाबा धाम काँवर यात्रा का समापन होगा । बैजनाथ बाबा धाम काँवर यात्रा में प्रमुख रूप से विश्ववीर गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता,रवि प्रकाश मिश्रा,अरविंद सिंह,नीरज श्रीवास्तव,शिखा गुप्ता, शशि श्रीवास्तव,मीना मिश्रा,पुष्पा मिश्रा, निर्मला अग्रवाल,दीपक शुक्ला,विजय शंकर बाजपेयी, अभिषेक मिश्रा,अजय गुप्ता, अंकित मानव,मुकेश शुक्ला,सविता कपूर,शशि बाजपेयी,सुनीता बाजपेयी,चंद्र मोहन बाजपेयी,संतोषी यादव, रंजना यादव,विजय नाग, आशा शुक्ला,दीपिका मिश्रा,लक्ष्मी अवस्थी,माधवी अवस्थी सहित आदि भक्त प्रमुख रूप से रहे ।

### नशे की हालत में चौथी मंजिल से संतुलन बिगड जाने से लड़खड़ा कर नीचे गिरा, युवक की घटनास्थल पर मौत

खैराबाद। काशीराम कॉलोनी में तीसरी मंजिल पर अपनी पत्नी रेशमा था तीन बच्चों के साथ रहने वाला तुफैल 35 वर्ष पुत्र जलील जो कि कबाड़ बेचने का कार्य करता था तथा खैराबाद के मोहल्ला शेख सराय में उसकी ससुराल थी तथा सकरारा गोटिया पूरनपुर जिला पीलीभीत का रहने वाला था। अपनी ससुराल में रहता था। युवक नशे का बेहद आदी था तथा आज दिन में 3:00 बजे के बाद अपनी तीसरी मंजिल से चौथी मंजिल पर नशे की हालत में पहुंच गया वहीं से लड़खड़ा करनी नीचे गिरा जिससे कि घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई थाना अध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि युवक के चौथी मंजिल में चढ़ जाने पर अपना संतुलन नहीं बना पाया तथा नीचे आकर गिर गया जिससे कि उसकी मौत हो गई उन्होंने बताया कि शव को पीएम हेतु भेजा जा रहा है परिवार के लोगों के द्वारा थाने जाकर जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार यादव तथा मृतक के परिजन मौके पर मौजूद थे।

### एटीएम से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपित गिरफ्तार

जालौन। उरई कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एटीएम से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के चार चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 10 बैटरियां, तमंचा बरामद किया है। चोरों ने उरई व डकोर कोतवाली क्षेत्र के कई एटीएम केबिनों से बैटरी चोरी की थी। उरई कोतवाल अरुण कुमार राय ने बताया कि 10 जुलाई को डकोर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने इंडियन बैंक के एटीएम को निशाना बनाते हुए बैटरी चोरी कर ले गए थे। इससे पहले चोरों ने उरई कोतवाली क्षेत्र में भी कई एटीएम केबिनों में ताले तोड़कर बैटरियां चुराईं थीं। इन मामलों को संज्ञान में लेते हुए पुलिस लगातार चोरों की धरपकड़ के प्रयास कर रही थी। बीती रात शुक्रवार पुलिस को सूचना मिली कि शहर के झांसी रोड पर कुछ संदिग्ध लोग खड़े हैं। इस जानकारी पर पुलिस ने एलड्रिच स्कूल के पास से चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान छोटू सिद्दीकी, गुलशाद अंसारी, एहतिशाम अंसारी और उमर के रूप में हुई हैं। पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने एटीएम केबिनों से बैटरी चोरी करने की घटनाएं कुबूल की। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने 10 बैटरियां बरामद की हैं। चोरों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बिसवां इनर व्हील संस्था के द्वारा कल अमर नगर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में वृक्षारोपण कार्यक्रम कराया गया जिसमें की 51 पेड़ लगाए गए, नीम पीपल कड़ी पत्ता, अनेक तरह की पेड़ संस्था के सदस्यों के द्वारा लगाए गए विद्यालय प्रांगण में, कार्यक्रम में अध्यक्ष गुरमीत कौर ,सचिव तुलसी राजवंशी, कोऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, एकता गुप्ता,सुनीता अग्रवाल,अंजलि राजवंशी, अल्पना अवस्थी अन्य सदस्य की उपस्थिति रही!

# प्रेम प्रसंग के बीच किशोरी की संदिग्ध मौत से गांव में शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा (लखीमपुर खीरी) । थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम अलीपुर में शनिवार रात 16 वर्षीय किशोरी अंजली लोध की संदिग्ध हालात में मौत से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। तेजपाल लोध की पुत्री अंजली का शव गांव के बाहर एक नीम के पेड़ से लटका मिला, जिससे क्षेत्र में शोक और सन्नाटा पसर गया। परिजनों के अनुसार, अंजली शुक्रवार रात लगभग 8:30 बजे शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। काफी तलाशबीन के बाद गांव के बाहर बगीचे में उसका शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। परिजन तुरंत इसकी सूचना पुलिस को देने पहुंचे। सूचना मिलते ही थाना खमरिया प्रभारी ओ. पी. राय अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर



पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**संदिग्ध प्रेम प्रसंग के कारण चर्चा में मामला**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि अंजली का अपने चचेरे भाई श्रीधर से प्रेम संबंध था, जिसे घरवालों ने स्वीकार नहीं किया था। इस कारण परिवार में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। पारिवारिक सूत्रों की मानें तो समाज में बदनामी के भय के चलते यह रिश्ता स्वीकार नहीं किया गया, जिससे किशोरी मानसिक रूप से परेशान थी। हालांकि, यह जानकारी अभी तक पुलिस की आधिकारिक जांच में पुष्टि नहीं हुई है।

**पुलिस की प्रतिक्रिया**

थाना प्रभारी ओ. पी. राय ने बताया, हम मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चलेगा। यदि इसमें कोई आपराधिक षड्यंत्र पाया गया तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोदौलिया से मैदागिन तक ‘प्लास्टिक फ्री जोन‘ घोषित
# महापौर ने कपड़े के झोले बांटकर दिया स्वच्छता का संदेश

**महापौर ने चितरंजन पार्क दशाश्वमेध से मैदागिन तक किया भ्रमण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी ।** सावन मास में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र और उसके मार्गों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने विशेष अभियान की शुरुआत की है। इसी क्रम में शनिवार शाम को महापौर अशोक तिवारी ने नगर आयुक्त अक्षत वर्मा सहित अधिकारियों के साथ चितरंजन पार्क दशाश्वमेध से मैदागिन तक पैदल भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने का संदेश दिया।महापौर ने इस दौरान दुकानदारों और राहगीरों से प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग बंद करने की अपील की और उन्हें कपड़े से बने झोले वितरित किए। उन्होंने बताया कि गोदौलिया से मैदागिन तक के क्षेत्र को ‘प्लास्टिक फ्री जोन’ घोषित कर दिया गया है। इस क्षेत्र में अब प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग करने पर संबंधित व्यक्ति या प्रतिष्ठान पर जुर्माना लगाया जाएगा। महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लास्टिक के उपयोग पर रोकथाम के लिए अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। इसके लिए जगह–जगह होर्डिंग, बैनर लगाए जाएं और नगर निगम का टोल फ्री नंबर 1533 आमजन को बताया जाए, ताकि लोग किसी भी शिकायत के लिए सीधे संपर्क कर सकें।इस दौरान नगर निगम की आई0ई0सी0 टीम तख्तियां लहराकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैला रही थी। दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों में गीले और सूखे कचरे के लिए दो अलग–अलग डस्टबिन रखने की अपील भी की गई। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि सावन माह में देश–विदेश से लाखों श्रद्धालु काशी पहुंचते हैं, ऐसे में मंदिर परिक्षेत्र और आस–पास के क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि सड़कों पर कूड़ा न फेंकें, प्लास्टिक का उपयोग न करें और नगर निगम के साथ मिलकर काशी को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श शहर बनाएं।इस जागरूकता अभियान में उपसभापति नरसिंह दास, अपर नगर आयुक्त सविता यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. चौधरी, जोनल स्वच्छता अधिकारी रवि चंद्र निरंजन, क्षेत्रीय स्वास्थ्य निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव, डाक्यूमेंट मैनेजर प्रीति सिंह सहित नगर निगम की टीम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## लंबित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता पर निस्तारण करें सभी बैंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। विभिन्न बैंकों में शासन की विभिन्न लाभार्थीपरक व रोजगार परक योजनाओं में लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बैंक अधिकारियों को अपने दृष्टिकोण में परिवर्तन कर लंबित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के लिए कहा। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के आवेदकों ने अपने लंबित पत्रों के संबंध में अधिकारियों को सूचित किया जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित बैंक अधिकारियों को दिए गए।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बैंक अधिकारियों से कहा कि जो भी आवेदन पत्र निरस्त किए गए हैं उनका कारण भी सभी बैंक अधिकारी स्पष्ट रूप से बताएं। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को आगामी 25 जुलाई तक व पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों को आगामी 20 जुलाई तक व अन्य बैंक अधिकारियों को भी लंबित आवेदन पत्रों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के लिए कहा।उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार देकर स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना संचालित की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के 14 मुख्य सरकारी व प्राइवेट बैंकों में दो वित्तीय वर्षों वर्ष 2024-25 व वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत 1319 आवेदन पत्र भेजे गए जिनमें से बैंकों द्वारा मात्र 310 स्वीकृत किए गए और बैंकों पर 593 आवेदन लंबित हैं।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बैंकों को 74 आवेदन पत्र भेजे गए, इनमें से बैंकों द्वारा 23 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए व 34 बैंक स्तर पर लंबित हैं। इसी प्रकार ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 27 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, 10 स्वीकृत किए गए तथा बैंक स्तर पर 10 आवेदन पत्र लंबित है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों से शासन की योजनाओं में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इसके लिए सीएम फ़ेलो भी जनपद में तैनात किए गए हैं अगर बैंक अधिकारियों को कोई परेशानी है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं या सीएम फ़ेलों से संपर्क कर सकते हैं।इस अवसर पर एलडीएम डॉ0 रिकेश रंजन सहित विभिन्न बैंकों से आए प्रबंधक व जिला समन्वयक मौजूद रहे।

## 1-31 जुलाई तक करें हज के लिए ऑनलाइन आवेदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि हज-2026 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 08 जुलाई 2025 से आरम्भ होकर अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक जारी रहेगी। हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदक हज-2026 के दिशा-निर्देशों (गाइडलाइन) को ध्यान से पढ़ लें। आवेदन हेतु मशीन पठित वैद्य अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट होना आवश्यक है जो आवेदन की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 या उससे पूर्व का हो जिसकी वैद्यता तिथि 31 दिसम्बर 2026 तक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि हज-2026 हेतु सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा हेतु आवेदन करने का विकल्प रखा गया है जिसमें कम सीटें उपलब्ध हैं एवं व्यय अधिक होने की सम्भावना है तथा ऐसा विकल्प चयनित करने वालों हेतु केवल सात(07) उड़ान स्थल (अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चिन, दिल्ली, हैदराबाद व मुम्बई) निर्धारित हैं। सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्तें हज 2025 की भाँति ही रहेंगी। विस्तृत दिशा-निर्देश हज कर्मटी ऑफ़ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट हज कमेटी डॉट जीओवी डॉट इन व उ0 प्र0 राज्य हज समिति की वेबसाइट हज कमेटी यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। फ़ार्म भरने से पूर्व इसका अवलोकन अवश्य कर लें। ऑनलाइन आवेदन करते समय पासपोर्ट साइज़ फ़ोटो,पासपोर्ट का प्रथम पृष्ठ, अन्तिम पृष्ठ, ऐडरेस प्रूफ़, बैंक खाते का विवरण जिसमें कैंसल्ड चेक अथवा बैंक पासबुक की प्रति भी आवेदनकर्ता को अपलोड करनी होगी। हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया मुम्बई ने हज-2025 हेतु लखनऊ हवाई अड्डे से जाने वाले हज यात्रियों से रू0 337350 दिल्ली से रू0 327400 की धनराशि कुल हज खर्च के रूप में जमा करायी गयी थी। हज-2026 हेतु अधिकतम 05 लोग एक साथ आवेदन कर सकते हैं परन्तु सभी आवेदनकर्ता एक ही श्रेणी का होना एवं स्वयं का मोबाइल नम्बर अंकित होना आवश्यक होगा। ज़िला स्तर पर हैल्पलाइन मोबाइल नं0 मुहम्मद इरशाद आलम 9555584637, अफ़्फ़ान हक़क़ादरी 9897573400 है।

### ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**बदायूँ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को सूचित करते हुए बताया कि जो एक वर्षीय ''ओ'' लेवल एवं तीन माह का सी0सी0सी0 कम्प्यूटर का निःशुल्क कोर्स करने के इच्छुक हों तथा निम्नांकित योग्यता व शर्ते पूर्ण करते हों, वह कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0–118 विकास भवन, बदायूँ में सम्पर्क करके विभाग की वेबसाईट backwardwelfare.up.nic.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर समय सारिणी के अनुसार अन्तिम तिथि 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं, तत्पश्चात आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्ट आउट प्राप्त करके आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं हाईस्कूल तथा इण्टर की मार्कशीट की छायाप्रति लगाकर आवेदन पत्र दो प्रतियों में 14 जुलाई 2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कक्ष सं0–118 विकास भवन, बदायूँ में जमा करा दें।उन्होंने इसके नियम व शर्तों के बारे में बताया कि इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र दोनों में समान रूप से आय सीमा अधिकतम रू0 100000.00 वार्षिक होनी चाहिए। ''ओ'' लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम् शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न लेता हो। आवेदक पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित हो।

### एटा के शातिर शहर में कर रहे थे टप्पेबाजी, लूट की योजना बनाते गिरफ्तार

**बदायूं।** सदर कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात कादिर गेट पर लूट की योजना बनाते एटा के दो शातिरों को पकड़ा है। पुलिस की जांच वह दोनों टप्पेबाज निकले। इन दोनों ने जिले की दो महिलाओं के साथ टप्पेबाजी की थी। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। सदर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि शहर में पिछले 10 दिनों से टप्पेबाजी की कई घटनाएं हुईं। इन घटनाओं के बाद पुलिस ने शहर के करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। उसमें पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले। बृहस्पतिवार को सदर कोतवाली पुलिस को कादिर गेट के सामने दो संदिग्ध लोग दिखाई दिए। उनसे पूछताछ की और हुलिया की जांच की गई। इससे स्पष्ट हुआ वह दोनों टप्पेबाज हैं। पुलिस ने बताया कि यह दोनों लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक एटा के अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी निवासी सनी पुत्र किशनलाल और संजय उर्फ अमित कुमार पुत्र गुलाब सिंह हैं। उनके पास दो तमंचा व कारतूस के अलावा महिलाओं के उतारे गए जेवर व 7700 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

### चंद्रिका देवी कालेज में रोजगार मेला 14 को

**बदायूँ।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि कौशल विकास मिशन द्वारा 14 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज उझानी रोड पर किया जाएगा। जिसमें 10–15 सेवायोजित कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा एवं 15 जुलाई विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें रोजगार मेले में चयनित होने वाले लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किए।

### अलापुर में उर्वरक की कालाबाजारी बेनकाब, छापा पड़ते ही दुकानदार भागे

**बदायूं।** जिले में उर्वरकों की काला बाजारी पर शिकंजा कसने के लिए कृषि विभाग की टीम हरकत में आई। उप निदेशक कृषि ने जिला स्तरीय टीम के साथ अलापुर कस्बे में कई उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की भनक मिलते ही इमाद इंटरप्राइजेज और कृष्ण ट्रेडर्स के दुकानदार दुकान बंद करके भाग गए। उप निदेशक कृषि मनोज कुमार ने बताया कि दोपहर के समय अलापुर कस्बे में उर्वरक की दुकानों की जांच की। जैसे ही वह दुकानों की जांच करना शुरू किए। इसकी जानकारी बाजार में फैल गई। उप निदेशक कृषि दो ही दुकानों का निरीक्षण कराए। यहां पर उन्होंने स्टॉक का मिलान पॉश मशीन से किया। साथ ही वहां पर लगे बोर्ड को देखा। जो पूरी तरह से अपडेट था। इसके बाद में वह अगली दुकान का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो पाया कि वहां ताला लगा हुआ है। यहीं हाल अगली दुकान का था। बाद में उप निदेशक कृषि वापस लौट गए। उन्हें मौके पर बंद मिली इमाद इंटर प्राइजेज और कृष्ण ट्रेडर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया। कस्बे के लोगों का आरोप है कि दुकानदार स्टॉक कम दिखाते हैं।

### डीएम एसएसपी ने सुनी थाना दिवस पर जन–समस्याएं

**बदायूं।** थाना दिवस/ समाधान दिवस पर डीएम अवनीश राय तथा एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा थाना अलापुर पर उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया,साथ ही संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण करने के आदेश–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा थाना दिवस / समाधान दिवस रजिस्टर चेक कर सम्बन्धित को अद्यावधिक हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने – अपने सर्किल में उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण कराया गया।

### रोजगार मेले में युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र




**वाराणसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोज़गार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों एवं संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आज का दिन इन युवाओं के लिए भारत सरकार के विभिन्न विभागों में नई ज़िम्मेदारियों की शुरुआत का दिन है। उन्होंने विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं शुरू करने वाले युवाओं को बधाई दी और इस बात पर ज़ोर दिया कि अलग–अलग भूमिकाओं के बावजूद, उनका साझा लक्ष्य ''नागरिक प्रथम'' के सिद्धांत पर आधारित राष्ट्र सेवा है।प्रधानमंत्री ने भारत की जनसांख्यिकीय और लोकतांत्रिक नींव की बेजोड़ ताकत पर ज़ोर दिया। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ भारत में घरेलू और वैश्विक स्तर पर भविष्य को आकार देने की अद्वितीय क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशाल युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूंजी है और सरकार इस पूंजी को दीर्घकालिक समृद्धि के उत्प्रेरक में बदलने के अपने प्रयासों में दृढ़ है।श्री मोदी ने कहा, अभी दो दिन पहले ही मैं पांच देशों की यात्रा से लौटा हूं। मैंने जिन भी देशों का दौरा किया, उनमें भारत के युवाओं की शक्ति का ज़ोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस यात्रा के दौरान हुए समझौतों से देश–विदेश में भारतीय युवाओं को लाभ होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस यात्रा के दौरान रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, डिजिटल तकनीक, ऊर्जा और दुर्लभ मृदा खनिजों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुए विभिन्न समझौतों से दूरगामी लाभ होंगे। श्री मोदी ने आगे कहा, ये पहल न केवल भारत की वैश्विक आर्थिक स्थिति को मज़बूत करेंगी बल्कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में युवा भारतीयों के लिए सार्थक अवसर भी पैदा करेंगी।

## शान्ति, सुरक्षा व कानून एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस उपायुक्त ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन प्रमोद कुमार द्वारा श्रवण मास (कांवड़ यात्रा) में शान्ति/सुरक्षा/कानून एवं यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत थाना मण्डुवाडीह एवं रोहनिया क्षेत्र के प्रमुख महादेव मन्दिरों की सुरक्षा-व्यवस्था एवं दर्शनार्थियों के सुगम दर्शन हेतु किये गये मन्दिर प्रबन्धन तथा शिव मन्दिरों को जाने वाले मार्गों का ई-रिक्शा के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमणशील होकर यातायात प्रबन्धों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान साथ में अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन श्रीमती नीतू कादयान व सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया श्री संजीव शर्मा भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्लानिंग, श्रद्धालुओं की सुविधाएं, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था एवं मेडिकल सहायता की उपलब्धता का विशेष रूप से जायजा लिया गया। डीसीपी महोदय ने संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि श्रावण मास के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था, जाम या श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए मुकम्मल प्रबन्ध किए जाएं तथा सभी अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर समयबद्ध रिपोर्ट देना सुनिश्चित करेंगे।

## एडीएम फाइनेंस ने की अधिकारियों के साथ बैठक वसूली कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 गंभीर सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संग्रह/वसूली कार्यों की अमीनवार समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में वसूली की प्रगति बढ़ाये जाने के हेतु समस्त अमीनों को निर्देशित किया गया कि ऑनलाइन पोर्टल पर अमीनवार लक्ष्य/डिमाण्ड के सापेक्ष प्रभावी वसूली कर समयान्तर्गत पोस्टिंग करना सुनिश्चित करें तथा मदवार वसूली रसीदों को डी0सी0आर0 रजिस्टर में अनिवार्य रूप से चश्पा करते हुए उसके निरीक्षण अवलोकन हेतु संबधित तहसीलदार अथवा उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बड़े बाकीदारों को चिन्हित करते हुए, उनके विरूद्ध अभियान चलाकर चल एवं अचल सम्पत्ति कुर्की नीलामी एवं गिरफ?तारी की कार्यवाही कर वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि तहसील के सर्वाधिक कम वसूली वाले 05 अमीनों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए माह के अंत में प्रस्तुत करें।अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने निर्देश दिया कि मुख्य रूप से राज्य वित्त एवं विद्युत देय में प्रभावी अभियान चलाकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समेकित कार्यवाही सुनिश्चित करायें।उन्होंने कार्यालय पटल सहायकों को कड़े निर्देश दिये कि मदवार वसूली के रजिस्टर को परिषदादेश के अनुसार तैयार कराते हुए माह के अंत में संबंधित तहसीलदार अथवा उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें।उन्होंने कहा कि न्यायालय की आर0सी0 में तत्परतापूर्वक बाकीदारों को चिन्हित करते हुए प्रभावी वसूली सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि खराब प्रदर्शन करने वाले अमीनों के विरूद्ध कार्यवाही के साथ-साथ उनके पटल / हल्का परिवर्तन हेतु भी प्रस्ताव प्रस्तुत करें। समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी, सदर, तसहीलदार, सदर, मुख्य राजस्व लेखाकार व समस्त संग्रह स्टाफ तथा तहसील सदर में तैनात समस्त संग्रह अमीन उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से सात वर्षीया बच्ची की मौत

**चार घायल मामा के साथ मोटर सायकिल से बाजार से घर जाते समय हुआ हादसा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र में आजमगढ़-गाजीपुर मार्ग पर भैसही नदी के पास शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे में सात वर्षीया बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तरवां थाना क्षेत्र के जियापुर गांव निवासी सात वर्षीया अनन्या पासवान, पुत्री धर्मराज, अपनी नौ वर्षीया बड़ी बहन शिवांगी के साथ अपने ननिहाल जहानागंज थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में नाना शिवचंद के घर आई थी। शुक्रवार रात करीब आठ बजे अनन्या और शिवांगी अपने मामा सूरज और पिंटू के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर जहानागंज बाजार से चाऊमीन खाकर घर लौट रहे थे। भैसही नदी के पास पहुंचते ही सामने से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सभी सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल कोल्हूखोर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने अनन्या को मृत घोषित कर दिया। उसकी बहन शिवांगी की हालत गंभीर होने के कारण उसे निजी अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों, सूरज और पिंटू, का भी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। क्षेत्र में इस दुखद घटना को लेकर शोक की लहर है।

### सलोन में डीएम–एसपी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने सलोन में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, ग्रामीण चक मार्ग, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए।डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।इसके उपरांत अधिकारी द्वय ने सलोन तहसील के जीर्णोद्धार सभागार व नव निर्मित स्टेनो कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसडीएम सलोन चंद्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकार सलोन, पुलिस व राजस्व विभाग की टीम उपस्थित रही।

### धान की रोपाई कर रहे पांच मजदूरों पर गिरी गाज, एक की मौत

हमीरपुर। शनिवार शाम कुरारा थाना क्षेत्र के सिवनी गांव में बांदा से धान रोपाई करने आए पांच मजदूरों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं चार गम्भीर रूप से झुलस गए। सभी मजदूरों को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने 30 वर्षीय मजदूर को मृत घोषित कर दिया। शेष का प्राथमिक उपचार चल रहा है।बांदा जनपद के वलयान गांव निवासी मजदूर सुरेश ने बताया कि वह छह जुलाई से 12 लोग सिवनी गांव में गोविंद यादव के खेत पर धान की रोपाई कर रहे हैं। बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे धान की पौध उखाड़कर रोपाई की तैयारी मजदूर पिंटू (30) भूरवा निवासी जुगरेही थाना बबेरू, सुनील (28) पुत्र प्रभु दयाल, निर्मला (40) पत्नी सुरेश ललित (16) सुशील (35) पुत्र राम अवतार निवासी वलयानडागरा पुरवा कर रहे थे। वहीं अन्य मजदूर खेत में रोपाई करने में व्यस्त थे। तभी धान की बेल निकाल रहे इन पांच मजदूरों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई।

## श्रावण झूला मेला व कांवड़ यात्रा के लिए डीएम ने किया निरीक्षण

**जिलाधिकारी ने मणि पर्वत मेला क्षेत्र के निरीक्षण कर पार्किंग व कंट्रोल रूम, वहां पड़े मलबे को तत्काल हटाते हुए साफ सफाई वाला लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अयोध्या । श्रावण झूला मेला व कांवड़ यात्रा के के लिए शनिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ दृष्टिगत राम की पैड़ी, नागेश्वर नाथ मंदिर के प्रमुख मार्गो, धर्म पंथ, परिक्रमा मार्ग व मणि पर्वत का स्थल निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि श्रावण माह प्रारंभ हो गया है और 14 जुलाई को सावन का प्रथम सोमवार है जिसमें जनपद अयोध्या के साथ-साथ निकटवर्ती जनपद- बस्ती गोंडा आदि से भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे और जनपद के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की जा रही है और जहां कमियां पाई गई हैं उनको यथाशीघ्र ठीक करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान राम की पैड़ी व नागेश्वर नाथ मंदिर के पास सभी मार्गों को देखा गया और साफ सफाई के साथ-साथ शौचालय, स्वास्थ्य शिविर, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, रात्रिकालीन रोशनी, ट्रैफिक प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धर्मपथ पर राजघाट हाल्ट के पास कच्ची पक्की पार्किंग की जानकारी करते हुए कहा कि जहां पर गड्ढा है या पानी भर रहा है उसको समतली कर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मणि पर्वत मेला क्षेत्र के निरीक्षण दौरान पार्किंग व कंट्रोल रूम के बारे में जानकारी की गई तथा वहां पड़े मलबे को तत्काल हटाते हुए साफ सफाई वाला लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर, पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकार सदर सहित संबंधित अधिकारीगण व कार्यदाई संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे।

# करनैलगंज नकार,दिनारी व लालेमऊ में दोनों हाथों से मनरेगा में मची है लूट

**वीडियो व एपीओ पर दरियादिली का आरोप**

**ग्रामीणों ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग इन गाँवों में अल्लीपुर गोकुला, बरदहा, मलौलीं, नारा यणपुर साल में बड़े पैमाने पर मनरेगा में लूट**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के करनैलगंज ब्लॉक की ग्राम अल्लीपुर गोकुला ,बरदहा, मलौलीं, लालेमऊ में इन वीडियो,एपीओ,और तकनीकी सहायक कि छत्रछाया में इन दिनों मनरेगा में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है।यहां फ र्जी मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की लूट की जा रही है।वह भी डंके की चोट पर।सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनरेगा में धांधली की तमाम शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिका री कुंभर्णी की नींद में सो रहे हैं और कार्रवाई करने के बजाय खाना पूर्ति कर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन उनके ही प्रदेश में गोंडा जिले के करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना को खुलेआम पलीता लगाया जा रहा है।इस खेल में जिम्मेदार अधि कारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है।जिले के करनैलगंज ब्लॉक में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में रोजा ना कोई न कोई नया मामला देखने को मिल रहा है।ताजा मामला ग्राम पंचायत नकार का है।नकार ग्राम पंचायत में कागज पर 115 श्र मिकों की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।अ धिकारियों की उदासीनता का आलम यह है कि श्रमिकों की ओर से किए गए कार्यों का आंक लन भी सही ढंग से नहीं कर पा रहे हैं।ऐसे हीचगेरिया ग्राम पंचायत में भी कार्य स्थल पर जि स प्रकार से काम कराया जा रहा है,उसे देख क र ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक श्र मिक दिन भर में कितना काम कर रहा है।यह पूरा खेल सिर्फ मानव दिवस बढ़ाने के चक्कर में किया जा रहा है।फर्जी मस्टर रोल जारी कर मानव दिवस बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।ग्राम पंचायत नकार में श्रीराम क़े घर व राम पाल क़े घर क़े सामने तलाब खुदाई का कार्य कागजों में चल रहा है।इस कार्य पर रोजाना 115,श्रमिकों की ओर से कार्य होना दिखाया जा रहा है,लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।इसी तरह पूरे अल्लीपुर गोकुला में ललित राम के खेत के बगल तालाब खुदाई सफाई का र्य के लिए 142 श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है लेकिन धरातल की वास्तविकता चौंकाने वा ली है।हैरत की बात यह है कि कार्य का सत्यापन करने वाले जिम्मेदार अधिकारी भी आंखें बंद करके सत्यापन कर दे रहे हैं।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच

मंडलायुक्त मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में जब देवीपाटन मंडल गोण्डा के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि टी म गठित कर मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# गोण्डा में मासूम को दी तालिबानी सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





गोंडा। जिले नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाब गंज कस्बे में एक दुकानदार ने एक दस वर्षीय नाबालिग बच्चे को चोरी के शक में तालिबानी सजा दी गई है।घटना पहलवान वीर बाबा मंदि र के पास स्थित हनुमान तिवारी की हार्डवेयरऔर किराना दुकान की है।जहां आज शनिवार सुबह करीब 9 बजे दुकानदार हनुमान तिवारी अपनी दुकान खुली छोड़कर पास में गए थे।उनका आरोप है कि इसी दौरान एक बच्चा दुकान में घुसकर गल्ले से पैसे चुराने लगा। दुकानदार ने बच्चे को पकड़ लिया और पहले थप्पड़ों से पीटा, फिर रस्सियों से बांध दिया। बच्चे की पहचान मोनू के रूप में हुई है।वह तरबगंज थाना क्षेत्र के सेझिया गांव के पंडित पुरवा का रहने वाला है।मोनू ने बताया कि वह टैक्सी से नवाबगंज घूमने आया था।घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की पीआरवी से उपनिरीक्षक श्याम सुंदर मौके पर पहुंचे।दुकान दार ने बच्चे को पुलिस को सौंपने से मना कर दिया।उसने कहा कि बच्चे के माता-पिता के आ ने पर ही छोड़ेगा।थानाध्यक्ष अभय सिंह को जा नकारी मिलते ही उन्होंने बच्चे को पुलिस संरक्ष ण में ले लिया।अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**चोरी के शक में मारपीट कर रस्सी में हाथ पैर बांधा**

स्थानीय लोगों के अनुसार,कई लोगों ने दुकानदार से बच्चे को छोड़ने का अनु रोध किया,लेकिन उसने मना कर दिया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है,हालांकि वायरल वीडियो कब का है इसकी पुस्टि कैनविज टाइम्स नहीं करता है।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पूर्व मंत्री के घर पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य ने पूर्व मंत्री विधायक सदर बहराइच श्रीमती अनुपमा जायसवाल के आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया। सदर विधायक के आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत सामरिक शक्ति बनने के साथ विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था के पायदान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के विज़न के सहारे भारत नित्य नये आयाम स्थापित कर रहा है। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़े बड़े अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल में भेजा गया है ताकि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश का चतुर्मुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में चल रही कावड़ यात्रा के दौरान भक्तों पर पुष्पवर्षा करायी जा रही है तथा यात्रा के दौरान भक्तों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना भेद-भाव के सबका साथ, सबका विकास, सबका उत्थान के उद्देश्य से कार्य कर रही है। सभी पात्र लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त हो रहा है।इस अवसर पर सांसद बहराइच आनन्द कुमार गौड़ एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा, श्रावस्ती विधायक रामफ़ेरन पाण्डेय, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, अवध क्षेत्र के संगठन अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार अन्य अधिकारी व सम्बन्धित मौजूद रहे।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



गोण्डा। पुलिस ने अवैध तमंचे सहित एक अभि युक्त को गिरफ्तार किया है।तलाशी के दौरान एक जिन्दा कारतूस और खोखा भी बरामद हुए हैं।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ सं बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है। बताते है कि शुक्रवार कि रात्रि में खरगूपुर थाना के उप निरीक्षक सत्य नारायण यादव मय हमराह के साथ रात्रि गश्त एवं क्षेत्र भ्रमण हेतु रवाना थे कि विरमा नहर पुलिया के पास एक व्यक्ति संदिग्ध दिखने पर रोक टोक कर उसे चेक किया गया तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस व खोखाबरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त इसरार के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्याया लय रवाना किया गया।

# सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ज़िला कार्यकारिणी भंग

**नई संगठनात्मक संरचना के लिए जल्द किया जाएगा पुनर्गठन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की एक विशेष बैठक ज़िलाध्यक्ष संत कुमार पासी की अध्यक्षता में उनके निजी आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रकोष्ठ के महासचिव राम कुमार आर्य ने किया। बैठक में संगठन की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि वर्तमान जिला कार्यकारिणी अपेक्षित सक्रियता और संगठनात्मक उत्तरदायित्व के निर्वहन में विफल रही है। इस संदर्भ में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जनपद स्तरीय जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में व्यापक भ्रमण व संवाद कर, जमीनी स्तर पर सक्रिय, ईमानदार एवं संघर्षशील कार्यकर्ताओं को संगठन में शामिल करते हुए एक नई, ऊर्जावान एवं समर्पित जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में दृढ़ विश्वास व्यक्त करते हुए 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी को पूर्ण बहुमत दिलाकर पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नानपारा विधानसभा अध्यक्ष अमृत लाल सरोज, पयागपुर से राम राज राव, कैसरगंज से कमलेश कुमार गौतम, ज़िला उपाध्यक्ष सत नारायण पासवान एवं राकेश कुमार वाल्मीकि, ज़िला सचिव भगौती प्रसाद, सदस्य मनोज कुमार गौतम सहित अनेक पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से यह विचार दोहराया कि समाज के हर वंचित और शोषित वर्ग की आवाज़ बनना ही समाजवाद का असली उद्देश्य है, और इसी लक्ष्य को लेकर संगठन की मजबूती हेतु निरंतर कार्य किया जाएगा।

# सावन में नहीं सुधरी सड़कों की सूरत, कांवड़ यात्रा में बाधा बना बदहाल रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। सावन के पवित्र माह में जहां शिवभक्त उत्साह और भक्ति से ओतप्रोत होकर कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं, वहीं शिवपुर विकास खंड के अंतर्गत चंदेला कला से लेकर जंगली नाथ मंदिर तक की सड़कें इन दिनों मुसीबत का दूसरा नाम बन चुकी हैं। सरयू नदी के पावन घाट बौड़ी से जल लेकर हजारों कांवड़िए इमामगंज, नकहा, चौगाई, चंदेला कला, मानिकपुर और बघौली जंगल होते हुए जंगलीनाथ मंदिर की ओर पैदल यात्रा करते हैं, लेकिन मुख्य मार्ग की जर्जर हालत उनके लिए यात्रा नहीं, संघर्ष बन चुकी है। खासकर छोटा चंदेला मार्ग की दशा बेहद दयनीय है, जहां बारिश के चलते सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है और रास्ता दलदल में बदल जाता है। फिसलन, कीचड़ और अनियमित सतह के कारण शिवभक्तों को हर कदम फूंक-फूंक कर रखना पड़ता है। चोटिल होने का डर हमेशा बना रहता है और यात्रा का पवित्र उद्देश्य असुविधाओं में कहीं खो सा जाता है।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग की वर्षों से कोई मरम्मत नहीं हुई। शिकायतों और निवेदनों के बावजूद न तो प्रशासन ने संज्ञान लिया और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस पहल की। वही चंदेला कला के नेवल किशोर सिंह का कहना है कि टूटी सड़कों पर कंकड़-पत्थर और गड्ढों के कारण कांवड़ियों को नंगे पैर चलने में परेशानी हो रही है, जिससे उनके पैर छिल रहे हैं। ग्रामीणों और कांवड़ियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि धार्मिक आस्था को सम्मान देते हुए इस मार्ग की मरम्मत तत्काल कराई जाए, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित और सम्मानपूर्वक अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

# पशुपालन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सतत प्रोत्साहन दे रही योगी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । प्रदेश की योगी सरकार से मिल रहे प्रोत्साहन का असर डेयरी सेक्टर में दिखने लगा है। इससे जुड़कर हजारों ग्रामीण महिलाएं अपनी आर्थिकी मजबूत कर जीवन संवार रही हैं। बुंदलेखंड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) का गठन कराया है। महज डेढ़ साल में इसके परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक हैं। गोरखपुर मंडल की 25 हजार महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाते हुए इस एमपीओ ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 50 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया है। जबकि 1445 महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। इनमें से एक कौशल्या को आज लखनऊ में पशुपालन से जुड़े एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपना अनुभव साझा करने का अवसर मिला।

# निजी अस्पताल बना मरीजों के शोषण का अड्डा

**मरीज को फंसाकर करते हैं आर्थिक शोषण स्थिति बिगड़ने के बाद कर दिया जाता है रेफर**

**पैथालॉजी सेंटरों में खून की जांच के नाम पर मरीजों का हो रहा आर्थिक शोषण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले में इन दिनों मौसम के उतार चढ़ाव के चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में में खांसी जुकाम के साथ ही वायरल फीवर के रोगियों इजाफा हो रहा है इसका पूरा फायदा उठाने के लिए निजी चिकित्सकों की मिली भगत के चलते खून की जांच के नाम पर कस्बे में संचालित अवैध पैथोलॉजी व ब्लड कलेक्शन सेंटरों के संचालकों द्वारा मरीजों को खून की जांच के नाम पर लूटा जा रहा है जबकि स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए बैठा है।लाखो की आबादी वाले शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अवैध पैथो लॉजी एवं ब्लड कलेक्शन सेंटरो की बाढ़ सी आ गई है।जहां पैथालॉजी संचालकों ने पैथोलॉजिस्ट के नाम का बोर्ड तो लगा रखा है किन्तु किंतु किसी भी पैथालॉजी में पैथालॉ जिस्ट डाक्टर की नियुक्ति नहीं है परंतु निजी चिकित्सकों के द्वारा खून की जांच के लिए भेजे मरीजों से ब्लड का सेंपल लेकर पैथा लॉजिस्ट के हस्ताक्षर बनाकर मनमानी दाम ले कर मरीजों के तीमारदारों को जांच रिपोर्ट थमायी जा रही है आलम यह है कि जिले में बिना पैथोलॉ जिस्ट के करीब दर्जनों से अधिक पैथोलॉजी सेन्टर संचालित हो रहे हैं जहां निजी अस्पताल संचालकों की सांठ गांठ से खून की जांच के नाम पर मरीजों का आर्थिक शोषण किया जा रहा, समाजसेवियों का कहना है कि अवैध रूप से चल रहे पैथोलॉजी एवं ब्लड कलेक्शन सेंटरों मे खून की जांच के नाम पर मरीजों से मनमानी पैसा लेकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है तथा खून की जांच कराने के लिए इन पैथोलॉजी में भेजने वाले डॉक्टरों के मनमाफिक जांच रिपोर्ट में प्लेट लेट्स कम दिखाने के साथ ही टाइफाइड होने की रिपोर्ट मरीजों को थमा दी जाती है ऐसे पैथोलॉजी व ब्लेड कलेक्शन सेंटरों की जांच करा कर कार्रवाई होनी चाहिए।

### निजी चिकित्सकों की सेटिंग से बनती है रिपोर्ट

परसपुर, बेलसंर, तरबगंज, मनकापुर, करनैलगंज क्षेत्र में पैथोलॉजी व ब्लड कलेक्शन सेंटरों में सीबी सी जांच रिपोर्ट में टाईफाइड के साथ साथ प्लेटले ट्स घटाने बढ़ाने का खेल इनके बायं हाथ का का म है आलम यह है कि शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुले प्राइवेट क्लीनिक के डॉक्टरों के इशारे पर म रीजों से जांच रिपोर्ट में टाईफाइड,प्लेटलेटस,घटा ने के साथ ही टीएलसी,डीएलसी व हिमोग्लोबिन घटाने-बढ़ाने का खेल बखूबी किया जाता है कमी शन बाजी के चक्कर में मरीजों के तीमारदारों की जेब ढीली कर दी जाती लूट के इस खेल में पैथोलॉ जी संचालकों द्वारा खून की जांच कराने के लिए पै थोलॉजी भेजने वाले निजी चिकित्सकों को चाली स से पचास प्रतिशत तक का कमीशन दिया जाता है।

## भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए खड़ी कांवड़ में गंगा जल लेने गए बेड़े

मुरादाबाद । सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए खड़ी कांवड़ में गंगा जल लेने जाने का शनिवार को आखिरी दिन था। जो लोग जल लेने गए उनमें से अधिकांश ने दोपहर बारह बजे से पहले ही बृजघाट के लिए प्रस्थान कर लिया। जबकि निजी वाहनों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु जल लेने हरिद्वार गए। कई बेड़ों के साथ डीजे लगे वाहन भी गए। रामपुर, बरेली, बदायूं और इसके आसपास के कांवड़ बेड़ों ने आज बृजघाट और हरिद्वार से वापसी भी की। इससे कांठ और दिल्ली रोड पर भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहे।शुक्रवार को सावन का पहला दिन होने के कारण काफी कांवड़िये जल लेने नहीं गए थे। इसीलिए सब दूज में चले गए। वैसे भी इनके पास मात्र दो दिन ही शेष हैं। पीतल नगरी से बृजघाट जल लेने गए महाकाल बेड़े के महंत दीपक सैनी ने बताया कि आज ही जल भरकर वापसी करेंगे। रात तक रजबपुर आने का प्रयास रहेगा। रविवार को मुरादाबाद आकर देर रात जलाभिषेक करने का प्रयास रहेगा। जबकि काफी श्रद्धालु निजी वाहनों से हरिद्वार जल लेने गए। दूसरी ओर रामपुर और बरेली तक के कांवड़ियों ने हरिद्वार और बृजघाट से वापसी शुरू कर दी। राम के शिव कांवड़ बेड़े के महंत राजू प्रजापति ने बताया वह आज रात काशीपुर तिराहे पर विश्राम करेंगे। सुबह चलकर शाम तक रामपुर पहुंच जाएंगे। रात को मोहल्ला गुरुद्वारा स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। जबकि मिलक के बेड़े मूंढापांडे या रामपुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कुंवर आनंद सिंह को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया क़े पिता कुंवर आनंद सिंह के निधन पर शोक संवेदनाओं का सिलसिला जा री है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के बाद प्रदेश के दूसरे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को मन कापुर कोट पहुंचे और दिवंगत महराज को श्र द्धांजलि दी।उन्होने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व उनके परिजनों से मुकालात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया।कुंवर आनंद सिंह चार बार गोण्डा सांसद,विधायक व प्रदेश के कृषि मंत्री रहे उनका सात जुलाई को निधन हो गया था।बेटे कीर्तिवर्धन सिंह जो वर्तमान में जिले के सांसद तथा केंद्र सरकार में राज्यमंत्री है ने उन्हे मुखाग्नि दी है।राजनीति मे यूपी टाइगर के नाम से विख्यात रहे स्व कुंवर आनंद सिंह के निधन से जिले भर में शोक की लहर है।उन्हे श्रद्धांज लि देने के लिए प्रतिदिन कोई न कोई वीवी आईपी मनकापुर कोट पहुंच रहा है।शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजकीय हैलीकॉप्टर से मनकापुर के आरपी इंटर कालेज में उतरे।? यहां से वह मनकापुर कोट पहुंचे और दिवंगत महराज को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे याद किया।उपमुख्य मंत्री ने केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व उनके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और महराज के निधन पर शोक प्रकट किया।इस दौरान उनके साथ तरबगंज विधाय क प्रेम नारायन पांडेय,मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी,ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी,नगर पंचाय त चेयरमैन दुर्गेश सोनी, भाजपा जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी व तुलसीदास राय चंदानी समे त पार्टी पदाधिकारी,कार्यकता व आमजन उप स्थित रहे।

# ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व रखने वाली टेढ़ी नदी के पुनरूद्धार का श्रीगणेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। उदगम स्थल चित्तौरा झील से निकलकर जनपद में 61.400 कि.मी. तथा कुल 232 किलोमीटर के टेढ़े मेढ़े रास्ते तय कर अयोध्या जी स्थित सरयू नदी में विलीन होने वाली 'टेढ़ी नदी' (कुटिला नदी) अपना ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व रखती है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर विकास खण्ड हु.ज़ूरपुर स्थित ग्राम गौड़रिया में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख हु.ज़ूरपुर अजीत प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुरेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान जय प्रकाश चौरसिया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा ग्रामवासियों के साथ श्रमदान कर नदी के पुनरूद्धार कार्यक्रम का श्रीगणेश किया गया।नदियों के महत्व की बात की जाय तो नदियों के बगैर मानव जाति के अस्तित्व की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। मानवजीवन के लिए नदियों के महत्व को इसी बात से समझा जा सकता है कि यह मात्र जल का एक महत्वपूर्ण साधन ही नहीं है बल्कि कृषि, उद्योग, परिवहन, ऊर्जा उत्पादन और सांस्कृतिक परंपराओं का भी आधार हैं। नदियाँ, मानव सभ्यता की रीढ़ हैं। नदियां मानव जाति को ईश्वर की ओर से प्राप्त होने वाला सबसे बड़ा उपहार है। जल स्रोत के तौर पर नदियां जहां हमें पीने योग्य पानी देती हैं वहीं अपने जलस्रोतों से खेतों में उगने वाली फसलों तथा विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों की ज़रूरतों को पूरा कर हमारे लिए भोजन व अन्य उपयोगी संसाधनों की पूर्ति करती हैं।इसके अलावा नदियां जहां परिवहन का एक सस्ता और कुशल साधन हैं वहीं जलविद्युत उर्ज़ा को सहारा देकर यही नदियां हमारे लिए विद्युत का भी प्रबन्ध करती हैं।

# सावन भर सोमवार से पहले वाली रात कांँवड़ यात्रियों के लिए सड़कें होगी साफ: डॉ आस्था अग्रवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मुख्य मार्गों पर डंपिंग पॉइंट लगातार होंगे साफ**

**कोताही बरतने पर की जाएगी कार्यवाही**

**पालिकाध्यक्ष ने शहर के मंदिर मार्गों का किया निरीक्षण**

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने सावन के महीने में कछला और हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों के शहर में प्रवेश होने से मंदिरों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों पर जिन स्थानों पर कूड़ा पड़ा होता है वहां विशेष सफाई रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों पर निरीक्षण करके अधिशासी अधिकारी को प्रतिदिन डंपिंग पॉइंट और कूड़ा डाले जाने वाले स्थानों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक सोमवार से पहले वाली रात कांवड़ियों के जाने वाले मार्गों पर झाड़ू लगवाने के बाद कूड़ा उठाने और चूने से सड़क सजाने को कहा है। कांवरियों के मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा गंदगी मिलने पर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की बात भी कही है।

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने शनिवार को शहर में मुख्य मार्गों पर कूड़ा एकत्र किए जाने वाले स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पूरे सावन कावड़ यात्रियों के मार्गो पर सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। डॉ आस्था ने निर्देश दिए कि अधिशासी अधिकारी स्वयं इन मार्गो पर निकालकर स्थलीय निरीक्षण प्रतिदिन करें जिससे की कावड़ यात्रियों को दिक्कत न होने पाए मंदिरों के आसपास प्रतिदिन झाड़ू लगाकर कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि श्रावण मास में गंगा जल लेकर हजारों कांवड़ यात्री शहर के नौगवां चौराहा और ईदगाह चौराहा से होते हुए शहर में प्रवेश करते हैं।

कांवरिया दूधिया नाथ मंदिर से होते हुए लेखराज चौराहा, गीता मंदिर रोड, लोहा बाजार और लकड़ी मंडी जाटों चौराहा से होते हुए बरेली दरवाजा की ओर जाते हैं। इसके बाद वे गौरीशंकर मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। काफी संख्या में कांवरिया स्टेशन रोड स्थित अर्धनारीश्वर मंदिर पर भी जल चढ़ाने पहुंचते हैं। इस बीच रास्ते में जहां-जहां डंपिंग पॉइंट बने हुए हैं, वहां सुबह जल्दी कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाए। सड़क को साफ किया जाए और दिन में लगातार सफाई नायक मौके पर रहकर मॉनिटरिंग करें। जिससे कि कांवड़ यात्रियों के मार्ग पर सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठीक रहे। उन्होंने सफाई निरीक्षक से भी कहा कि वे लगातार पूरे सावन के महीने में इन मार्गों पर लगातार निरीक्षण करते रहेंगे। सावन के सोमवार से पहले वाली रात में कवर यात्रियों के मार्ग पर झाड़ू लगाई जाएगी और चूने से सड़कों को सजाया जाएगा, जिससे कि सोमवार को सुबह से श्रद्धालु स्वच्छ सड़क से होते हुए मंदिरों की ओर प्रस्थान करेंगे। बताया कि प्रमुख शिवालयों के पास पालिका की ओर से पानी के टैंकर भी खड़े किए जाएंगे।

# श्रावण मास में शरारती तत्वों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर : एसपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी में सीडीओ व एसपी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया पूजन**

अमेठी । श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी व मंदिर जाने वाले मुख्य मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।श्रावण मास व कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा थाना क्षेत्र फुरसतगंज अन्तर्गत तपेश्वरनाथ धाम मंदिर पीढ़ी व मंदिर जाने वाले मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये बैरिकेटिंग कर समुचित पुलिस प्रबंध के माध्यम से व सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की निगरानी करने, वर्दी तथा सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात कर व भ्रमणशील रहते हुये संदिग्धों एवं शरारती तत्वों पर नजर रखने एवं मंदिर जाने वाले मार्गों पर भी सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के एवं प्रकाश व पेय जल की व्यवस्था के संबंध में संबंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन करते हुये मेला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की गयी।इस दौरान उपजिलाधिकारी अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# यूपी के कैबिनेट मंत्री के जन्मोत्सव पर पूरनपुर चेयरमैन ने किया विशेष पूजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार मे मुख्यमंत्री योगी के सहयोगी कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' के जन्मोत्सव के अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा अपने साथी सहयोगियों के साथ अशोक कॉलोनी में स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर पर पंडित अनिल शास्त्री के मार्गदर्शन में विधि विधान से शिव पूजन करवाकर राज्य मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की वैश्य समाज के सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मंत्री नंदी व्यापारियों के सम्मान और सामाजिक उत्थान की आवाज हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता,समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, डॉ. दिनेश गुप्ता, संदीप खंडेलवाल, नवीन अग्रवाल, हर्ष गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, विकास गुप्ता 'राम' पंडित अनिल शास्त्री एवं अन्य सम्मानीय जन उपस्थित रहे।वक्ताओं ने मंत्री नंदी को कर्मठ और जनप्रिय जनसेवक बताया उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

# पिता- पुत्र ने मिलकर युवक पर लोहे की रॉड से किया हमला, गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

**पुलिस ने पिता पुत्र पर दर्ज किया मुकदमा**

**बेहोशी की हालत में घायल को छोड़कर आरोपी फरार, मुकदमा दर्ज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। बाजार से परचून दुकान पर जा रहे युवक पर पीछे से आए पिता पुत्रों ने लोहे की राड से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद उससे हजारों की नगदी और मोबाइल लूट लिया। बचाओ बचाओ की आवाज लगाने के बाद वह घायल बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी मरणासन्न अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। परिवार के लोग घायल को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया है। पिता की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है।माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भूरा गोरख डिब्बी निवासी प्रदीप पुत्र जितेन बरोई 11 जुलाई घरेलू सामान लेने के लिए परचून की दुकान पर जा रहा था। तभी दुखीराम के घर के टर्मिनल बंधिया के ऊपर गांव का रहने वाला सरजीत बरोई अपने पिताजी चित्तो बरोई के साथ पीछे पहुंच गया। इसके बाद।जान से मारने की नीयत से लोहे की राड से सिर पर हमला कर दिया। इससे युवक जमीन पर गिर गया। विरोध करने के बाद आरोपियों ने युवक की जेब से 12 हजार 500 की नगदी और मोबाइल छीन लिया। प्रदीप बचाओ बचाओ की आवाज लगाने के बाद बेहोश हो गया। इसके बाद पिता पुत्र उसको मरा समझ कर फरार हो गए। होश में आने के बाद उसने घर पर सूचना भिजवाई। मामले की शिकायत परिवार के लोग आरोपियों के घर करने पहुंचे। तभी सभी फरार हो गए। घायल के पिता जितेन बरोई ने बताया मारपीट करने वाले पिता पुत्रों से उनकी कोई दुश्मनी नहीं है। इसके बावजूद बेटे के साथ घटना को अंजाम दिया गया है। जान माल का खतरा बताकर मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने घायल का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी अशोक पाल ने बताया युवक से मारपीट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एक बार फिर बड़ा हादसा होने से टला, स्कूली वैन के अंदर फंसे छात्रों को निकाला

पूरनपुर। सेहरामऊ के जोगराजपुर में एक बार फिर बड़ा हादसा होने से टला हादसा उस समय हुए जब स्कूली बच्चे वैन मे सवार होकर स्कूल जा रहे थे इको चालक नशे मे धुत था किनारे लगे बिजली पोल तोड़ते हुए स्कूली बैंन खेत में पलट गई तेज धमाके की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे कई ग्रामीण पहुंच गए। इसके बाद बैन में फंसे आधा दर्जन बच्चों को बाहर निकाला गया। जानकारी लगने के बाद आसपास गांव से कई लोग पहुंच गए पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में पुलिस और परिवहन विभाग की लापरवाही से लगातार घटनाएं भी सामने आ रही हैं बच्चों को मामूली चोटे आने पर निजी क्लिनिको पर उपचार हुआ। ग्रामीणों का कहना है सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में अधिकांश स्कूल संचालक खटारा और बिना फिटनेस के बाहनों से बच्चों को घर से लाने और छोड़ने का काम करते हैं सेहरामऊ उत्तरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया चालक के खिलाफ़ जांच कर आवश्यक करवाही की जायेगी ।

# डीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जहानाबाद व अमरिया में की गई जनसुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना जहानाबाद व अमरिया में पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। इसके साथ ही साथ आपसी विवाद,भूमि विवादों संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। आयोजित थाना दिवस में जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में सम्बन्धित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर समस्या का समाधान कराया जाये, किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार की जांच की गई। जांच के दौरान शिकायतों का निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।थाना समाधान दिवस के दौरान मयंक गोस्वामी उप जिलाधिकारी अमरिया, तहसीलदार संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित उपस्थित रहे हैं।

# मटटी में हाथ,दिल वतन के साथ मुहिम के तहत निकाली गई जागरूकता रैली डीएफओ ने दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सीआईओ चिल्ड्रन इस्लामिक आर्गेनाइजेशन ऑफ़ इंडिया की तरफ से चलाई जा रही मुहिम ''मिट्टी में हाथ,दिल वतन के साथ'' जिसके अंतर्गत पूरे देश मे 10लाख पेड़ लगाने एवं पीलीभीत में 1000 पेड़ लगाने एवं उसका संरक्षण करना है इसी क्रम में फलाह ए आम इस्लामिक स्कूल चौराहा पंजबियांन पीलीभीत से बच्चों की वृक्षारोपण हेतु लोगो को जागरूक करने के लिए एक रैली निकाली गई।जिसको भरत कुमार डी के डीएफओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है उन्होंने सीआईओ की इस अभियान की सराहना की सराहना की उन्होंने प्रधानमंत्री के अभियान ''एकपेड़ माँ के नाम'' पर कहा सभी बच्चे अपने घरों में एक पेड़ माँ के नाम का लगाये। रैली में बच्चों ने पेड़ों की झांकिया बनाई जिसकी लोगों ने बहुत सराहना की इस मे बच्चों के स्लोगन प्रकति ने हमे संभाला अब हमारी बारी,सांसे हो रही हैं कम आओ पेड़ लगायें हम भविष्य हमारा खुशहाल बनेगा जब एक पेड़ लगेगा आकर्षण के केंद्र रहे।सीआईओ की बच्चों ने बाजार में सभी दुकानदार को एक एक पेड़ दिया।रैली बाजार होते हुए लकड़ी मंडी ,पकड़िया पंजबियांन होते हुए स्कूल पर समाप्त हुई।रैली में रुक़य्या फात्मा,सीआईंओ की प्रतिनिधि उरूसा फात्मा,असना शम्सी,फाइक़ा शम्सी,.जम.जम,नामीरा,तैयबा अली,हसन,गानिया,दनिया ,फैज़ा बी सहित भारी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे हैं।

## नहर में चार दिन से लापता ग्रामीण का मिला शव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के रहने वाले राम प्रताप सक्सेना उम्र 45 वर्ष 7 जुलाई को घर से लापता हो गए थे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका था। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई थी। बताया जा रहा है कि हरिपुर किशनपुर के पास खीरी ब्रांच नहर में शुक्रवार को ग्रामीणों का शव देख लोगों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

## गांव के चारों और घूम रहा बाघों का कुनबा ग्रामीणों में दहशत का माहौल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के नजदीक बाघ की चहलकदमी को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शनिवार दोपहर तीन बजे बताया जा रहा है कि बाघ सोबरन के खेत से होकर बिट्टू के खेत में गया था। शेरपुर कला के रहने वाले अब्दुल्ला अपने खेत में पालेज को देखने गए थे। तभी उनकी नजर बाघ पर पड़ी। इस पर वह घबरा गए और दबे पांव वहां से निकल लिए। मामले की सूचना वन विभाग की टीम को दी टीम ने भी पड़ताल की। कुछ देर बाद शेरपुर के निकट पेट्रोल पंप के पीछे बाघिन और शावक घूमने का शोर मच गया। बताया जा रहा है सलीम वेग के खेत में पग चिह्न भी मिले हैं। गांव के नजदीक वन्यजीवों की चहलकदमी को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। डिप्टी रेंजर कपिल कुमार सामाजिक वानिकी पूरनपुर ने बताया कि पीटीआर और सामाजिक वानिकी की टीमें निगरानी कर रही हैं।

## बहू ने सास की पिटाई पुलिस ने घायल को भेजा अस्पताल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहल्ला साहूकारा लाइनपार की रहने वाली सोमवती पत्नी छेदालाल ने शनिवार दोपहर दो बजे बताया कि वह घर पर थी। आरोप है कि सास बहू की कहासुनी हो गई इस बात से नाराज होकर बहू ने सास की पिटाई कर दी। पिटाई से वृद्ध महिला घायल हो गई। घायल महिला ने कोतवाली पहुचकर मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है।

## जेठ ने महिला के साथ दुष्कर्म का किया प्रयास, मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने शनिवार दोपहर दो बजे बताया दो वर्ष पूर्व गांव के ही रहने वाले युवक के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि उसके बाद भी महिला का पति और सुसराल पक्ष के लोग उसके साथ आए दिन मारपीट कर उसको प्रताडित करते थे। महिला का जेठ उस पर बुरी नजर रखता था और अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता के विरोध करने और सास और पति से शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं हुआ। उसके बाद भी घर न बिगड़े इस डर से पीड़िता सब कुछ सहन करती रही। 6 जुलाई को सास और पति ने जबरदस्ती पीड़िता को जेठ के कमरे में बंद कर दिया। जबकि पीड़िता का जेठ पहले से ही कमरे में मौजूद था और उसने पकड़कर सलवार का नारा तोड़कर बेड पर गिराकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता के चीखने चिल्लाने पर आरोपी जेठ ने उसको छोड़ दिया। वह दरवाजा खोलकर बहार निकली तभी जेठ, सास ,पति और जेठानी ने उसको पकड़ लिया और जेठ की बात मानने के लिए दबाव बनाया। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने बाल पकड़कर पूरे घर में घसीटा और उसकी पिटाई की। इस पर जेठ ने गले पर लात रखकर गला दबाकर मारने का प्रयास किया। किसी तरह पीड़िता उक्त लोगों से छूटी इस पर सभी लोगों ने बात जिक्र करने या शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया उसके मां-बाप की मृत्यु हो चुकी है इसी के चलते वह सभी अत्याचार बर्दाश्त करती रही। उसके बाद भी उक्त लोगों के अत्याचार बंद नहीं हुई जिसके चलते मजबूरन पीड़िता ने मामले में पुलिस से शिकायत कर उक्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## पेशी पर आये व्यक्ति को जान से मारने की धमकी

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एक व्यक्ति को कोर्ट में पेशी के बाद चाय की दुकान पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में एसपी से मिलकर पीड़ित ने शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली नगर के शाहगंज निवासी जयप्रताप सिंह मारुति इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में कार्यरत हैं। कोर्ट नंबर 4 में चल रहे केस एसटी नंबर 301/2013 की पेशी के लिए 5 जुलाई को आए थे।

# अरब मे दो ट्रको की टक्कर में जिले के युवक की जलकर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रोजी-रोटी के लिए अपना वतन छोड़कर सऊदी के रियाद शहर गया देहात कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर गांव का एक युवक घटना का शिकार हो गया है। दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक आग का गोला बन गई, जिसमें जिले का युवक गुलरेज अहमद जिन्दा जलकर राख हो गया। उसका पार्थिव शरीर वतन लाने के लायक नहीं है। इसकी खबर गांव में पहुंची तो मातम छा गया। गांव वाले भी घटना से स्तब्ध रह गए हैं, पारिवारिक जनों को किसी तरह शोक संवेदना व्यक्त कर संभालने में लगे हुए हैं।

देहात कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी कय्यूम अहमद के पांच बेटे हैं। उनका माझिल बेटा गुलरेज अहमद (26) ट्रक चालक था। मार्च 2024 में वह रोजी-रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब गया। रियाद शहर की एक कंपनी में वह बतौर ट्रक ड्राइवर कार्यरत था। बताया जाता है कि शुक्रवार को वह ट्रक लेकर कहीं जा रहा था, सुबह करीब 10:30 बजे अलक़ासिम रोड पर विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने गुलरेज की ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक चालक गुलरेज अहमद जख्मी हो गए और उनकी ट्रक आग का गोला बन गई, गुलरेज जिंदा जलकर राख हो गए। बताया जाता है कि शव वतन लाने लायक भी नहीं है। परिवारजनों का रो-रोकर हाल-बेहाल हो गया है। बूढ़े मां-बाप फफक-फफक कर रो रहे हैं। ग्रामीणों का भी पारिवारिकजनों की चीख पुकार से कलेजा फटा जा रहा है। शव गांव लाने लायक न होने से और ही दुख परिजनों को पहुंचा रहा है। उसे अपने वतन की मिट्टी भी नसीब नही होंगी।

# शिक्षकों की हुंकार मर्जर नीति नहीं चलेगी शिक्षा के अधिकार पर कोई समझौता नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। विद्यालयों मर्जर/पेयरिंग के विरोध में प्राथमिक शिक्षकों का आक्रोश एक संगठित आंदोलन के रूप में सामने आया, जब उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सुल्तानपुर के बैनर तले जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधानसभा लंभुआ के विधायक सीताराम वर्मा को सौंपा गया। यह आयोजन लंभुआ ब्लॉक सभागार में संपन्न हुआ, जहां शिक्षक समुदाय ने एकजुटता और संकल्प का परिचय दिया। वहीं विधायक सीताराम वर्मा ने शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया,''शिक्षकों की चिंता पूरी तरह से वाजिब है। मर्जर नीति पर आपकी बात और ज्ञापन को हम सरकार तक पहुंचाने में पूरी मदद करेंगे और छात्रों और शिक्षकों के हित के लिए हम मजबूती से आपके साथ खड़े मिलेंगे। हमारी प्राथमिकता बच्चों की शिक्षा और शिक्षक का सम्मान है।जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि जब तक सरकार इस जनविरोधी मर्जर नीति का शासनादेश वापस नहीं लेती, संगठन का लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा की रक्षा के लिए यह आवाज उठा रहे हैं।जिला मंत्री राम आशीष मौर्य ने मर्जर नीति की सामाजिक विफलता की ओर इशारा करते हुए कहा, ''यह व्यवस्था विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा के लिए घातक बन रही है। ग्रामीण अभिभावक बेटियों को दूरस्थ विद्यालयों में भेजने से कतराते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है लंभुआ ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने विद्यालय मर्जर को एक मर्ज बताया और कहा कि इसे बंद किया जाना चाहिए इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापपुर कमैचा श्री संजय सिंह, जिला कोषाध्यक्ष श्री विनय प्रजापति, मंत्री लंभुआ द्वारिका प्रसाद यादव, ब्लॉक मंत्री भदैया विपिन यादव, जिला कमेटी के कई अन्य पदाधिकारीगण एवं सैकड़ों शिक्षकगण मौजूद रहे। यह कार्यक्रम केवल एक ज्ञापन नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा की रक्षा के लिए एक प्रेरक चेतावनी बनकर उभरा।

# ऑनलाइन आतंकी नेटवर्क

विभिन्न देशों द्वारा आतंकवादियों को दी जाने वाली प्रत्यक्ष व परोक्ष मदद पर नजर रखने वाली वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था यानी एफएटीएफ की हालिया रिपोर्ट चौंकाने वाली है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह सनसनीखेज बात उजागर हुई है कि आतंकवादी वित्तीय संसाधन जुटाने व खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने के लिये बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट खुलासा करती है कि वर्ष 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में विस्फोटक पदार्थ का एक भाग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीदा गया था। निश्चित रूप से जिस तेजी से आतंक का नेटवर्क ऑनलाइन बाजार का फायदा उठा रहा है, वह कानून की नियामक एजेंसियों के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। बताया जा रहा है कि आतंकवादी इंटरनेट के जरिये विस्फोटक बनाने की तरकीब भी सीख रहे हैं। इंटरनेट से बम बनाने की तकनीक सीखने की खबरों के बीच हमारे नीति-नियंताओं को इस पर अंकुश लगाने की दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर दबाव बनाना चाहिए कि वे आतंकवादियों के लिए मददगार सामान पर सख्ती से अंकुश लगाएं। इससे पहले एफएटीएफ ने संकेत दिए थे कि पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान आतंकवादियों को न केवल पैसा व हथियार दे रहे हैं बल्कि उन्हें ट्रेनिंग देने में भी मदद की जा रही है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि आतंकी मंसूबों को पूरा करने के लिये आतंकवादी ऑनलाइन सेवाओं के जरिये हथियार, रसायन और थ्री डी-प्रिंटिंग सामग्री भी खरीद रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आम नागरिकों के जीवन को सरल-सुविधाजनक बनाने के लिये जिन ऑनलाइन सेवाओं की शुरुआत हुई थी, वह अब आतंकवादियों की मदद का साधन बन गई है। विश्व के आतंकवादी संगठन आधुनिक तकनीक के जरिये न केवल अपने मंसूबों को पूरा कर रहे हैं बल्कि पुलिस व कानून से बचने में इंटरनेट उनका मददगार बन गया है। जिसमें आतंक की पाठशाला चलाने वाली सरकारें भी सहायक बनी हैं। विगत के कुछ वर्षों में हुए कुछ बड़े हमलों की जांच में प्रमाणिक रूप से इस बात का खुलासा हुआ है कि अब आतंकी हमलों के लिये खतरनाक ढंग से ऑनलाइन सेवाओं का दुरुपयोग किया गया है। यह विडंबना ही है कि अपराधी व आतंकवादी खुफिया एजेंसियों द्वारा अपराध नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियानों को धता बताकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने लगे हैं। जिन ऑनलाइन सेवाओं से उपभोक्ताओं की सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा था, उस व्यवस्था के छिद्रों से अपराधियों ने अपनी सुगम राह तलाश ली है। जिस पर सख्त निगाह रखना सरकारों का प्राथमिक दायित्व बनता है। यदि समय रहते इस दिशा में सख्त कदम न उठाये गए तो यह व्यवस्था आतंकवादियों के खतरनाक अभियानों के लिये सुरक्षित रास्ता बन जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को उन सरकारों पर भी दबाव डालना चाहिए जो आतंकी संगठनों का वित्तपोषण करते हैं। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि दुनिया के सभी देश मिलकर इंटरनेट से वे सामग्री हटवाएं जिसका उपयोग आतंकवादी घातक हथियार व बम बनाने में करते हैं। वहीं ऑनलाइन सेवाएं देने वाले प्लेटफॉर्मों पर भी दबाव बनाया जाना चाहिए कि आतंकी हमलों में मददगार सामग्री की डिलीवरी न करें। आज भारत समेत कई शांतिप्रिय देश आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक मुहिम चला रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही जरूरी है कि अपनी सुविधा के अनुसार आतंकवाद की परिभाषा तय करने वाले देशों को बेनकाब किया जाए। इस बात का उल्लेख प्रधानमंत्री ने हालिया विदेश यात्रा के दौरान कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों से किया। लेकिन पाकिस्तान जैसे कई देश आतंकवाद के विरुद्ध जारी मुहिम को कमजोर करने के प्रयास में जुटे हैं। विडंबना यह है कि पाक खुद को आतंकवाद से पीड़ित दर्शाने का कुत्सित प्रयास कर रहा है। यही वजह है कि गत माह वैश्विक निगरानी संस्था एफएटीएफ ने स्पष्ट किया था कि पहलगाम हमला संस्थागत बगैर वित्तीय मदद के संभव नहीं हो सकता था। निश्चित रूप से एफएटीएफ के इस खुलासे से पाकिस्तान दुनिया के सामने एक बार फिर बेनकाब ही हुआ है। भारत को इस सच को न केवल पूरी दुनिया को बताना चाहिए बल्कि पाक को फिर एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल करवाने का भी प्रयास करना चाहिए।

# प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक विदेश यात्रा, क्या है संदेश?

**आज विश्व के अनेकानेक देश प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित कर रहे हैं तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का पांच देशों की यह यात्रा भविष्य को एक नई राह दिखाने वाला सिद्ध हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समय में वैश्विक स्तर पर काफी उथल-पुथल मची हुई है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए गठजोड़ बन बिगड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्राओं में पहलगाम आतंकवादी हमलों को प्रमुखता से उठाकर सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ सतर्क किया तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं में सुधार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन भी देशों में जाते हैं उनको सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक व भावनात्मक रूप से भारत के निकट लाने का प्रयास करते है। इस यात्रा एक पड़ाव ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन भी था जिसमे भारत के विचारों को प्रमुखता मिलने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस प्रकार से नये टैरिफ युद्ध की घोषणा की है उससे उनकी बौखलाहट भी सामने आ रही है आज वैश्विक जगत के अधिकांश देश अमेरिकी दादागिरि से डर नहीं रहे हैं अपितु उनकी हंसी उड़ा रहे हैं।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल में उनकी अब तक की सबसे लंबी 5 देशों घाना, त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा संपन्न हो चुकी है। इन देशों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत तथा उनका सम्मान किया उससे भारत का विश्वामित्र स्वरूप उभर कर आया है। आज विश्व के अनेकानेक देश प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित कर रहे हैं तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का पांच देशों की यह यात्रा भविष्य को एक नई राह दिखाने वाला सिद्ध हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समय में वैश्विक स्तर पर काफी उथल- पुथल मची हुई है।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए गठजोड़ बन बिगड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्राओं में पहलगाम आतंकवादी हमलों को प्रमुखता से उठाकर सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ सतर्क किया तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाओं में सुधार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन भी देशों में जाते हैं उनको सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक व भावनात्मक रूप से भारत के निकट लाने का प्रयास करते है। इस यात्रा एक पड़ाव ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन भी था जिसमे भारत के विचारों को प्रमुखता मिलने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस प्रकार से नये टैरिफ युद्ध की घोषणा की है उससे उनकी बौखलाहट भी सामने आ रही है आज वैश्विक जगत के अधिकांश देश अमेरिकी दादागिरि से डर नहीं रहे हैं अपितु उनकी हंसी उड़ा रहे हैं। अमेरिका जिसप्रकार से टैरिफ युद्ध कर रहा है उससे केवल और केवल उसका ही नुकसान होने जा रहा है क्योंकि अब पूरी विश्व भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है क्योंकि बडे- बड़े निवेशक भारत आना चाह रहे है। घाना- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच दिवसीय यात्रा के प्रथम चरण में घाना पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी को यहां पर घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ल्लद आफिसर आफ द आर्डर आफ द स्टार आफ घानाल्ल से सम्मानित किया गया । यह सम्मान उनके नेतृत्व साहसिक सुधारों के लिए जरूरी कदम उठाने वैश्विक विकास और भारत व घाना के संबधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना की संसद को भी संबोधित किया जहां पर उनका संबोधन सांसदों ने बहुत ध्यान से सुना और पूरी संसद तालियां की आवाज गूंज उठी।मोदी ने कहा कि विश्व नए और जटिल संकटों से गूंज रही है जैसे जलवायु परिवर्तन, महामारी ,आतंकवाद और साइबर सुरक्षा।बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।अफ्रीकी संघ हमारी अध्यक्षता में जी -20 का अस्थायी सदस्य बना। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान घाना के राष्ट्रपति जान महामा को एक हस्तनिर्मित बिदरी फूलदान तो उनकी पत्नी लार्ड ना महामा को चांद का पर्स उपहार में दिया। घाना के राष्ट्रपति को कश्मीर की पश्मीना शाल भेंट की। जब घना मे पीएम मोदी को तोपों की सलामी दी गई तो उससे सबसे ज्यादा जलन चीन को हो रही थीं। घाना पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति महामा से द्विपक्षीय वार्ता की और कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये।सबसे अहम समझौता रेयर अर्थ मिनरल्स की माइनिंग को लेकर हुआ जो चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की दिशा में बड़ा कदम है। यात्रा के दौरान भारत -घाना साझेदारी रणनीतिक, आर्थिक सहयेग के एक नये युग की शुरूआत हुई है।दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प भी लिया। त्रिनिदाद एंड टोबैगो - घाना की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो पहुंचे और वहां पर भी उनका भव्य स्वागत किया गया। यह एक ऐसा देश है जिसकी स्थापना में भारतीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां पर बिहार से संबंध रखने वाले यदुवंशियां की तादाद काफी अच्छी है जिनका व्यापक प्रभाव है। यहां पर भी प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान ल्लद आर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगोल्ल से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पर भी संसद को संबोधित किय। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पर रह रहे भारतवंशियों को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि अब भारतवंशियों की छठी पीढ़ी को भी ओसीआर कार्ड मिलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को सरयू नदी का जल और राम मंदिर की कलाकृति भेंट की। भारत और त्रिनिदाद एंड टोबैगो के मध्य द्विपक्षीय रिश्तो को मजबूत करने के लिए गंभीर चर्चा हुई तथा कई समझौतां पर हस्ताक्षर भी किए गये। अर्जेंटीना - यात्रा के तीसरे अहम पढ़ाव में पीम मोदी अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स पहुंचे वहांपर भी उनका भव्य स्वागत किया गया। यहां पर भारत और अर्जेंटीना के मध्य खनिज व्यापार एवं ऊर्जा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने पर गंभीर चचा्र की गई। अर्जेटीनाभरत के साथ अच्छा निवेशक सहयेगी है और अब उसके साथ व्यापार को ओर बढ़ाने पर चर्चा की गई जिसमे सफलता मिली है। यह भारत का एक प्रमुख सहयेगी रहा है विशेषकर आतंकवाद के खिलाफ लडाई और जम्मू कश्मीर जैसे जवलंत मुददों पर सदा भारत का साथ दिया है। यह यूरोपिय यूनियन का सक्रिय सदस्य है और भारत इसके माध्यम यूरोपियन यूनियन के अन्यस सदस्यों के मध्य आतंकवाद के खिलाफ लडाई हो या फिर संयुक्तराष्ट्र में स्थाई सदस्यता के लिए सभी देशों को एक समान राय पर ला सकता है।57 वर्षे मे पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने अर्जेटीना यात्रा की यहां पर महत्वपूर्ण खनिजों तेल ओर गैस रक्षा परमाणु ऊर्जा कृषि विज्ञान और प्रोद्यौगिकी कृषि में ड्रोन उपयोग ब मत्स्य पालन औश्र बिजली पारेषण लाइनों की निगरानी आईसीटी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना यूपीआई अंतरिक्ष रेलवे फार्मा खेल ओर लोगो के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का आहावन किया गया।भारत - मर्कोसर अधिमान्य व्यापार समझौते के विस्तार पर चर्चा की गई। अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में प्रधानमंत्री मोदी को ल्लकी ऑफ द सिटील्ल का सम्मान दिया गया। यह सम्मान विश्व के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्ति को ही दिया जाता है। ब्राजील - ब्राजील के रियो डिजेनेरियों में आयोजित 17 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील पहुंचे जहां पर भी उनका भव्य स्वागत किया गया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की आवाज व विचारों को पूर्ण समर्थन मिला।ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को मिलाकर ब्रिक्स अब और अधिक मजबूत हो रहा है।इसमें मिस्र इथियोपिया ईरान सऊदी अरब यूएइ के बाद अब इंडोनेशिया के साथ 11 देश जुड़ गये हैं। ब्रिस्क शिखर सम्मेलन की अगली अध्यक्षता करने का भारत को अवसर मिला है यह अत्यंत गर्व की बात है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि पहलगाम आतंकी हमले की कडी निंदा का प्रस्ताव पारित हुआ और यहां पर प्रधानमंत्री मोदी का जो भाषण हुआ है उससे चीन, पाकिस्तान व आतंकी समूह व उनके किसी भी प्रकार का समर्थन करने वाले तत्व हिल गये हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आश्वासन दिया कि जिस प्रकार से भारत ने जी -20 की अध्यक्षता करी थी उसी प्रकार वह अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता हुई तथा ब्रासीलिया की यात्रा में व्यापार, रक्षा, अंतरिक्ष और स्वास्थ्य सहयोग पर वार्ता हुई।व्यापार, वाणिज्य और निवेश की निगरानी के लिए मंत्रिस्तरीय तंत्र की स्थापपना का निर्णय हुआ। ब्राजील के साथ छह समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।प्रधानमंत्री मोदी को ब्राजील का सर्वोच्च सम्मान नेशनल ऑर्डर आफ सदर्न क्रॉस मिला। नामीबिया - अपनी यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री मोदी नामीबिया पहुंचे वहां पर भी उनका भव्य स्वागत किया गया। यहां पर भी प्रधानमंत्री मोदी को नामीबिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान आर्डर आफ द मोकसट एशिएंट वेल्विवित्वया मिराबिलिस से सम्मानित किया गया। प्रधनंत्रीमोदी ने नामीबिया की संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करके अप्रतिम इतिहास रच दिया। नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गये । नामीबिया ने वैश्विक जैव ईधन गठबंधन, आपदारोधी अवसरंचना गठबंधन और यूपीआई तकनीक अपनाने के लिए लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला विश्व का पहला देश बन गया। प्रधानमंत्री मोदी की ताजा यात्रा के दौरान कई विश्व रिकार्ड बने हैं जिसमे पहली बार सभी पांच देशों ने प्रधनमंत्री मोदी को सम्मानित किया और कुल मिलाकर अभी तक 27 देश उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं। विपक्ष सरकार की आरोप लगाता रहता है किंतु भारत के लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विश्व के 16 देशों की संसद को संबोधित कर चुके हैं। ऐसा अदभुत रिकार्ड अभी तक भारत का कोई भी प्रधानमंत्री नहीं बना सका हैं खबर यह भी है कि अभी विश्व के अनेकानेक देश उन्हें सर्वोच्च नगरिक सम्मान से सम्मानित करना चाह रहे हैं और इसके लिए वह उनसे समय माग रहें हैं। अफ्रीकी देशों को चीनी मकडजाल से बचाने के लि बचाने के लिए भारत के पास अफ्रीका में एक बहुत बड़ा अवसर है। **– मृत्युंजय दीक्षित**

# बच्चों को अभी भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में शिक्षकों की आवश्यकता है

**विजय गर्ग**

एक ऐसे युग में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जीवन के हर क्षेत्र में क्रांति ला रहा है - स्वास्थ्य सेवा से लेकर परिवहन से लेकर शिक्षा तक - यह मानना लुभावना है कि मशीनें सभी क्षमताओं में मनुष्यों की जगह ले सकती हैं। इन दिनों एक सामान्य परहेज से पता चलता है कि एआई की तेजी से उन्नति को देखते हुए बच्चों को अब शिक्षकों की जरूरत नहीं है। हालांकि, यह विश्वास न केवल समय से पहले है, बल्कि गहराई से त्रुटिपूर्ण भी है। सच में, यह एक विरोधाभास हैः हमारी तकनीक जितनी अधिक परिष्कृत होगी, शिक्षक की भूमिका उतनी ही महत्वपूर्ण होगी। इस बात से कोई इनकार नहीं है कि एआई उपकरण व्यक्तिगत सामग्री वितरित कर सकते हैं, तत्काल समाधान उत्पन्न कर सकते हैं, और छात्रों को अपनी गति से सीखने में मदद कर सकते हैं। सीखने के आवेदन घड़ी के आसपास उपलब्ध हैं, डिजिटल ट्यूटर कभी नहीं थकते हैं, और मशीनें नहीं भूलती हैं - लेकिन हमें याद रखना चाहिएः शिक्षा केवल जानकारी के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन के बारे में अधिक है। जवाब देने में एआई शानदार हो सकता है, लेकिन यह पूछने के लिए रुकता नहीं है, ''क्या आप आज ठीक हैं यह एक बहादुर मोर्चे के पीछे कांपती आवाज़ या एक बच्चे की दूर की टकटकी पर ध्यान नहीं देता है, जिसका दिमाग अकेले ले जाने के लिए बहुत भारी है। यह शब्दों की तुलना में जोर से बोलने वाली चुप्पी या आंखों तक पहुंचने वाली मुस्कान को नहीं उठाएगा। एक मशीन डेटा को संसाधित कर सकती है, लेकिन यह दर्द, भ्रम या खुशी महसूस नहीं कर सकती है। यह गणना कर सकता है, लेकिन यह परवाह नहीं कर सकता। बुद्धि कृत्रिम हो सकती है, लेकिन सहानुभूति - वह गर्म, मानव स्पर्श - एक ऐसी चीज है जो केवल और केवल, एक शिक्षक ही पेशकश कर सकता है। कक्षा हमेशा चार से अधिक दीवारें और एक ब्लैकबोर्ड रही है। यह एक अभयारण्य, एक प्रशिक्षण मैदान है, और अक्सर एक दूसरा घर है। शिक्षक कई भूमिकाएँ निभाता है - शिक्षक, संरक्षक, परामर्शदाता, विश्वासपात्र और रोल मॉडल। जैसा कि अल्बर्ट आइंस्टीन ने एक बार टिप्पणी की थी, ''रचनात्मक अभिव्यक्ति और ज्ञान में आनंद जगाना शिक्षक की सर्वोच्च कला है वह कला स्वचालित नहीं हो सकती। बच्चे भावनात्मक और सामाजिक प्राणी हैं। उन्हें कई बार पुष्टि, प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और सुधार की आवश्यकता होती है - जिनमें से कोई भी मशीन वास्तविक गर्मी प्रदान नहीं कर सकती है। जैसा कि अरस्तू ने बुद्धिमानी से कहा, ''दिल को शिक्षित किए बिना मन को शिक्षित करना कोई शिक्षा नहीं है एआई ट्यूटर कर सकता है; यह पोषण नहीं कर सकता। यह परीक्षण कर सकता है; यह प्रेरित नहीं कर सकता। और यह सीखने और शिक्षित होने में अंतर है। इसके अलावा, ऐसे समय में जब बच्चे डिजिटल अधिभार, भावनात्मक तनाव और नैतिक अस्पष्टता को बढ़ाने के लिए उजागर होते हैं, शिक्षक नैतिक एंकर के रूप में काम करते हैं। वे मूल्यों को सिखाते हैं, लचीलापन बनाते हैं, और मॉडल सहानुभूति रखते हैं - ऐसे गुण जो मशीनों द्वारा न तो प्रोग्राम किए जाते हैं और न ही संसाधित किए जाते हैं। एक बच्चे के समग्र विकास के लिए एआई पर पूरी तरह से भरोसा करना जीवन में उद्देश्य खोजने के लिए गूगल मानचित्र का उपयोग करने जैसा है - सुविधाजनक, लेकिन दिशाहीन। बेशक, एआई द्वारा कक्षा में लाए जाने वाले लाभों को अनदेखा करना मूर्खता होगी। यह विभेदित निर्देश का समर्थन कर सकता है, प्रशासनिक कार्यों को संभाल सकता है, और पुल सीखने के अंतराल में मदद कर सकता है। लेकिन एक कुदाल को कुदाल कहते हैं - एआई एक उपकरण है, शिक्षक नहीं। यह सहायक है, वास्तुकार नहीं। सही हाथों में, यह एक एनबलर बन जाता है, जिससे शिक्षक सार्थक बातचीत पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और यांत्रिक कार्यों पर कम कर सकते हैं। जैसा कि पुरानी कहावत है, ''यह गरीब काम करने वाला है जो अपने उपकरणों को दोषी ठहराता है,'' और आज का कुशल शिक्षक एआई का बुद्धिमानी से उपयोग करना सीख रहा है, न कि इससे डरें। इसके मूल में, शिक्षण सामग्री देने के बारे में नहीं है; यह जिज्ञासा पैदा करने, आत्मविश्वास पैदा करने और चरित्र को आकार देने के बारे में है।कोई भी बच्चा कभी यह कहने के लिए बड़ा नहीं हुआ, एक एल्गोरिथ्म ने मेरी ज़िंदगी बदल दी।

## सेहत मंत्र

# कैंसर, डायबिटीज और पुरुषों की कमजोरी को दूर करता है खुबानी


खुबानी, जिसे अंग्रेजी में एप्रीकॉट कहते हैं कई औषधीय गुणों का भंडार है। खुबानी ढेर सारे विटामिन, मिनरल और अन्य पोषक तत्वों से भरा होता है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। खुबानी वजन घटाने में तो मददगार है ही साथ ही यह गैस्ट्रिक की बीमारी भी दूर करता है। खुबानी अपने आकार और मीठे स्वाद के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। खुबानी में पाए जाने वाले पोषक तत्व आपको ने केवल कैंसर बल्कि मधुमेह रोगियों के लिए फायदे का सौदा है। इसके साथ ही यह पुरुषों की मर्दाना ताकत को बढ़ाने में भी लाभकारी है। अगर आप खुबानी से होने वाले स्वास्थ्य लाभ से अंजान हैं तो हम आपको इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताने जा रहे हैं। मीठे फलों में शुमार खुबानी की गुठली में पाया जाने वाला एमिगडलिन नाम के रासायनिक तत्व की पहचान कैंसर रोधी के रूप में हुई है। एमिगडलिन एक सायनोजेनिक ग्लाइकोसाइड है, जिसे विशेषज्ञों ने प्राकृतिक रूप से कैंसर रोधी तत्व के रूप में परिभाषित किया है। खुबानी एक ऐसा फल है, जिसमें कई ऐसे एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो ह्रदय संबंधी बीमारियों को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं। इससे न केवल कई बीमारियां दूर रहती है बल्कि आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर पर नियंत्रित रहता है। ज्यादातर बीमारियां हमारे पेट से शुरू होती हैं चाहें वह अपच के कारण गैस हो या फिर पेट दर्द। अगर आप इस तरह की समस्या से परेशान हैं तो खुबानी आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। खुबानी आपके पेट को आराम पहुंचाने में लाभकारी है। खुबानी में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को सही से चलाने में मदद कर सकता है। दरअसल पाचन तंत्र कमजोर होने पर मोटापा काफी जल्दी बढ़ता है। आपको बता दें कि 1 खुबानी में 3 प्रतिशत फाइबर होता है, जो आपकी पाचन क्रिया को अच्छा बनाने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शिव के त्रिशूल पर टिकी है काशी

गंगा किनारे बसे काशी को भगवान शिव की नगरी और भोलेनाथ को काशी का महाराजा कहा जाता है। यहां का काशी विश्वनाथ मंदिर दुनिया भर में प्रसिद्ध है। इस मंदिर में भगवान शिव के दर्शनों के लिए हर रोज लाखों भक्त आते हैं, लेकिन सोमवार का दिन विशेष होता है। यहां की गंगा आरती दुनिया भर में प्रसिद्ध है। बाबा विश्वनाथ के नाम से दुनिया भर में प्रसिद्ध यह शिवलिंग 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। कहा जाता है कि गंगा किनारे स्थापित इस मंदिर की स्थापना 1490 में हुई थी। ऐसी पौराणिक मान्यता है कि भगवान शिव गंगा के किनारे इस नगरी में निवास करते हैं। उनके त्रिशूल की नोक पर काशी बसी है। भगवान शिव काशी के पालक और संरक्षक है, जो यहां के लोगों की रक्षा करते हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के ऊपर एक सोने का छत्र लगा हुआ है। ऐसा मान्यता है कि इस छत्र के दर्शन से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी के बारे में एक और बात कही जाती है कि जब पृथ्वी का निर्माण हुआ तो सूर्य की पहली किरण काशी पर ही पड़ी थी। काशी नगरी को मोक्ष की नगरी भी कहा जाता है। मान्यता है कि बाबा विश्वनाथ के दरबार में उपस्थिति मात्र से ही भक्त को जन्म-जन्मांतर के चक्र से मुक्ति मिल जाती है। सावन के माह में बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए देश-विदेश से लोग आते हैं। उस दौरान अभिषेक से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। हालांकि, सोमवार के दिन भी यहां भारी संख्या में भक्त काशी के राजा महादेव के दर्शनों के लिए विशेष तौर पर आते हैं।

## पर्यटन



# कुदरत का खूबसूरत उपहार है कोडाइकनाल बारिश में यहां आकर करें जमकर मस्ती

हर तरफ हरा ही हरा नजर आता है यहां। ज्यों-ज्यों आप ऊंचाई पर चढते जाते है, पूरा लैंडस्केप बदलता जाता है। एकाएक हवा में ठंडक बढ़ जाती है और स्वेटर-शॉल की जरूरत महसूस होने लगती है। सारा दृश्य यूकेलिप्टस के ऊंचे-ऊंचे पेड़ों और बहुरंगी जंगली फूलों से भरा नजर आता है। इनमें गहरा गुलाबी और बैंगनी रंग प्रमुख है। घने जंगलों के बीच सजीली वादियां, चोटियों के नीचे उड़ता बादल और दूर-दूर तक नजर आने वाली बलखाती पगडंडियां..इस पूरे इलाके को किसी स्वप्नलोक-सा सुंदर बना देती हैं। दक्षिण भारत के श्रेष्ठ हिल स्टेशन में से एक है कोडाइकनाल। यह मदुरै शहर से तकरीबन 120 किमी. दूर पश्चिमी घाट की पलानी पहाड़ियों के बीच स्थित है। बारिश में आप भले ही फिसलन आदि मुश्किलों से बचने के लिए हिल स्टेशन से थोड़ा परहेज करना चाहते हों लेकिन यहां जाकर आपका यह डर दूर हो जाएगा। एक बार बारिश में इसे देख लें तो यकीनन इसके आकर्षण से बचना मुश्किल होगा। हर मौसम में कोडाइकनाल सुंदर दिखता है लेकिन बारिश में यह और हसीन हो जाता है। प्रेमी युगलों का प्रिय पड़ाव है कोडाइकनाल, जो बारिश के मौसम में भी यहां खूब नजर आते हैं। इसका रोमानी आकर्षण ही है कि यह भारत के सबसे लोकप्रिय हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। शहरी जीवन की भीड़भाड़ से दूर एकांत के आगोश में बसा यह हिल स्टेशन तकरीबन 7,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसकी अहमियत आप इस बात से भी समझ सकते हैं कि इसे 'हिल स्टेशन की राजकुमारी' भी कहा जाता है ! ऊंची पहाड़ियों से घिरे नजारों के बीच पैदल चलते जाने और नीचे मैदानी इलाकों का सौंदर्य निहारने का आनंद क्या होता है यह आप यहां महसूस कर सकते हैं। दरअसल, यहां नेबो पर्वत के इर्द-गिर्द यह करीब एक किलोमीटर लंबा पाथ-वे है जिस पर लोग पैदल घूमते नजर आएंगे। यहां से नीचे घाटी में कभी बादलों के टुकड़े तो कभी घने कोहरे के बीच सेल्फी लेते पर्यटकों की खुशी देखते ही बनती है।

# तहसील में न्याय की जगह दिखा जादू ग़ायब हुआ हक़, प्रकट हुआ फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**महिमा मैडम की गजब न्याय-लीला: पहले फैसला, बाद में तारीख!'' किसान ने खाया जहर**

**तहसीलदार का टेढ़ा फैसला और किसान की ज़हरीली व्यथा**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। तहसीलदार महिमा मिश्रा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में हैं—लेकिन इस बार वजह तारीफ की नहीं, तकरार की है। उनके एक आदेश से ऐसा भूचाल मचा कि एक आहत किसान ने जहर पीकर अपनी जान लेने की कोशिश कर डाली। शुक्र है कि किसान की जान तो बच गई, लेकिन तहसील और प्रशासन की नींद उड़ गई है। मामला कुछ यूँ है कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी किसान लल्लाराम का ज़मीन को लेकर गुलवरिया गांव की गूना उर्फ शीतलदेई से विवाद चल रहा था। केस तहसीलदार न्यायालय सिरौलीगौसपुर में चल रहा था, लेकिन जैसे ही महिमा मिश्रा को यहां का अतिरिक्त प्रभार मिला, कहानी में ट्विस्ट आ गया। 9 जुलाई को सुनवाई हुई, 11 को आदेश सुरक्षित, फिर 14 को तारीख दी गई। पर ध्यान दीजिए! – 11 जुलाई को ही नई तहसीलदार की तैनाती की खबर आते ही पुरानी तहसीलदार जी ने रफ्तार ऐसी दिखाई कि न सिर्फ केस का फैसला तुरंत कर दिया बल्कि दूसरे मामले—रमेश बनाम छक्कन—में भी रफ़्तार की ऐसी मिसाल दी कि तारीखें, साक्ष्य सब हवा हो गए। इधर लल्लाराम को जैसे ही पता चला कि फैसला विपक्षी के पक्ष में हो गया, उधर उसकी हालत बिगड़ गई। बेचारे ने रात में कीटनाशक पी लिया। परिवार में मचा हड़कंप, और लल्लाराम को आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल हालत गंभीर बनी हुई है। एसडीएम प्रीति सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा को मौके पर भेजा और पत्रावलियाँ ताबड़तोड़ सुरक्षित करा ली गईं। लल्लाराम के बेटे शमशेर वर्मा का कहना है कि ऽ ''ये तो सरासर अन्याय है। जब 14 की तारीख दी गई थी, तो 11 को फैसला कैसे सुना दिया गया?'' उधर महिमा मिश्रा जी कहती हैं ''ऑनलाइन सिस्टम की गलती थी, ऑपरेटर ने तारीख गलत दर्ज कर दी, हमने तो कुछ गलत नहीं किया!''

> मामले की पत्रावलियां सुरक्षित कर ली गई हैं, जांच चल रही है। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।''
> **एसडीएम प्रीति सिंह**

**कहानी में ट्विस्ट अभी बाकी है...**

अब देखना ये होगा कि ऑपरेटर की 'गफलत' कितनों पर भारी पड़ी और जांच के बाद कौन सी परत खुलती है। मगर जनता के बीच एक ही सवाल गूंज रहा है—''क्या तहसील में इंसाफ से ज्यादा तेज़ी ज़रूरी है ।

# महादेवा, श्रावण मेला की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

**मेला परिसर का किया निरीक्षण, सुरक्षा बंदोबस्त कड़ा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय आज दोपहर लगभग दो बजे उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा मंदिर पहुंचे। श्रावण मास के सोमवार को लगने वाले मेले की तैयारियों का उन्होंने मौके पर जाकर गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी ने मंदिर के मुख्य द्वार पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, अभरण सरोवर, चेंजिंग रूम एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। सभी संबंधित अधिकारियों को सावन माह मेले के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने लोधेश्वर महादेव मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर पूजा-अर्चना व जलाभिषेक भी किया और जनकल्याण की कामना की।

डीएम ने बताया कि श्रावण माह में प्रतिवर्ष एक माह तक चलने वाला यह मेला शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, जिसमें पीएसी बटालियन और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस मौके पर एडीएम अरूण कुमार सिंह, एसडीएम रामनगर विवेकशील यादव, तहसीलदार विपुल सिंह, क्षेत्राधिकारी सुश्री गरिमा पंत, थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय, महादेव चौकी इंचार्ज संतोष त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार, खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेशकीमती सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा

**कई बार शिकायतें कर चुका है प्रधान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी थाना में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना दिवस में कुल 10 शिकायती पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें से आठ राजस्व विभाग और दो पुलिस विभाग से संबंधित थे।पुलिस विभाग से संबंधित दो शिकायतों का तुरंत निस्तारण हुआ।बाकी मामलों में टीमें भेजी गई है।

ग्राम पंचायत ठकुरामऊ के ग्राम प्रधान अजय कुमार ने तालाब और बंजर भूमि को कब्जा मुक्त कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया।प्रार्थना पत्र में बताया कि राजस्व ग्राम ठकुरामऊ परगना कुर्सी तहसील फतेहपुर में स्थित भूमि गाटा संख्या 20/0.058 हे0 (तालाब), 21/0.161 हे0 (तालाब), 22/0.161 हे0 (तालाब), 178/0.101हे0 (तालाब) व 42/0.064 हे0 (नवीन परती), 161/0.021 हे0 (नवीन परती) व 212/0.223हे0 (ऊसर) व 179/0.051हे0 (बंजर झाड़ी), 170/0.833 हे0 (बंजर झाड़ी) आदि गाटा संख्याओं पर लवकुश सिंह यादव, वीरेन्द्र कुमार यादव, रामलखन यादव, अरविन्द कुमार यादव पुत्रगण स्व0 मेवालाल यादव व शिवकुमार यादव पुत्र कन्हैय्यालाल यादव व रवि यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासीगण ग्राम भवानीपुर मजरे सींवा तहसील बीकेटी जिला लखनऊ द्वारा अपनी गुण्डई व दबंगई के बल पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।और लगातार सरकार की इन कीमती जमीनों पर अपना अवैध अतिक्रमण कर रखा है।सरकारी बेशकीमती जमीन को दबंगों से मुक्त कराया जाना आवश्यक है।

ग्राम प्रधान अजय कुमार ने बताया कि बीते कई वर्षो से दबंगई के दम पर कब्जा कर रखा है। जब मैं प्रधान निर्वाचित हुआ था तब प्रार्थना पत्र दिया था तो कुछ जगह तहसील प्रशाशन द्वारा कब्जा हटवाया गया था परन्तु पुनः कब्जा कर लिया गया है।क्षेत्रीय लेखपाल अरविंद कुमार ने बताया कि जल्द ही कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# औसानेश्वर महादेव की धरती हैदरगढ़ में हुआ आत्मीय स्वागत, संगठन के प्रति समर्पण भाव की झलक

**भाजपा पदाधिकारी के सुल्तानपुर प्रवास के दौरान हैदरगढ़ में हुआ भव्य अभिनंदन समारोह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी । संगठनात्मक प्रवास के क्रम में सुल्तानपुर जाते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी का बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ नगर में पड़ाव के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं और गणमान्यजनों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। ''औसानेश्वर महादेव की तपोभूमि'' माने जाने वाले इस ऐतिहासिक नगर में पार्टी पदाधिकारी का स्वागत न सिर्फ पारंपरिक भावनाओं के साथ हुआ, बल्कि उसमें संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा की झलक भी दिखाई दी। भाजपा के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, पूर्व चेयरमैन पंकज दीक्षित, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवचंद्र तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता पंकज सिंह, युवा नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रहे राहुल दीक्षित, सौरभ मिश्रा, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि प्रधान आशाराम वर्मा, सभासद महेश अग्रवाल एवं शिवा वर्मा, भाजपा के समर्पित नेता राजकुमार सोनी, मंडल महामंत्री संतोष कुमार, युवा नेता रजत सिंह, कर्मठ कार्यकर्ता बृजेश शुक्ला, लवकुश पांडेय, जनार्दन शुक्ला, शशांक दीक्षित एवं अन्य सभी गणमान्यजनों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम भव्य रूप में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि''हैदरगढ़ की यह आत्मीयता, यह अपनापन मेरे लिए अविस्मरणीय है। आप सबका यह स्नेह और संगठन के प्रति समर्पण भाव ही भाजपा की असली शक्ति है। जब संगठन के कार्यकर्ता इस तरह की ऊर्जा और उत्साह के साथ खड़े दिखाई देते हैं, तब यह विश्वास और दृढ़ होता है कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सपना शीघ्र ही साकार होगा।'' उन्होंने आगे कहा कि हैदरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने यह प्रमाणित किया है कि चाहे संगठनात्मक दायित्व हो या जनसेवा का संकल्प – भाजपा के हर कार्यकर्ता के भीतर रचनात्मकता और कर्तव्यनिष्ठा जीवंत रूप में विद्यमान है। सभी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए इस अभिनंदन एवं भव्य स्वागत के लिए उन्होंने हृदय से आभार प्रकट किया और भविष्य में पुनः भेंट का विश्वास दिलाया।

# लहरपुर क्षेत्र में वैध-अवैध अस्पतालों का अंबार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**दो- तीन अस्पतालों तक ही सीमित हो गए सीएमएस, पांच दिन बीतने के बाद भी नहीं हो सकी कोई कार्रवाई**

सीतापुर । जिले भर में खुले अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ छिड़काव स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली संदेह के घेरे में है उन्हीं की मेहरबानी से जगह-जगह अवैध अस्पताल फलते-फूलते रहे बीच-बीच में इनके शिकार होकर लोग शिकायतें करते रहे लेकिन अधिकारी जांच-जांच खेलकर उनकी आवाज दबाते रहे। अस्पतालों में आने वाले मरीज़ बचेंगे या नहीं यह तो किसी को नहीं पता लेकिन उनके पास पैसा नहीं बचेगा इसकी जिम्मेदारी निजी अस्पताल ज़रूर ले लेता है। आए दिन सैंकड़ों मरीज़ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती होते हैं, उनका इलाज होता है, कुछ तो ठीक होकर वापस अपने घर चले जाते हैं और कुछ जिला अस्पताल चले जाते हैं, लेकिन जिनके पास पैसा नहीं होता वो न तो अपने घर जा पाते है और न ही किसी अन्य बड़े अस्पताल में भर्ती हो पाते हैं वो सीधे अपनी ज़िंदगी की जंग हार जाते हैं। हाल ही के दिनों लहरपुर क्षेत्र में अचानक सीएमएस लहरपुर ने अपना चाबुक चलाया था जिसमें महज दो अस्पतालों पर गाज गिरी थी अन्य अस्पतालों को देखने और समझने की आवश्यकता सीएमएस साहब को लगी ही नहीं, अब ऐसे में सवाल यह उठता है महज दो - तीन अस्पतालों पर ऐसे कार्रवाई करने से क्या अन्य अस्पताल अपनी सही राह पकड़ पाएंगे या फिर ऐसे ही कार्रवाईयों का झुनझुना थमा कर अधिकारी लोगों को आश्वासन देने में लगे रहेंगे। क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में दबी जुबान से यह चर्चा चलने लगी है कि क्या सीएमएस साहब ने दो अस्पतालों पर चाबुक चलाकर अन्य अवैध या वैध अस्पतालों को एक संदेश दिया है कि आने वाले समय में भी ऐसा ही चलता रहेगा जैसा आज के समय में चल रहा है। जांच होगी, नोटिस दी जाएगी लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाएगी और संचालक जैसे अपना कार्य कर रहे हैं वैसे ही करते रहेंगे। सवाल यह भी है कि क्या जिले में बैठे सीएमओ साहब का ध्यान कभी लहरपुर में संचालित हो रहे अस्पतालों पर कभी जाएगा ? क्या इन अस्पतालों पर कभी कोई सख्त कार्रवाई की जाएगी ? या फिर जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहेगा। देखने वाली बात यह है कि कुछ अस्पतालों में तो एंट्री और एग्जिट तक सुरक्षित नहीं है, बहुत से ऐसे अस्पताल हैं जिनमें कंपाउंडर तो छोड़ दो डॉक्टर तक हॉस्पिटल चलाने के काबिल नहीं हैं।

# दहेज की आग में जलता एक और सपना: बेटी को सीने से लगाए इंसाफ की राह देखती मानसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़, बाराबंकी ''शादी एक बंधन होती है, लेकिन जब यह बंधन लोभ की बेड़ियों में जकड़ जाए, तो वह रिश्ता नहीं, एक सजा बन जाता है।''ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है पेचरुआ गांव की रहने वाली मानसी सिंह की, जो अब अपनी पांच साल की मासूम बच्ची नैंसी को सीने से लगाए न्याय के दरवाज़े खटखटा रही है।मानसी की शादी 10 फरवरी 2019 को हिंदू रीति-रिवाज से जनपद रायबरेली के ग्राम सिरसोई निवासी बलजीत सिंह के साथ हुई थी। पिता जीत बहादुर सिंह ने बेटी के भविष्य को संवारने के लिए करीब 8 लाख रुपये का दहेज भी दिया। सब कुछ सामान्य था, लेकिन ससुराल पहुँचते ही मानसी के सपनों को लोभ और लालच की तेज़ आँधियों ने तोड़ डाला।पति बलजीत सिंह, ससुर वासुदेव, सास सतरूपा, देवर शैलेंद्र, ननद चांदनी, और उसके पति सूरज सिंह पर मानसी ने आरोप लगाया है कि ये सभी लोग वैगनआर कार और सोने की चेन की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे।उसने जब अपने माता-पिता को सारी बात बताई, तो वे रिश्तेदारों के साथ समझाने पहुंचे। लेकिन रिश्तेदारी की हर कोशिश नाकाम रही। 22 अगस्त की दोपहर, जब मानसी के साथ बर्बरता की इंतहा हुई, तब उसका हौसला टूट गया। उसके सारे जेवर और कपड़े छीन लिए गए, और वह अपनी मासूम बच्ची के साथ अकेली छोड़ दी गई – दहेज की मांग पूरी न करने की सजा उसे यों दी गई।इंसाफ की आस में दर-दर भटकती मां-बेटीमानसी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी में गुहार लगाई। मध्यस्थता के लिए नोटिस जारी हुआ, विपक्षी बलजीत सिर्फ एक बार उपस्थित हुआ और मध्यस्थ के सामने अपनी पत्नी और बच्ची को अपनाने से साफ इनकार कर दिया। यह इनकार सिर्फ एक रिश्ते का नहीं था, बल्कि एक महिला के आत्मसम्मान को रौंदने की साजिश थी।

**कानूनी लड़ाई की शुरुआत**

थक हारकर मानसी ने कोतवाली हैदरगढ़ में तहरीर दी, जिसके आधार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। नामजद 9 लोगों में पति, सास-ससुर, देवर-ननद, और अन्य रिश्तेदार शामिल हैं जिन्होंने इस घिनौने कृत्य में भूमिका निभाई।एक प्रश्न समाज से...जब एक पढ़ी-लिखी महिला, भरे समाज में, इतनी दरिंदगी का शिकार हो सकती है तो उस समाज की चुप्पी किस बात की है? क्या एक बेटी को सम्मान के साथ जीने का हक सिर्फ दहेज चुकाने पर ही मिलेगा?आज मानसी की आँखों में आँसू हैं, लेकिन उनमें असंख्य उन बेटियों की पीड़ा भी छिपी है, जो चुपचाप सब सह जाती हैं। लेकिन मानसी ने चुप्पी नहीं ओढ़ी – उसने कानून का दरवाजा खटखटाया है, और अब इंसाफ की लड़ाई में अकेली नहीं है।

## हैदरगढ़ में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान, ब्लॉक स्तरीय बैठक सम्पन्न

**पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया बोले – चुनाव जीतने की कुंजी है मजबूत संगठन**

हैदरगढ़ बाराबंकी ''स्वागत रेस्टोरेंट'' में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत हैदरगढ़ और सुबेहा ब्लॉकों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद आदरणीय पी.एल. पुनिया शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कोऑर्डिनेटर अतुल सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, तथा पूर्व विधायक मीता गौतम मौजूद रहीं। बैठक में हैदरगढ़ और सुबेहा के ब्लॉक स्तरीय संगठन का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुनिया ने कहा, ''चुनाव केवल नारों और वादों से नहीं, एक मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ताओं से जीते जाते हैं। कांग्रेस का इतिहास गवाह है कि जब संगठन मजबूत होता है, तब जीत सुनिश्चित होती है।'' जिला अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि बाराबंकी का कांग्रेस संगठन पहले से काफी सक्रिय और अनुशासित रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियाँ दी जा रही हैं जिससे पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हैदरगढ़ राजकुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुबेहा दीपक तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राम हरख रावत, अजीत वर्मा, जिला सचिव गुड्डू राइन, दिनेश शुक्ला, डिंपल सिंह, आशु दीक्षित, संजय सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, गुरशरण श्रीवास्तव, बृजेश शुक्ला, शिवनारायण रावत, महमूद भाई, सलमान हाशमी, मुकेश शुक्ला, गुफरान सिद्दीकी समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को मजबूती देने और आगामी चुनावों में कांग्रेस को विजयी बनाने के संकल्प के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# मनरेगा पोर्टल पर अपलोड फोटो में गायब महिलाएं, एक फोटो बार-बार अपलोड कर लगायी जा रही हाजरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**महिलाओं की भी लगाई जा रही हाजरी जबकि अपलोड फोटो में नही दिख रही महिलाएं आखिर क्यों खेला जा रहा यह खेल**

**विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत बद्रीखेड़ा का मामला जहाँ सूत्रों अनुसार फर्जी हाजरी का खेल जारी**

सीतापुर। विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत बद्रीखेड़ा में मनरेगा योजना के तहत कार्यों में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए अपलोड की जा रही फोटो में महिलाएं नजर ही नहीं आ रहीं, इसके बावजूद एक ही फोटो को बार-बार उपयोग कर फर्जी हाजिरी लगा दी जा रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर महिला मजदूरों की उपस्थिति दर्शाई जा रही है, जबकि हकीकत तो बिल्कुल उलट है। यह पूरी प्रक्रिया न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि जरूरतमंद मजदूरों के अधिकारों का भी हनन है। मजदूरों की हाजिरी से जुड़ी इस गड़बड़ी पर संबंधित विभाग और अधिकारियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यदि समय रहते इस भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह योजना सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह जाएगी और गरीबों को मिलने वाला हक बीच रास्ते में ही लुटता रहेगा।

# थाना समाधान दिवस में जमीन विवादों की भरमार अधिकारियों की व्यस्तता से मायूस लौटे फरियादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। शनिवार को धौरहरा कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जमीन संबंधी विवादों की लगभग 12 शिकायतें सामने आईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी शशिकांत मणि और क्षेत्राधिकारी (सीओ) धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने की।

इस समाधान दिवस की खास बात यह रही कि प्राप्त सभी शिकायतें भूमि विवादों से जुड़ी थीं। हालांकि, सावन माह के पहले सोमवार में लगी ड्यूटी की व्यस्तता के चलते केवल आधा दर्जन फरियादी ही मौके पर उपस्थित हो सके।

मौके पर मौजूद फरियादियों ने उम्मीद जताई थी कि उन्हें समय मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान मिलेगा, लेकिन अधिकारियों की सीमित उपस्थिति और समयाभाव के कारण कई मामलों को गंभीरता से नहीं सुना जा सका। कोतवाली प्रभारी सुरेश मिश्रा भी आवश्यक सरकारी कार्य से गोला गोकर्णनाथ रवाना हो गए, जिससे शेष मामलों की सुनवाई अधूरी रह गई। वहीं गोला गोकर्णनाथ मेला ड्यूटी के कम समय देते हुए रवाना हो गए। फरियादी चांदनी श्रीवास्तव का कहना था कि उनकी भूमि पर अवैध कब्जीदारों को हटाने के लिए प्रभारी सुरेश मिश्रा ने बुलाया था परंतु निराशा हाथ लगी अन्य फरियादी भी अपनी समस्याएं लेकर दूर-दूर से आए थे, लेकिन जब तक उनकी बारी आई, अधिकारी वहां से जा चुके थे। इससे उन्हें निराशा हाथ लगी और उन्हें बिना समाधान के लौटना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि समाधान दिवस को नाम मात्र का कार्यक्रम न बनाकर उसे प्रभावी रूप से संचालित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समय रहते समाधान सुनिश्चित हो सके।

## बाइक भिड़ी, युवक की मौत

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार की दोपहर बांसा बड़ागांव मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर के निकट आमने सामने दो बाईको मे टक्कर हुई। टक्कर में सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ी निवासी अंकित यादव पुत्र सुभाष व दूसरी बाईक पर सवार मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी करन पुत्र सुरेश, रंजीत पुत्र बाले व विनय मौर्य पुत्र ईश्वरदीन गंभीर रूप से घायल हुए।घायल 20 वर्षीय करन पुत्र सुरेशचंद्र वर्मा की रात्रि मे इलाज मध्य मृत्यु हुई। परिजन शव को लेकर घर आ गये सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**विधवा मां सुभाषिनी बेसहारा**

दुर्घटना में करन की हुई मौत से विधवा सुभाषिनी के घर का चिराग बुझ गया मृतक करन के पिता सुरेशचंद्र वर्मा की दो वर्ष पूर्व हार्ट अटैक के चलते मृत्यु हो गयी थी।

## पुलिस की मुराद पूरी करो – जो मन हो करा लो!

**देवा थाना बाराबंकी में खाकी का नया फार्मूला – न्याय नहीं, नोट से तय होगा फैसला!**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी की सरकार भले ही पुलिस सुधारों की दुहाई दे रही हो, मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी कह रही है। देवा थाना क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो पुलिस के 'सेवा भाव' पर भारी व्यंग्य है और न्याय व्यवस्था को सीधी चुनौती भी। मलका साग गांव निवासी लव कुश यादव का जमीनी विवाद न्यायालय में लंबित है। लेकिन देवा थाने के दरोगा जी को शायद अदालत की प्रक्रिया से ज़्यादा भरोसा अपनी ''थानेदारी नीति'' पर है। खबर है कि जैसे ही विपक्षी पक्ष ने दरोगा जी को ''मोटी भेंट'' अर्पित की, वैसे ही इंसाफ की राह बदल दी गई – और थाना एकतरफा कार्रवाई का मंच बन गया। दरोगा अशोक कुमार सिंह द्वारा मलका साग गांव से दो व्यक्तियों को ''उठा'' लाया गया। न कोई नोटिस, न वारंट – सीधा थाने में हाज़िर! पिछले दो दिनों से ये दोनों व्यक्ति बेजा हिरासत में हैं। दरोगा जी अब इनसे मनमाफिक समझौता लिखवाने की कोशिश में हैं। थाने में कानून नहीं, दरोगा जी की कलम चल रही है – और वो भी गोपनीयता की स्याही से!सरकार जहाँ पुलिस को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में प्रयासरत है, वहीं कुछ पुलिसकर्मी कानून की किताब से ज़्यादा ''कैशबुक'' पर भरोसा करते हैं? यह मामला केवल देवा थाना की छवि को ही नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करता है।सवाल यह है कि क्या थानों में अब फैसला अदालत से पहले हो जाएगा ?क्या विरासत के नाम पर बेजा हिरासत जायज़ है ?क्या पुलिस वर्दी का मतलब अब ''न्याय'' नहीं, ''डील'' हो गया है?अगर इस मामले पर निष्पक्ष जांच नहीं होती और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह जनता के भरोसे और कानून की गरिमा दोनों के लिए खतरे की घंटी होगी।

## 'जैसे लोग कहते हैं कि लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन तेंदुलकर

एजेंसी



लंदन। विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा, यह अविश्वसनीय है। जैसे लोग कहते हैं कि लॉर्ड्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा,ल्मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है। लेकिन मैचों के अलावा, आप इतने सारे लोगों से मिलते हैं और कई तरह की बातचीत करते हैं। फैशन की बात करें तो यहां कई फैशन आइकन, हॉलीवुड सितारे, फुटबॉल खिलाड़ी और एथलीट मौजूद रहते हैं। यहां आना हमेशा एक सुखद अनुभव होता है क्योंकि आपको जिंदगी की कई नई चीजों से रूबरू कराया जाता है। और मेरे लिए, सीखना कभी बंद नहीं होता-मैं अभी भी सीख रहा हूं। अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में सचिन ने कहा, मैं जॉन मैकेनरो का प्रशंसक रहा हूं। मुझे याद है कि मेरे सभी दोस्त ब्योर्न बोर्ग का समर्थन करते थे, लेकिन किसी कारण से, मैं हमेशा मैकेनरो का समर्थन करता था। मैं उनकी तरह हेडबैंड भी पहनता था, इस उम्मीद में कि जब मैं अपने दोस्तों के साथ घूमूं तो लोग मुझे मैकेनरो कहेंगे। सचिन ने कहा, ''हालांकि, हाल के वर्षों में, यह रोजर फ़ेडरर ही है। मुझे राफ़ेल नडाल, नोवाक जोकोविच, सभी को खेलते हुए देखना अच्छा लगता है, लेकिन किसी न किसी तरह, रोजर सबसे आगे हैं। वर्तमान खिलाड़ियों में, कार्लोस अल्काराज मुझे सचमुच प्रभावित करते हैं-उनकी ऊर्ज़ा संक्रामक है। मुझे उनके पैरों में स्फूर्ति, उनका रवैया और फ्रेंच ओपन में दिखाई गई मानसिक दृढ़ता बहुत पसंद है। कभी हार न मानने वाली मानसिकता ही एक सच्चे चैंपियन की पहचान है। सभी टेनिस खिलाड़ी चैंपियन नहीं बनते, लेकिन वे जिस तैयारी और कड़ी मेहनत से गुजरते हैं-उसका मेरे मन में बहुत सम्मान है। उच्च स्तरीय क्रिकेट और टेनिस के बीच समानताओं पर सचिन ने कहा, अगर मुझे समानताओं की बात करनी हो, तो मुख्य तत्व हैं हाथ-आंखों का समन्वय, गेंद की समझ, खेल के प्रति जागरूकता और विरोधियों से एक कदम आगे रहना।

## लिवरपूल ने डिओगो जोटा की जर्सी नंबर 20 को किया रिटायर


एजेंसी




नई दिल्ली। लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मृत्यु के बाद उनके द्वारा पहनी गई जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है। क्लब ने जोटा के सम्मान में सभी स्तरों पर जर्सी नंबर 20 को रिटायर करने का ऐलान किया है। 28 साल के पुर्तगाली फुटबॉलर जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। शुक्रवार को लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को रिटायर कर दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा, ''यह वह नंबर था जिसे वह गर्व और विशिष्टता के साथ पहनते थे और इस प्रक्रिया में हमें अनगिनत जीत दिलाते रहे। जोटा ने अभी-अभी अपने करियर का सबसे सफल सत्र पूरा किया था- जिसमें उन्होंने लिवरपूल को रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 20वां इंग्लिश लीग खिताब दिलाया था और पुर्तगाल के साथ यूईएफए नेशंस लीग जीती थी। डिओगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब के नंबर 20 खिलाड़ी रहेंगे। डिओगो जोटा ने कुल मिलाकर लिवरपूल के लिए 182 मैच खेले और 65 गोल दागे। साथ ही प्रीमियर लीग के साथ-साथ एफए कप और इंग्लिश लीग कप भी जीता। लिवरपूल ने कहा कि उसने उनके परिवार से सलाह-मशविरा करने के बाद यह फैसला लिया। लिवरपूल के मालिक फ़ेनवे स्पोर्ट्स के फुटबॉल सीईओ माइकल एडवर्ड्स ने कहा, ''एक क्लब के रूप में हम सभी अपने समर्थकों की भावनाओं से अच्छी तरह वाकिफ थे और हमने भी बिल्कुल वैसा ही महसूस किया। उन्होंने आगे कहा, ''मेरा मानना है कि लिवरपूल फुटबॉल क्लब के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी व्यक्ति को ऐसा सम्मान दिया गया है। इसलिए, हम कह सकते हैं कि यह एक अनोखे और अद्‌भुत व्यक्ति के लिए एक अनूठी श्रद्धांजलि है। इस टीम नंबर को रिटायर करके, हम इसे शाश्वत बना रहे हैं और इसलिए इसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

## फिडे महिला विश्व कप: वंतिका ने पूर्व विश्व चैंपियन उशेनीना को हराया, पद्मिनी टूर्नामेंट से बाहर

एजेंसी



बटुमी (जॉर्जिया), 12 जुलाई (हि.स.)। फिडे महिला विश्व कप में भारत की वूमन ग्रैंडमास्टर वंतिका अग्रवाल ने जबरदस्त मुकाबले में पूर्व विश्व चैंपियन एना उशेनीना (यूक्रेन) को टाईब्रेक में हराकर तीसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं दूसरी ओर, पद्मिनी राउत को स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैंपियन अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक के हाथों हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

दूसरे दौर के मुकाबले में वंतिका और उशेनीना के बीच स्कोर 3-3 से बराबरी पर था, जिसके बाद मुकाबला टाईब्रेक में गया। दोनों खिलाड़ियों ने क्लासिकल गेम्स में एक-दूसरे को हराया, जिसके चलते मुकाबला रैपिड टाईब्रेक में पहुंचा। वंतिका ने काले मोहरों से खेलते हुए पहली जीत दर्ज की, लेकिन उशेनीना ने स्कोर 2-2 से बराबर कर लिया। आगे के ड्रॉ ने मुकाबले को 5-5 मिनट के ब्लिट्ज गेम तक पहुंचा दिया, जहां हर खिलाड़ी को 3 सेकेंड की अतिरिक्त समय-सीमा मिल रही थी। इसी हाई-प्रेशर गेम में उशेनीना की एक बड़ी चूक का फायदा उठाकर वंतिका ने बढ़त बनाई और अंततः 4.5-3.5 से मैच जीतकर तीसरे राउंड में जगह बनाई। अब उनका सामना रूस की अनुभवी ग्रैंडमास्टर कैटेरीना लाग्नो से होगा। पद्मिनी राउत ने रैपिड टाईब्रेक के पहले गेम में जीत हासिल कर बढ़त बनाई, लेकिन कोस्टेनियुक ने 'विन-ऑन-डिमांड' की स्थिति में स्कोर बराबर कर दिया। चौथे सेट के पहले गेम में पद्मिनी को सफ़ेद मोहरों से हार मिली और दूसरे गेम में जब वह हार की ओर थीं, तब कोस्टेनियुक ने मूव्स रिपीट कर ड्रॉ लिया, जो उन्हें अगले राउंड में ले जाने के लिए काफी था। वंतिका की जीत के साथ भारत की पांच महिला शतरंज खिलाड़ी अब भी इस टूर्नामेंट के आखिरी 32 खिलाड़ियों में बनी हुई हैं। शीर्ष तीन खिलाड़ी 2026 महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## आईएसएल का महत्व समझते हैं लेकिन हम देश के कानून का सम्मान करते हैं: एआईएफएफ

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफए) ने शनिवार को कहा कि वे भारतीय फुटबॉल में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के महत्व को अच्छी तरह से समझते हैं लेकिन उसे देश के कानून का भी सम्मान करना होगा। एआईएफएफ ने यह प्रतिक्रिया इसलिए की है क्योंकि इससे एक दिन पहले ही आईएसएल ने घोषणा की थी कि उसने आयोजकों और फुटबॉल महासंघ के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 सत्र को स्थगित कर दिया है। देश की शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है। आईएसएल का आयोजन करने वाली 'फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड' (एफएसडीएल) और एआईएफएफ के बीच मौजूदा एमआरए (मास्टर अधिकार समझौता) आठ दिसंबर 2025 को समाप्त होने वाला है। तब तक आईएसएल का तीसरा महीना शुरू हो जाएगा। एफएसडीएल ने आईएसएल के सभी क्लबों को लिखे पत्र में कहा, ''दिसंबर के बाद किसी निश्चित अनुबंधीय समझौते के अभाव में हम 2025-26 आईएसएल सत्र की प्रभावी योजना बनाने, इसे आयोजित करने या इसका व्यवसायीकरण करने में असमर्थ हैं। इसमें कहा गया, ''इस स्थिति को देखते हुए हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि हम वर्तमान में 2025-26 आईएसएल सत्र को आगे बढ़ाने की स्थिति में नहीं हैं और मौजूदा एमआरए अवधि के अंत के बाद अनुबंधीय रूपरेखा पर और स्पष्टता आने तक इसे स्थगित कर रहे हैं। एआईएफएफ ने एफएसडीएल के निर्णय के जवाब में बयान जारी कर कहा कि वह कानून के दायरे में लीग को बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करेगा। देश की सर्वोच्च फुटबॉल संस्था ने बयान में कहा, ''एआईएफएफ न केवल देश में फुटबॉल संरचना के लिए, बल्कि सभी क्लबों, खिलाड़ियों, सहयोगी कर्मचारियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए आईएसएल के महत्व को अच्छी तरह से समझता है और इसका आयोजन नहीं होने से पैदा होने वाली चुनौतियों से भी अवगत है। लेकिन इसके साथ ही एआईएफएफ देश के कानून और भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का सम्मान करता है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद एआईएफएफ को एआईएफएफ मसौदा संविधान मामले में अंतिम फैसला आने तक आईएसएल चलाने वाली शीर्ष संचालन संस्था के वाणिज्यिक साझीदार (एफएसडीएल) के साथ एमआरए की नई शर्तों पर बातचीत नहीं करने के लिए कहा गया है। एआईएफएफ ने कहा कि एफएसडीएल के साथ उसकी बातचीत समय पर शुरू हो गई थी और संबंधित पक्षों द्वारा प्रस्तावों का आदान-प्रदान भी किया गया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद चर्चा स्थगित कर दी गई। मास्टर अधिकार समझौते के तहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने 21 नवंबर, 2024 को एफएसडीएल के साथ संभावित नवीनीकरण की शर्तों पर बातचीत की प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद एआईएफएफ और एफएसडीएल के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने इस साल पांच फरवरी को नई दिल्ली और पांच मार्च को मुंबई में बैठक बुलाई थी। एआईएफएफ ने आश्वासन दिया कि सभी हितधारकों के हितों की रक्षा की जाएगी और खेल को नुकसान नहीं होगा। बयान के अनुसार, ''एआईएफएफ और उसके हितधारक भारतीय फुटबॉल के सर्वोत्तम हित में आईएसएल को बनाए रखने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करेंगे। हम सभी हितधारकों से समझदारी से कदम उठाने का अनुरोध करते हैं। एफएसडीएल एआईएफएफ का वाणिज्यिक साझीदार भी है और उन्होंने 2010 में 15 साल के एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोटाफोगो छोड़कर नॉटिंघम फॉरेस्ट में शामिल हुए जैर कुन्हा

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजीलियन क्लब बोटाफोगो ने पुष्टि की है कि उसके सेंट्रल डिफेंडर जैर कुन्हा इंग्लिश प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट में शामिल हो गए हैं। यह ट्रांसफर डील लगभग 12 मिलियन यूरो में पूरी हुई है। 20 वर्षीय जैर, जो 2028 तक बोटाफोगो से अनुबंधित थे, अब नॉटिंघम फॉरेस्ट के साथ जून 2030 तक का अनुबंध कर चुके हैं। बोटाफोगो ने शुक्रवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, ''हम डिफेंडर को हमारे क्लब के लिए उनकी प्रतिबद्धता और मेहनत के लिए धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जैर ने फरवरी में सैंटोस से बोटाफोगो में शामिल होने के बाद क्लब के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 22 मैच खेले। वह ब्राज़ील की अंडर-20 राष्ट्रीय टीम के सदस्य भी हैं। गौरतलब है कि जैर इस हफ्ते नॉटिंघम फॉरेस्ट से जुड़ने वाले बोटाफोगो के दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले क्लब ने स्ट्राइकर इगोर जीसस को 11.5 मिलियन यूरो की रिपोर्टेड फीस पर साइन किया था।

### एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन एगिरेजाबाला लोन पर वेलेंसिया क्लब में हुए शामिल

**मैड्रिड।** ला लीगा क्लब वेलेंसिया ने एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन एगिरेजाबाला को लोन पर साइन कर लिया है। यह कदम वेलेंसिया के मुख्य गोलकीपर जियोर्गी ममारदाशविली के लिवरपूल ट्रांसफर के बाद लिया गया है, ताकि टीम को एक भरोसेमंद विकल्प मिल सके। एगिरेजाबाला 2025-26 सीजन के लिए वेलेंसिया से जुड़ेंगे और क्लब के पास सीजन के अंत में उन्हें स्थायी रूप से साइन करने का विकल्प भी होगा। 24 वर्षीय एगिरेजाबाला ने यह निर्णय नियमित पहले एकादश में खेलने के मौके पाने के उद्देश्य से लिया है, क्योंकि एथलेटिक में उनके आगे स्पेन के अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर उनाई सिमोन हैं। अब तक एगिरेजाबाला मुख्य रूप से सिमोन के विकल्प के रूप में ही खेले हैं। हालांकि, पिछले सीजन सिमोन की कलाई की सर्जरी के चलते उन्होंने ला लीगा में 14 मुकाबले खेले और यूरोपा लीग में एथलेटिक की ओर से पहले विकल्प के रूप में खेले। एगिरेजाबाला ने 2023/24 कोपा डेल रे अभियान में एथलेटिक की पूरी भूमिका निभाई थी। इस दौरान क्लब ने 40 वर्षों बाद यह प्रतिष्ठित खिताब जीता और निर्णायक पेनल्टी शूटआउट में एगिरेजाबाला की अहम बचाव भूमिका रही। हालांकि, आगामी सीजन में उनाई सिमोन के ला लीगा और चैंपियंस लीग में खेलने की संभावना के चलते एगिरेजाबाला के लिए मौके सीमित थे—खासतौर पर ऐसे सीजन में, जो फीफा वर्ल्ड कप के साथ समाप्त होगा।

### एंथम बायोसाइंसेज ने एंकर निवेशकों से 1,016 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** एंथम बायोसाइंसेज ने अपने सार्वजनिक निर्गम से पहले एंकर (बड़े) निवेशकों से 1,016 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार देर रात शेयर बाजार को बताया कि एंकर बुक में भाग लेने वाले निवेशकों में अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल, ईस्टस्प्रिंग इन्वेस्टमेंट्स, अमुंडी फंड्स, पाइनब्रिज ग्लोबल फंड्स और सोसायटी जेनरल, एचडीएफसी एमएफ (एमएफ), आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ, यूटीआई एमएफ, क्वांट एमएफ और मोतीलाल ओसवाल एमएफ शामिल हैं। परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 60 निवेशकों को 570 रुपये प्रति शेयर की दर से 1.78 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं, जो मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर है। इस प्रकार, कुल लेनदेन का आकार 1,016 करोड़ रुपये है। बेंगलुरु स्थित फर्म का 3,395 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 14 जुलाई को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा और 16 जुलाई को बंद होगा। मूल्य दायरा 540-570 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। चूंकि, यह आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) है, इसलिए कंपनी को इस निर्गम से कोई धनराशि प्राप्त नहीं होगी।

### नड्डा ने सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के आमंत्रित किया

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को सऊदी अरब की कंपनियों से भारत में निवेश के अवसर तलाशने का आग्रह किया। नड्डा सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं और उनके साथ उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी हैं। मंत्री ने सऊदी भारत व्यापार परिषद के चेयरमैन अब्दुलअजीज अल कहतानी से भी मुलाकात की। उन्होंने पूर्वी प्रांत दम्मम में व्यापारिक समुदाय के साथ भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच बढ़ते संबंधों पर बातचीत की।

## पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क एमएलसी फाइनल में

एजेंसी

डालास। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर किंग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा। हालांकि, यह आक्रमण ज्यादा देर तक नहीं चला। लुस और रुशिल उगारकर ने टीएसके के शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी और पावरप्ले की समाप्ति तक स्कोर 43/3 कर दिया। वे डु प्लेसिस को 25 रन पर भी आउट कर सकते थे, लेकिन कीरोन पोलार्ड ने कैच टपका दिया। डु प्लेसिस टीएसके की पारी को मजबूत बनाए हुए थे, लेकिन दूसरे छोर से मार्कस स्टोइनिस रन गति बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। आखिरकार उन्होंने 11वें ओवर में उगारकर की एक धीमी गेंद को डीप मिड विकेट पर कैच आउट करा दिया, जिससे टीएसके की बढ़त और कम हो गई। लुलस ने डु प्लेसिस को 59 रन पर आउट कर दिया, लेकिन अकील होसेन और डोनोवन फरेरा के आखिरी क्षणों में किए गए आक्रमण ने टीएसके को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में मदद की। पोलार्ड को होसेन के आक्रमण का खामियाजा भुगतना पड़ा और इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने उन पर तीन छक्के जड़े। बाद में बल्लेबाजी से मिली लय अगली पारी में भी जारी रही। क्विंटन डी कॉक जिया उल हक की गेंद पर पुल शॉट लगाने में चूकने के कारण जल्दी ही आउट हो गए। माइकल ब्रेसवेल भी ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ पाए और पावरप्ले के तुरंत बाद नूर अहमद की गेंद पर आउट हो गए। हालांकि, दूसरे ओवर में 11 रन पर जीवनदान पाने वाले मोनांक पटेल ने एडम मिल्ने की गेंद पर चौका लगाकर छूटे कैच की भरपाई की। अगले ओवर में, उन्होंने जिया की गेंद पर दो और चौके जड़े। नूर ने उन्हें परेशान किया, और स्टोइनिस ने भी अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करते हुए स्कोरिंग गति को नियंत्रित किया। 10वें ओवर की समाप्ति तक, मुम्बई इंडियंस न्यूयॉर्क का स्कोर 2 विकेट पर 63 रन ही था। हालांकि, टीएसके की फील्डिंग उन्हें लगातार नुकसान पहुंचाती रही। 11वें ओवर में, 37 रन के निजी स्कोर पर, मोनांक का कैच फिर से छूटा। अगले ओवर में वह आउट हो गए, लेकिन इससे पहले कि वह अपने कुल स्कोर में 12 और रन जोड़ पाते।

## प्रधानमंत्री मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण पर गोयल ने कहा- 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को लेकर दृष्टिकोण को दर्शाने के लिए एक टेलीविजन ब्रांड की मशहूर पंक्ति 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का गौरव' का उल्लेख किया। केंद्रीय मंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को गौरवान्वित और विश्व स्तर पर प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़ हैं, जिससे सभी को ईर्ष्या होगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्वस्तर पर गौरवान्वित और प्रशंसित बनाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं, जिससे हर कोई ईर्ष्या करेगा। गोयल ने कहा, हम एक ऐसा राष्ट्र बनाना चाहते हैं जिसे दूसरे ईर्ष्या से देखें और हमें गर्व से भर दें। क्या आपको वह टीवी विज्ञापन याद है जिसकी 'टैगलाइन' थी, 'पड़ोसी की ईर्ष्या, मालिक का अभिमान'? प्रधानमंत्री मोदी इसी तरह के भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके शासन ने देश के युवाओं के लिए स्व-रोज़गार और उद्यमिता से लेकर स्टार्टअप और व्यावसायिक उपक्रमों तक, सभी क्षेत्रों में अवसरों के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया (भारत में विनिर्माण करो), आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया या डिजिटल इंडिया जैसी योजनाएं भारत को दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में मदद कर रही हैं। मुंबई उत्तर से लोकसभा सांसद गोयल ने कहा, हमारे युवा देश की अर्थव्यवस्था से तेज़ी से जुड़ रहे हैं। भारत अब दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। अगले ढाई सालों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## गिफ्ट सिटी ने विमानन उद्योग के लिए सालाना पांच अरब डॉलर के अवसर खोले: नायडू

एजेंसी

मुंबई। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि विमान पट्टे पर लेने में आसानी प्रदान करने वाले आईएफएससी गिफ्ट सिटी ने घरेलू विमानन उद्योग के लिए सालाना पांच अरब डॉलर के अवसर खोले हैं। गुजरात की राजधानी गांधीनगर स्थित गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) को एक विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित किया गया है। यह उद्यमों को व्यवसाय स्थापित करने के लिए कर लाभ प्रदान करता है। गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय पट्टेदारों से विमानों को पट्टे पर लेने वालों को कर में छूट मिलती है। इसके साथ ही गिफ्ट सिटी में पंजीकृत पट्टादाताओं को विमान आयात करने या पट्टे पर लेने के लिए पूर्व मंजूरी की जरूरत नहीं होती है। इससे पट्टे की प्रक्रिया आसान और लागत प्रभावी हो जाती है। नायडू ने यहां पश्चिमी क्षेत्र के विमानन मंत्रियों के सम्मेलन में कहा, 'गिफ्ट सिटी की स्थापना के बाद हम देश में विमान पट्टा लागत में 10 से 15 प्रतिशत तक की कमी देख रहे हैं। इससे आखिरकार देश में अधिक विमानों और विमानों के बेड़े को लाभ होगा। नायडू ने कहा, 'इस तरह, हमारे 80 प्रतिशत वाणिज्यिक विमानों के पट्टे पर होने से गिफ्ट सिटी पूरे भारतीय विमानन उद्योग के लिए पांच अरब डॉलर का अवसर खोलती है। इस सम्मेलन में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, गोवा, केंद्रशासित प्रदेश दमन और दीव तथा दादरा एवं नगर हवेली के अलावा विमानन मंत्रालय, डीजीसीए, एएआई के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों ने भी भाग लिया।

## नयी कारों से ज्यादा पुरानी कारों में रूचि रख रहे लोग, रिपोर्टस में हुआ खुलासा

एजेंसी



कोलकाता। पुरानी कारों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष में आठ से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ते डिजिटल उपयोग और बेहतर वित्तीय पहुंच के कारण, चालू वित्त वर्ष में पुरानी कारों की बिक्री लगभग 60 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुरानी कारों की तुलना में नई कारों की बिक्री का अनुपात बढ़कर 1.4 हो गया है, जो पांच साल पहले एक से भी कम था। पुरानी कारों का बाजार मूल्य लगभग चार लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि इस क्षेत्र में संगठित कंपनियों को नवीनीकरण, लॉजिस्टिक और वित्तपोषण पर उच्च परिचालन लागत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत राजस्व वृद्धि से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष (2026-27) में परिचालन लाभ के स्तर पर संतुलन कायम होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि तब तक, कंपनियों की कर्ज साख काफी हद तक समय पर धन जुटाने और वृद्धि को सहारा देने के लिए पर्याप्त नकदी बनाए रखने पर निर्भर करेगी। कोविड महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के दौरान उत्पादन में बाधा के कारण इस क्षेत्र में स्थिर कारोबार देखा गया था। क्षेत्र में अब भी मजबूती बने रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठित कंपनियों ने वित्त वर्ष 2018-19 से इक्विटी मार्ग के जरिए सामूहिक रूप से 14,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# गवई ने वकीलों से ईमानदारी, मानसिक स्वास्थ्य-समावेशिता को बनाए रखने का किया आग्रह

**एजेंसी**

हैदराबाद। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई शनिवार ने यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया।

उन्होंने कहा, नालससार ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता और विधि की भावना के प्रति प्रतिबद्धता के साथ न केवल भारत में, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने दिव्यांग अधिकार, लैंगिक न्याय, जनजातीय अधिकार, विधि तथा प्रौद्योगिकी और संवैधानिक शासन जैसे क्षेत्रों में इसके शोध पर प्रकाश डाला। सीजेआई गवई ने नालसार के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की, जिनमें से कई बाद में उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता, विधि विद्वान, नीति विशेषज्ञ और अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ता बने हैं। उन्होंने स्नातकों से कहा, ल्लआज आप सिर्फ डिग्री ही प्राप्त नहीं कर रहे हैं, बल्कि आप प्रभाव और अखंडता की जीवंत परंपरा में शामिल हो रहे हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा, यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़िनश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया। उन्होंने अमेरिकी लेखिका, प्रोफ़ेसर, दार्शनिक, अन्तर्राष्ट्रीय नारीवादी, कवयित्री और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता ऑड्रे लॉर्डे के हवाले से कहा, ल्लयह पेशा भावनात्मक रूप से अलग-थलग और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आत्म-देखभाल का मतलब भोग-विलास नहीं है, यह संरक्षण है। उन्होंने कानूनी व्यवस्था में संरचनात्मक असमानताओं पर भी बात की। वैश्विक शोध का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि अवसरों तक पहुँच अक्सर योग्यता से ज़्यादा संस्थागत वंशावली पर निर्भर करती है। उन्होंने पेशे को और अधिक समावेशी और न्यायसंगत बनाने का आग्रह करते हुए कहा, ल्लयह अनुचित है, लेकिन वास्तविक है। हमें इस वास्तविकता को स्वीकार किए बिना इसका सामना करना होगा। छात्रों को मज़बूत कानूनी नींव बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, उन्होंने बुनियादी बातों, संवैधानिक कानून, अनुबंध कानून, दीवानी और आपराधिक प्रक्रिया में महारत हासिल करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, कानूनी उत्कृष्टता का कोई शॉर्टकट नहीं है। रुझान आते-जाते रहेंगे, लेकिन बुनियादी बातों में स्पष्टता आपको आगे ले जाएगी। मेंटरशिप पर बोलते हुए, उन्होंने इसे एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि सब कुछ किताबों या फैसलों से नहीं सीखा जा सकता। कुछ सबक बातचीत, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से मिलते हैं। उन्होंने कहा, ईमानदारी से गुरुओं की तलाश करें और एक दिन खुद भी गुरु बनें। न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को विदेशी शिक्षा पर भी गंभीरता से विचार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, ल्लविदेशी डिग्री कोई मूल्य की मुहर नहीं है। मान्यता के लिए खुद को या अपने परिवार को आर्थिक तनाव में न डालें। उन्होंने साथियों के दबाव में आने के बजाय सोच-समझकर योजना बनाने की वकालत की। भारत की स्नातकोत्तर विधि शिक्षा एवं अनुसंधान में निवेश का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, ल्लहमें ऐसे पोषणकारी शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना चाहिए जो प्रतिभाओं को बनाए रखें और उनका स्वागत करें, विधि अनुसंधान की गरिमा बहाल करें और पारदर्शी अवसर प्रदान करें। उन्होंने स्नातकों को बधाई देते हुए कहा, ल्लपाँच चीज़ों, दोस्त, परिवार, किताबें, शौक, स्वास्थ्य और कल्पनाशीलता को कभी नज़रअंदाज़ न करें।

# पारंपरिक चिकित्सा में एआई पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के विवरण में भारत के नवाचारों को जगह

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब ल यूएचओ) ने ' पारंपरिक चिकित्सा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के अनुप्रयोग का मापन' अपने संक्षिप्त तकनीकी विवरण में आयुष प्रणालियों के साथ एआई को एकीकृत करने में भारत के प्रयासों को पथ-प्रदर्शक बताते हुए इनकी सराहना की है। यह जानकारी आयुष मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह विवरण इस विषय पर भारत के प्रस्ताव के बाद जारी किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग हेतु डब ल यूएचओ का पहला प्रारूप विकसित हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में एआई पर वैश्विक भागीदारी (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा था, 'हमने सभी के लिए एआई की भावना से प्रेरित होकर सरकारी नीतियाँ और कार्यक्रम विकसित किए हैं।' सरकार पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के क्षेत्र में भी एआई के अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित कर रही है।

आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के तकनीकी विवरण में उल्लिखित देश की एआई-आधारित पहल, अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय वैज्ञानिकों की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ल्लएआई को आयुष प्रणालियों के साथ एकीकृत करके - और आयुर्वेदिक के ऐतिहासिक छाप प्रदर्शन (एसएएचआई) पोर्टल, राष ट्रीय आयुष रुगणता और मानकीकृत इलेक ट्रानिक शब दावली (नमस ते) पोर्टल और आयुष अनुसंधान पोर्टल जैसे अग्रणी डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से - भारत न केवल अपने सदियों पुराने चिकित्सा ज्ञान की रक्षा कर रहा है, बल्कि व्यक्तिगत, साक्ष्य-आधारित और विश्व स्तर पर सुलभ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को आकार देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा, ल्लडब्ल्यूएचओ दस्तावेज़ में भारत की ओर से किए गए कई अग्रणी एआई-संचालित नवाचारों पर प्रकाश डाला गया है - जिसमें आयुर्वेद ज्ञान और आधुनिक जीनोमिक्स को एक साथ लाने वाली अभूतपूर्व आयुर्जेनोमिक्स परियोजना शामिल है। इस डिजिटल परिवर्तन का मूल आधार 2018 में शुरू किया गया एक व्यापक आयुष ग्रिड है। श्री कोटेचा ने कहा कि एआई-सक्षम प्लेटफ़ॉर्म न केवल भारत की पारंपरिक ज्ञान चिकित्सा प्रणालियों को संरक्षित और मान्य कर रहे हैं, बल्कि साक्ष्य-आधारित, डिजिटल स्वास्थ्य सेवा ढाँचों के भीतर उनके वैश्विक एकीकरण को भी आगे बढ़ा रहे हैं। परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों पर डब्ल्यूएचओ का यह नया दस्तावेज स्वास्थ्य संगठन आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी में एआई-संचालित अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करता है, जिसमें निदान सहायता प्रणालियाँ भी शामिल हैं जो नाड़ी मापन, जीभ परीक्षण और प्रकृति मूल्यांकन जैसी पारंपरिक विधियों को मशीनों के अनुप्रयोग और गहन तांत्रिका नेटवर्क के साथ एकीकृत करती हैं। डबल्यूएचओ के विवरण में एक उल्लेखनीय विशेषता आयुर्जेनोमिक्स का उल्लेख है जो जीनोमिक्स को आयुर्वेदिक सिद्धांतों के साथ जोड़ती है। इस पहल का उद्देश्य आयुर्वेदिक संरचना प्रकारों के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)-आधारित विश्लेषण का उपयोग कर रोगों के पूर्वानुमानित संकेतों की पहचान करना और स्वास्थ्य संबंधी सुझावों को व्यक्तिगत बनाना है।

## इसरो ने गगनयान मिशन के लिए एसएमपीएस विकसित की

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ-नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

## बिहार में 80 प्रतिशत मतदाताओं के गणना-फार्म प्राप्त हो चुके हैं: आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि वह बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत लगभग सभी मतदाताओं के साथ सीधा संपर्क स्थापित कर उनके पास गणना-फार्म पहुंचा चुका है और 80.11 प्रतिशत मतदाता अपने गणना फॉर्म जमा कर चुके हैं। आयोग ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि उसके एककृत डिजिटल ऐप ईसीआईनेट में गणना-फार्मों के सत्यापन का नया मॉड्यूल पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। आयोग ने बताया कि शनिवार शाम 6.00 बजे तक 6,32,59,497 गणना-फार्म का संग्रह किया जा चुका है जो राज्य की वर्तमान सूची में दर्ज कुल मतदाताओं की संख्या का 80.11 प्रतिशत को पार कर गयी है। इस तहर हर 5 मतदाताओं में से 4 ने फार्म जमा कर दिए हैं। आयोग को लगता है कि इस गति से 25 जुलाई से पहले ही अधिकांश फार्म प्राप्त किए जाने की संभावना है। आयोग ने कहा है, ल्ल यदि किसी मतदाता को पात्रता दस्तावेज़ जमा करने के लिए और समय चाहिए, तो वह उन्हें 30 अगस्त तक, यानी दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि तक, अलग से जमा कर सकता है और स्वयंसेवकों की भी मदद ले सकता है। आयोग ने पुनरीक्षण के लिए 77,895 बूथस्तरीय अधिकारी ( बीएलओ ) के साथ, जमीन पर अतिरिक्त 20,603 नव नियुक्त बीएलओ लगाये हैं। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में 38 जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 963 सहायक ईआरओ (एईआरओ) सहित फील्ड-स्तरीय टीमों की सीईओ द्वारा बारीकी से निगरानी की जा रही है। ईसीआई के इन प्रयासों में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख एजेंट घर घर जा कर लोगों की सहायता कर रहे हैं। इस अभियान में चार लाख से अधिक स्वयंसेवकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं और अन्य कमजोर समूहों की सहायता के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आयोग ने बताया कि बीएलओ ने आज शाम 6 बजे तक 4.66 करोड़ गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण और ईसीआईनेट पर अपलोड कर दिया था। ईसीआईनेट एक नया विकसित एकीकृत सॉफ़्टवेयर है, जिसमें पहले से मौजूद सभी 40 ईसीआई ऐप्स समाहित हो गये हैं।

## मराठा सैन्य धरोहरों का यूनेस्को की सूची में शामिल होना गौरवान्वित करता है : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के मराठा सैन्य धरोहरों को प्रतिष्ठित यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर अत्यधिक गर्व और खुशी व्यक्त की है। श्री मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन धरोहरों में 12 भव्य किले शामिल हैं जिनमें से 11 महाराष्ट्र में और एक तमिलनाडु में है प्रधानमंत्री ने मराठा साम्राज्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ल्ल जब हम गौरवशाली मराठा साम्राज्य की बात करते हैं, तो हम इसे सुशासन, सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक कल्याण के साथ जोड़ते हैं। ये महान शासक हमें किसी भी अन्याय के आगे झुकने से मना करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने नागरिकों से मराठा साम्राज्य के समृद्ध इतिहास के बारे में जानने के लिए इन किलों का भ्रमण करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में रायगढ़ किले की अपनी यात्रा की यादों का उल्लेख करते हुए एक तस्वीर भी साझा की जिसमें उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर देने से चुनाव की निष्पक्षता कहां रहेगी : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने चुनाव आयोग की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुये फिर कहा है कि मांगे गये दस्तावेजों के अभाव में यदि बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर दिया गया तो निष्पक्ष चुनाव कैसे हो पायेंगे। कांग्रेस नेता एवं उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां संवादाताओं से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं से मांगे गये दस्तावेजों के अभाव में यदि बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने से वंचित कर दिये गये तो चुनाव की निष्पक्षता कैसे रह पायेगी? उन्होंने कहा कि दस्तावेजों के अभाव में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम कटने से चुनाव में अपने प्रतिनिधि चुनने का समान अवसर सबको कैसे दिया जा सकेगा? उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया पर उच्चतम न्यायालय में चल रही सुनवाई पर संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि न्यायालय के रुख से स्पष्ट है कि इस मामले में इंडिया गठबंधन जीत हुई है। चुनाव आयोग ने कहा , ल्ल साल 2003 से पहले जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में हैं, हम उनके नाम सूची से नहीं हटायेंगे लेकिन 2003 के बाद मतदाता सूची में जिनके नाम जुड़े हैं, हर उस मतदाता को 'संदिग्ध श्रेणी ' में डाल दिया जायेगा । श्री सिंघवी ने कहा कि2003 की मतदाता सूची के बाद इससे जुड़े लोगों को तीन श्रेणी में बांटा गया है। इन लोगों को कुछ दस्तावेज देने होंगे, तभी वे मतदाता रह पायेंगे।

# पेज एक का शेष

## दोनों इंजन बंद हुए...

के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गयी थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमेरिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएसबीआई की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकार्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरु में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है, डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानकारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ़्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑप (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद-लंदन) का संचालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बातचीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएसआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बोइंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गयी। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे। वह बुलेटिन अनिवार्य निर्देश नहीं बल्कि केवल एक परामर्श था। एयरलाइन ने विमान के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल को 2019 और 2023 में बदला था, लेकिन यह काम ईंधन स्विच समस्याओं से संबंधित नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एयर इंडिया ने अमेरिकी उड्डयन एजेंसी के बुलेटिन को आधार बना कर काई निरीक्षण नहीं किया। एएआईबी प्राथमिक रिपोर्ट में इस बाद को विशेष रूप से लिखा, यह रिपोर्ट प्रारंभिक है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

## अहमदाबाद विमान...

रहेंगे। हम संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के प्रोटोकॉल का, जिसे अनुलग्नक 13 के रूप में जाना जाता है, पालन करते हुए एआई171 के बारे में जानकारी के लिए एएआईबी के साथ सहयोग करेंगे। यह बयान एएआईबी की ओर से उड़ान संख्या एआई 171 के अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़े 787-8 ड्रीमलाइनर की दुर्घटना की जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट जारी करने के बाद आया है। इस दुर्घटना में विमान में सवार 241 और ज़मीन पर 30 लोग मारे गए थे।

## देश का नौजवान...

पेश करती हैं। भारत की कम असमानता वाले शीर्ष देशों में रखा जा रहा है। मैन्युफ़ेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफ़ेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है। उन्होंने कहा, भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंज़ूरी दी है। लोकतंत्र और युवा आबादी को भारत की असीमित शक्ति बताते हुए श्री मोदी ने कहा, आज 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। अब ये नौजवान...राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं ।आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियाँ हैं। एक डेमोग्राफी, दूसरी डेमोक्रेसी। यानि सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और अनुसंधान का एक सिस्टम मिलकर युवाओं का सशक्तिकरण कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, स्टार्ट अप्स, इनोवेशन और रिसर्च का जो इकोसिस्टम आज देश में बन रहा है... वो देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत को सबसे अधिक समानता वाले देश की श्रेणी में रखा गया है। ल्लइस रिपोर्ट में कहा गया है... बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफ़ेयर स्कीम्स के दायरे में लाया गया है।आज वर्ल्ड बैंक जैसी बड़ी वैश्विक संस्थाएं भारत की प्रशंसा कर रही हैं। भारत को दुनिया के सबसे अधिक समानता वाले शीर्ष के देशों में रखा जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि है इस तरह के रोजगार मेले युवा शक्ति को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत का माध्यम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं ।

## ढाबा संचालक ऐसा...

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा मार्ग के हर एक किमी पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं। संवेदनशील इलाकों में चौकी बनाई गई। उन्होने कहा कि हादसों से बचने के लिये डीजे की हाइट और साउंड के लिए नियम बनाये गये हैं जिसका पालन करना होगा। अवैध धर्मांतरण को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि धर्मांतरण के इनपुट के आधार पे कार्रवाई हो रही है। जो भी लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। वैसे धर्मांतरण मामले में एटीएस जांच कर रही है। जांच के लिये जिसकी आवश्यकता होगी मदद लेंगे। उन्होने कहा कि जो भी धर्मांतरण में शामिल है सुबूत मिलने पर कार्रवाई होगी।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर...

अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा, ल्लजब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुँचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।ङ्क याचिकाकर्ता ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों को सभी क्यूआर कोड-आधारित पहचान संबंधी अनिवार्यताओं या किसी भी अन्य ऐसी व्यवस्था को तुरंत वापस लेने का निर्देश देने की मांग की, जिससे विक्रेताओं के मालिक होने की पहचान या धार्मिक पहचान का खुलासा होता हो। याचिका में राज्यों को हलफनामा दायर करके यह बताने का निर्देश देने की भी मांग की गई कि वर्तमान अनिवार्यताएं (क्यूआर कोड) संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन कैसे नहीं करती हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि शीर्ष अदालत को निर्देश देना चाहिए कि लाइसेंसिंग आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए अनुरोध सीमित हों और उनमें नाम और पहचान प्रदर्शित करने के व्यापक और अस्पष्ट निर्देश शामिल न हों। याचिका में यह भी दावा किया गया है कि अब यह स्पष्ट है कि दोनों राज्य सरकारें जन सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की आड़ में उसी निर्देश को फिर से लागू करके अदालती रोक के आदेश को दरकिनार कर रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि 'पिछले वर्ष की तरह, प्रत्येक दुकान पर संचालक का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

## मां काली के आशीर्वाद...

ब्रजेश पाठक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह हमें गर्व है कि हमारे राज्य में ऐसे महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण हो रहा है, जो हमारे समाज के लिए उपयोगी होंगे। इस मौके पर विधायक डॉ. नीरज बोरा, महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद अनुराग मिश्रा, मनीष रस्तोगी, मठ बड़ी काली जी मंदिर संरक्षक स्वामी आत्मानंद गिरि, स्वामी अच्युतानंद, महंत विवेकानंद गिरि, अभय उपाध्याय, प्रबंधक देवराज सिंह, ट्रस्टी सदस्य धीरेंद्र अवस्थी, दीप प्रकाश सिंह, विकास तिवारी, पुजारी शिवम पांडेय, रामेंद्र अवस्थी, तुषार वर्मा, राहुल सारस्वत, उमेश पाटिल, हिमांशु गर्ग, ऋषि कपूर आदि रहे।

## जस्टिस वर्मा ...

सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाले तीन जजों के पैनल ने 10 दिनों तक जांच की। 55 गवाहों से पूछताछ की और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों को ध्यान में रखते हुए पैनल इस बात पर सहमत है कि एख्क्र के 22 मार्च के लेटर में लगाए गए आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

## अवैध धर्मांतरण को ...

इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। योगी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक एक संदेश यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी महाराज की शहादत को याद करना था, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। यात्रा दिल्ली के उस ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक जाएगी, जहां गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था।

उन्होने कहा कि यात्रा के माध्यम से 350 वर्षों के शहीदी इतिहास को जीवंत किया जा रहा है, जिसमें उस समय के कठिन कालखंड की याद दिलाई जा रही है जब औरंगजेब जैसे अत्याचारी शासक का शासन था। शासक का उद्देश्य था सनातन धर्म को समाप्त करना और इस्लामिक धर्म को बढ़ावा देना। गुरु तेग बहादुर जी ने इस चुनौती का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपने पथ से कभी विचलित नहीं हुए। उन्होंने अपने बलिदान से आने वाली पीढ़ियों को एक प्रेरणा दी। यह पूरी यात्रा शहादत और बलिदान की परंपरा की नींव पर खड़ी है। जब हम इस शहीदी दिवस के आयोजन को देखते हैं, तो हमें उन संघर्षों और बलिदानों की याद आती है जिनके कारण आज हम स्वतंत्र और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हैं। योगी ने कहा कि सिख गुरुओं ने जिस बलिदान और त्याग की परंपरा की नींव रखी थी, उसे हमें आज भी जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदू और सिखों के बीच फूट डालने के प्रयास कभी भी होते रहेंगे, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा और इन साजिशों को नाकाम करना होगा। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस कार्यक्रम हमें यह प्रेरणा देता है कि हम सिख गुरुओं के बलिदान और शहादत की परंपरा को बनाए रखें और इसे वर्तमान समय के अनुसार अपनी रणनीतियों में ढालें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज में कोई भी जाति, धर्म, वर्ग अपनी संस्कृति और धर्म को छोड़ने के लिए दबाव में न आएं। उन्होने 550 वें प्रकाश पर्व और बाल दिवस के अवसर पर होने वाले आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब ये कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता देने के निर्णय का स्वागत किया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लो, अल्पसंख्यक आयोग सदस्य सरदार परविंदर सिंह, महासचिव दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी सरदार जगदीप सिंह कहलो, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## किसानों की समृद्धि...

कार्यरत हैं। इससे लाखों महिलाएं जुड़ी हैं, जो समितियों के माध्यम से दुग्ध कलेक्शन, आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करती हैं और पशुपालन की अच्छी नस्ल की भी चिंता करती हैं

योगी ने कहा कि आज 14 लाख से अधिक गोवंशों की देखभाल सरकार की गोशालाओं या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त पशुपालकों द्वारा की जा रही है। गोशालाओं में 12 लाख पशुधन हैं। इसके साथ ही गोवंशों की देखभाल के लिए हर महीने 1500 रुपये प्रति गोवंश देते हैं। इसमें लगभग दो लाख से अधिक पशुधन 1.25 लाख किसानों के पास हैं। तीसरी स्कीम-कुपोषित परिवारों को निराश्रित गोआश्रय स्थल से दुधारू गाय देते हैं। 10 हजार से अधिक परिवारों को एक-एक गाय दे रखी है। 1500 रुपये हर महीने गाय की सेवा के लिए उपलब्ध कराते हैं। इससे गोवंश के संरक्षण व संवर्धन को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में केमिकल, पेस्टिसाइड, फर्टिलाइजर का अत्यधिक उपयोग नई बीमारियों को जन्म दे रहा है। कैंसर, खराब किडनी, लीवर के दुष्परिणाम बताते हैं कि केमिकल, पेस्टिसाइड व फर्टिलाइजर का उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया है। हमें इस समस्या के समाधान का रास्ता निकालना होगा। प्राकृतिक जीवन जीने के लिए प्राकृतिक खेती महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक खेती गो आधारित खेती ही है, भारतीय नस्ल का गोवंश उसमें बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

कार्यशाला में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन सिंह', अरुणाचल प्रदेश के पशुपालन मंत्री गेब्रियल डी वांगसु, प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष, भारत सरकार की सचिव (पशुपालन व डेयरी) अलका उपाध्याय आदि की मौजूदगी रही। किसान रामप्रकाश दुबे (वाराणसी), विनीता देवी (वाराणसी), लखपति दीदी कौशल्या देवी (गोरखपुर), सोनम कुमारी (एटा), पन्नेलाल यादव (गोरखपुर) ने सफलता की कहानी और सरकार से मिले सहयोग की कहानी साझा की।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बिजली की तारों को भूमिगत करने की पायलट परियोजना का किया उद्घाटन

■ योजना के लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के बीएच (पूर्व) ब्लॉक में बिजली की ऊपरी तारों को भूमिगत करने की पायलट परियोजना का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लगभग तीन महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा। इस कार्य से न केवल क्षेत्र की सुंदरता निखरेगी बल्कि नागरिकों की सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि इस योजना से शालीमार बाग के बीएच ब्लॉक जनता फ्लैट्स में रहने वाले लगभग 5500 परिवार लाभान्वित होंगे। इस परियोजना के तहत 8.07 करोड़ रुपये की लागत से पांच किलोमीटर लंबे एचटी और एलटी ओवरहेड तारों को हटाकर 10 किलोमीटर भूमिगत एलटी (440वी) और 1.2 किलोमीटर एचटी (11केवी) नेटवर्क बिछाया जाएगा। इसके साथ ही 23 नए डबल सोर्स फीडर पिलर बॉक्स लगाए जाएंगे, जो बिजली आपूर्ति को अधिक विश्वसनीय बनाएंगे। इस पूरी योजना के कार्यान्वयन के बाद लोगों को हर मौसम में निर्बाध 24x7 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह तो केवल एक शुरुआत है। दिल्ली सरकार की योजना है कि इस पायलट परियोजना को दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। इस योजना के लिए सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह राशि विभिन्न चरणों में दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में भी इस परियोजना के विस्तार के लिए इस्तेमाल की जाएगी। भूमिगत तारों की व्यवस्था से बिजली आपूर्ति और अधिक विश्वसनीय, सुरक्षित और कुशल बनेगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विजन की भावना के अनुरूप है।

# मुख्यमंत्री ने सीलमपुर हादसे में दो लोगों की मौत पर दुख जताया

■ खास तरह के इलाकों में इमारते गिरने पर मंत्री कपिल मिश्रा ने पिछली सरकार के भ्रष्टाचार पर उठाया सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को सीलमपुर में इमारत ढहने से दो लोगों की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल का दौरा कर रहे हैं और स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट को घटना पर रिपोर्ट देने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस, दिल्ली अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति



संवेदना जताते हुए बताया कि हादसे में घायल हुए लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंत्री कपिल मिश्रा ने घटना स्थल का दौरा करते हुए कहा कि पतली गली होने के वजह से राहत कार्य में परेशानी हो रही है। हाथों से इमारत का मलबा निकालने के अलावा कोई और दूसरा उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि एक खास तरह के इलाकों में इमारते गिर रही है, पहले मुस्तफाबाद और अब सीलमपुर में। पिछले 10 साल में वोट बैंक के कारण भयानक भ्रष्टाचार का खेल खेला गया और पटरियों पर बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कराई गईं। दिल्ली सरकार इसकी जांच करवाएगी, जो भी दोषी होगा, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मधुबन के सीओ और बीडीओ बीच टकराव, डीएम के पास पहुंचा मामला

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मधुबन प्रखंड में बीडीओ और सीओ के बीच टकराव का मामला सामने आया है। बीते पंचायत उपचुनाव में कार्य को लेकर मधुबन सीओ रागिनी कुमारी गुप्ता पर बीडीओ रजनीश कुमार ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को एक लिखित पत्र भेजकर कारवाई की मांग की है। इसमें बताया गया है,कि पंचायत उपचुनाव के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के ग्राउंड फ्लोर पर पोलिंग पार्टी मतदान संबंधी तैयारियां कर रहे थे,तो सीओ ने इस स्थान को अंचल की जमीन बताते हुए मतदान कर्मियों को वहां से हटाने का प्रयास किया और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया। इसके साथ ही बीडीओ ने सीओ पर ईवीएम कमीशनिंग की जिम्मेदारी मिलने के बाद भी कार्य स्थल अनुपस्थित रहने अनुपस्थित रही। बीडीओ के मुताबिक सीओ को बज्रगृह प्रभारी नियुक्त किया गया था। लेकिन सीओ ने आदेश की प्रति ही वापस लौटा दी। बीडीओ ने पत्र में लिखा है कि पंचायत उपचुनाव के दौरान सीओ का रवैया पूरी तरह असहयोगात्मक रहा है। जिससे चुनावी कार्यों में बाधा उत्पन्न हुई। बीडीओ रजनीश कुमार द्वारा डीएम को भेजे गए पत्र में बताया गया कि पहले ग्राउंड फ्लोर को बज्रगृह और मतगणना स्थल के लिए निर्धारित किया गया था। लेकिन सीओ के विरोध के कारण उसे प्रथम तल के हॉल में शिफ्ट करना पड़ा। वही मामला सामने आने के बाद लोग प्रशासनिक व्यवस्था को कठघरे में खड़ा करते हुए पंचायत उपचुनाव की निष्पक्षता पर भी असर सवाल खड़े कर रहे है ।ऐसे में अब डीएम इस पत्र पर क्या कार्रवाई करते हैं,देखना दिलचस्प होगा।

### केंद्रीयमंत्री चिराग पासवान को 20 जुलाई तक बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** केंद्रीयमंत्री और लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को एक इंस्टाग्राम अकाउंट से 20 जुलाई तक बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जमुई सांसद और चिराग पासवान के जीजा ने एक्स पोस्ट में इसके लिए राजद पर आरोप लगाया है। पटना के साइबर थाने में लोजपा (रा) के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने इस पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। चिराग को धमकी मिलने के बाद पार्टी में हड़कंप मच गया है। भट्ट ने बताया कि यू-ट्यूबर दक्षाप्रिया के इंस्टाग्राम अकाउंट के कमेंट्स सेक्शन में टाइगर मेराज इदिसी ने चिराग पासवान को बम से उड़ाकर जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने पुलिस से संदिग्ध को फौरन गिरफ्तार करने की मांग की है। जमुई सांसद अरुण भारती ने एक्स पोस्ट में कहा कि अप्रत्याशित हार के डर से बौखलाई राजद बिहार में जंगलराज 2.0 लाना चाहती है। इसलिए राजद के आपराधिक तत्व चिराग पासवान को बम से उड़ाने की धमकी दे रहे हैं। सांसद भारती ने राज्य सरकार से चिराग पासवान की सुरक्षा बढ़ाने और उन्हें बुलेटप्रूफ गाड़ी उपलब्ध कराने की मांग की है। जमुई सांसद ने कहा है चिराग पासवान शेर का बेटा है। न किसी से डरा है, न डरेगा। बिहार के लिए जिएगा। बिहार के लिए मरेगा।

### सावन महीने के शुभारंभ मे हीं जुटने लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**नालंदा, बिहारशरीफ।** सावन महीना प्रारंभ होते हीं बिहारशरीफ, राजगीर, पावापुरी, हरनौत, इस्लामपुर, कतरीसराय सहित जिले के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने बेलपत्र, जल, भांग, धतूरा और दूध से शिवलिंग का अभिषेक कर परिवार के सुख-शांति की कामना की। वहीं बिहारशरीफ के बाबा मणिराम मंदिर, धनेश्वरनाथ मंदिर, हिरण्येश्वर धाम स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भक्तों की भीड़ सुबह से देर शाम तक लग रही है। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में पूजन किया वहीं युवाओं में भी शिव भक्ति को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है ।सावन के पहले दिन से ही मंदिरों में घंटियों की गूंज, भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चारण से माहौल भक्तिमय बन गया है। कई जगहों पर सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया है। स्थानीय स्तर पर श्रद्धालुओं ने गंगा और अन्य जल स्रोतों से जल भरकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया है। भीड़ को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में पुलिस की तैनाती भी की गई है जहां कतारबद्ध दर्शन और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम व स्थानीय प्रशासन सक्रिय दिख रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती पर मुख्यमंत्री-राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की जयंती के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रीकृष्णापुरी में आयोजित राजकीय समारोह में स्व सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक पटना, जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत का गायन किया गया।

### पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने किया पौधरोपण,पेंशन बहाली की मांग

**पौड़ी गढ़वाल।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने शनिवार को पौड़ी सहित प्रदेशभर में एक पेड़ ओपीएस के नाम पौधा लगाया। इस दौरान सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठाई गई। शनिवार को आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों का कहना था कि 2005 के बाद कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की जगह बाजार आधारित राष्ट्रीय पेंशन योजना दी गई। जिससे कर्मचारी परेशान है। लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग किए जाने के बाद भी कर्मचारी की मांग पूरी नहीं की जा रही है। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम पोखरियाल ने कहा कि कार्मिकों की ओर से लगातार संघर्ष के बाद एनपीएस में सरकार की ओर से कई फ़ेर बदल किए गए। लेकिन अब यूपीएस की ओर से अपने कर्मचारियों को एक और धोखा दिया गया है। प्रदेश महामंत्री जयदीप रावत ने कहा कि कर्मचारियों का मानना है कि जब तक जीपीएफ आधारित पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक संघर्ष जारी रहेगा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को प्रदेश में कार्मिकों की ओर से एक पेड़ पुरानी पेंशन के नाम पर लगाते हुए पर्यावरण को संरक्षित करते हुए अपने भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने निर्माणाधीन एसडीआरएफ के मुख्यालय तथा बिहटा दानापुर एलिवेटेड सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बिहटा में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय परिसर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक भवन के प्रथम तल एवं तृतीय तल का निरीक्षण कर उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर में बचे हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाकर इसे जल्द पूर्ण करायें। इस मुख्यालय परिसर तक सुगमतापूर्वक आवागमन हो सके, इसका ख्याल रखें। राज्य आपदा मोचन बल के मुख्यालय परिसर के नवनिर्मित भवनों पर सोलर पैनल का अधिष्ठापन सुनिश्चित कराएं, इससे बहुत



फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने सभी सरकारी भवनों पर सोलर पैनल लगाने का निर्णय लिया है और इस दिशा में काम पहले से हो रहा है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन बिहटा-दानापुर एलिवेटेड सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह निर्माणाधीन एलिवेटेड पथ फोरलेन होगा, जिसमें चार बाईपास (नेऊरागंज, पैनाल, कन्हौली और विशुनपुरा) होंगे। यह पटना-बक्सर फोरलेन सड़क का अहम हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि बिहटा-दानापुर एलिवेटेड परियोजना की लंबाई 25.081 किलोमीटर है जो दानापुर रेलवे स्टेशन से शुरु होकर कोईलवर ब्रिज को संपर्कता प्रदान करेगी। इस परियोजना की लागत 1969.39 करोड़ रुपये है, जिसका निर्माण सीईगल इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना की प्रारंभ तिथि 11 मार्च 2024 है, जबकि समापन तिथि 06 सितबर 2026 निर्धारित की गयी है। बिहटा दानापुर एलिवेटेड परियोजना का पहला पड़ाव निर्धारित समय से 2 महीने पहले ही पूर्ण हो चुका है और वर्तमान प्रगति 30.07 प्रतिशत है। इस फोरलेन एलिवेटेड पथ में कुल 387 पिलर है, जिनमें से 289 का कार्य प्रगति पर है। इसमें 4 बड़े पुल, 10 छोटे पुल, 37 पुलिया और 1 अंडरपास है, जिसका कार्य प्रगति पर है। इस परियोजना के पूर्ण होने से कोईलवर से दानापुर तक यातायात सुगम होगा और सुचारु रूप से वाहनों का परिचालन होने से ईंधन तथा समय की भी बचत होगी। यह परियोजना बिहटा हवाई अड्डे को विशेष कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, साथ ही पटना की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

## नांगली डेयरी की झुग्गियों को लेकर आआपा के निशाने पर भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आम आदमी पार्टी (आआपा) की नेता आतिशी ने शनिवार को नांगली डेयरी की झुग्गियों को तोड़ने के लिए जारी आदेश पर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जहां झुग्गी वहां मकान का वादा किया था लेकिन अब वहां मैदान बना रही है। आआपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा कि सरकार ने एक और झुग्गी-बस्ती को तोड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। मद्रासी कैंप और वजीरपुर के साथ दिल्ली की कई बस्तियों को तोड़ने के बाद अब नांगली डेयरी की झुग्गियों को तोड़ने की तैयारी हो रही है। वहां नोटिस लगा दिए गए हैं और बुलडोजर कभी भी आ सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले नेता झुग्गियों में गए थे। वहां उन्होंने खाना खाया, बच्चों के साथ कैरम खेला और रात भी बिताई। अब चुनाव के बाद सरकार उन्हीं झुग्गियों को तोड़ रही है। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान 'जहां झुग्गी-वहां मकान' का वादा किया था लेकिन सरकार में आते ही उन्होंने झुग्गियों पर बुलडोजर चलवाकर गरीबों को बेघर कर दिया।

# सदर बाजार मार्केट में लगी आग




कैनविज टाइम्स संवाददाता


नई दिल्ली। उत्तरी जिले के सदर बाजार में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 24 गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। फिलहाल दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए हैं। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 3.49 बजे सूचना मिली कि सदर बाजार मैन मार्केट की मटके वाली गली में आग लग गई है। सूचना मिलते ही अलग-अलग दमकल स्टेशन से 24 गडियों को मौके पर भेजा गया। फिलहाल दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए है।

# ऑपरेशन कालनेमि: फर्जी बाबाओं पर कार्रवाई को लेकर संत समाज में मतभेद

कैनविज टाइम्स संवाददाता


हरिद्वार। उत्तराखंड की धामी सरकार ने फर्जी बाबाओं के खिलाफ 'ऑपरेशन कालनेमि' शुरू किया है। पहले दिन देहरादून में एक बांग्लादेशी नागरिक समेत 28 और हरिद्वार में 13 फर्जी बाबाओं को गिरफ्तार किया गया। दूसरे दिन श्यामपुर कोतवाली पुलिस ने 18 फर्जी बाबाओं को हिरासत में लिया। इस कार्रवाई को लेकर संत समाज में मतभेद उभरे हैं। कुछ संत इसे सही कदम मानते हैं, जबकि अन्य इसे दिखावटी बताते हुए कहते हैं कि सरकार केवल छोटे स्तर के भिक्षुकों को निशाना बना रही है, न कि असली 'कालनेमियों' को। शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि यदि सरकार फर्जी बाबाओं पर लगाम कसने के लिए वाकई संजीदा है तो सरकार को इसके लिए कानून बनाना चाहिए। सरकार को चाहिए की फर्जी बाबाओं की पहचान का जिम्मा अखाड़ों, मठों और संतों से जुड़ी संस्थाओं को सौंपे और सरकार इसमें संतों का सहयोग करे। कारण की असली नकली की पहचान संत ही कर सकता है। सरकार कैसे असली नकली की पहचान कर सकती है। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज का कहना है कि सरकार और पुलिस प्रशासन के पास क्या सोर्स है कि सरकार साधु और कालनेमि में फर्क करे। स्वामी आनन्द स्वरूप महाराज का कहना है कि जो कालनेमि बड़े-बड़े मठ बनाकर बैठे हैं और भगवाधारण कर व्यापार में संलिप्त हैं, उनकी पहचान कर उनको दण्डित करने का कार्य करना चाहिए। उधर श्री शंभू पंचदशनाम आवाह्न अखाड़े के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने भी आपरेशन कालनेमि पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि यदि सरकार कालनेमियों पर शिकंजा कसने के लिए वाकई संजीदा है, तो उसे चाहिए की पहले वह सभी आश्रम-अखाड़ों की सूची तैयार करे और वहां निवास करने वाले प्रत्येक साधु की जांच कराए। बाबा बनने से पहले से लेकर आज तक की सभी गतिविधियों को जांच में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ऐसा करती है तो बड़ी-बड़ी मछलियां इस जाल में फंसेंगी और कालनेमियों से तीर्थनगरी एक माह में ही साफ हो जाएगी।

# आईआईटी दिल्ली में अत्याधुनिक एमआरआई रिसर्च सुविधा का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संस्थान के लिए अत्याधुनिक मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) अनुसंधान सुविधा का शनिवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. बनर्जी ने कहा कि यह सुविधा विज्ञान, इंजीनियरिंग और चिकित्सा के संगम पर अनुसंधान को बढ़ावा देगी और स्वास्थ्य सेवा में प्रभावशाली बदलाव लाने में सहायक होगी। यह एमआरआई रिसर्च सुविधा आईआईटी दिल्ली के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग केंद्र (सीबीएमई) में स्थापित की गई है। आरंभ में इसमें फैंटम आधारित अध्ययन किए जाएंगे और आवश्यक नियामकीय स्वीकृतियों के बाद वॉलंटियर्स पर क्लिनिकल अनुसंधान भी किया जाएगा। इसके साथ ही यह सुविधा मेडिकल इमेजिंग पाठ्यक्रम में नामांकित छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी। यह अनुसंधान केंद्र 1.5 टेस्ला क्लिनिकल-ग्रेड एमआरआई स्कैनर से सुसज्जित है और भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में पहली ऐसी सुविधा है, जो पूरी तरह से अनुसंधान और शिक्षण को समर्पित है। आमतौर पर अस्पतालों में मौजूद एमआरआई सेटअप की तुलना में यह सुविधा अनुसंधानकर्ताओं को नवाचार के लिए स्वतंत्र वातावरण प्रदान करती है। इसके माध्यम से नई इमेजिंग तकनीक, कॉन्ट्रास्ट एजेंट्स का विकास, इमेजिंग प्रोटोकॉल्स का अनुकूलन, एमआर-अनुकूल उपकरणों का निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से इमेज प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान संभव होगा।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063